नई दिल्ली
मंगलवार, 16 सितंबर 2025
अश्विन मास कृष्ण पक्ष,
दशमी वर्ष : 29, अंक : 153
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 26

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

सुप्रीम कोर्ट की दो टूक, कहा



# नहीं माने तो... पूरा एसआईआर ही रद्द कर देंगे

» **कोर्ट ने चेताया कहा रद्द करना पड़ा तो पूरे देश में लागू होगा**

» **आखिरी सुनवाई 7 अक्टूबर को होगी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा हो रहे वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि अगर चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार अवैध गतिविधि होती है तो फिर कोर्ट पूरी प्रक्रिया को ही रद्द कर सकता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर ऐसा फैसला लिया गया तो वो केवल बिहार के एसआईआर के लिए नहीं बल्कि पूरे देश पर लागू होगा। एसआईआर पर जारी सुनवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वे इस मामले में कोई भी फैसला टुकड़ों-टुकड़ों में नहीं दे सकते। इसलिए जो भी फैसला होगा, वह पूरे देश के लिए लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वह यह मानता है कि एक संवैधानिक प्राधिकारी के तौर पर भारत निर्वाचन आयोग वोटर लिस्ट के गहन पुनरीक्षण का काम पूरा करने में कानून और अनिवार्य सभी नियमों का पालन कर रहा है। बिहार एसआईआर की वैधता पर आखिरी बहस के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 7 अक्टूबर 2025 की तारीख तय की है। बता दें कि 8 सितंबर 2025 को आदेश दिया था कि एसआईआर की प्रक्रिया के तहत वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए जरूरी 11 दस्तावेजों के अलावा, आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के तौर पर शामिल किया जाए।

### विपक्ष ने उठाए चुनाव आयोग पर सवाल

बता दें कि विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग के एसआईआर अभियान पर सवाल उठाए थे। इसके चलते ही सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर पर सुनवाई हो रही है। विपक्ष द्वारा कथित तौर पर उचित सत्यापन के बिना वास्तविक मतदाताओं के नाम हटा दिए जाने की बात कही गई है, जिसको लेकर लगातार सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई का दौर जारी है। ऐसे में यह उम्मीद की जा सकती है, कि सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई से इस मामले का आखिरी रास्ता दिख सकता है।

सुप्रीम कोर्ट के 2 जजों की बेंच ने वक्फ कानून के खिलाफ दायर 5 याचिकाओं पर की सुनवाई

# वक्फ कानून बरकरार, 3 सदस्य गैर-मुस्लिम हो सकेंगे, लेकिन 5 साल की शर्त खारिज

**कोर्ट ने कहा कि उचित नियम बनने तक यह प्रावधान लागू नहीं होगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कुछ महीने पहले संसद के बजट सत्र में जब वक्फ बोर्ड (संशोधन) अधिनियम 2025 पेश हुआ, तो देश के कई हिस्सों में इसका विरोध किया गया। दोनों सदनों में बहुमत से पास होने के बाद राष्ट्रपति ने भी इसे मंजूरी दे दी। वहीं, अब वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी है।

अदालत ने फिलहाल उस प्रावधान पर रोक लगाई है, जिसमें वक्फ बोर्ड का सदस्य बनने के लिए कम से कम 5 साल तक इस्लाम का पालन करने की शर्त रखी गई थी। कोर्ट ने कहा कि इस संबंध में उचित नियम बनने तक यह प्रावधान लागू नहीं होगा। इसके अलावा, धारा 3(74) से जुड़े राजस्व रिकॉर्ड के प्रावधान पर भी रोक लगाई गई है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि कार्यपालिका किसी भी व्यक्ति के अधिकार तय नहीं कर सकती। जब तक नामित अधिकारी की जांच पर अंतिम निर्णय न हो और जब तक वक्फ संपत्ति के मालिकाना हक का फैसला वक्फ ट्रिब्यूनल और हाई कोर्ट द्वारा न हो जाए, तब तक वक्फ को उसकी संपत्ति से बेदखल नहीं किया जा सकता। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि ▶▶ शेष पेज 7 पर

**कोर्ट ने वक्फ बाय यूजर को लेकर कोई फैसला नहीं दिया**

> *कोर्ट ने साफ किया कि कार्यपालिका किसी भी व्यक्ति के अधिकार तय नहीं कर सकती*



### तो वक्फ का माना जाएगा

सीजेआई बीआर गवई की अगुवाई वाली 2 जजों की बेंच ने वक्फ कानून के खिलाफ दायर 5 याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान एडवोकेट कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी और धवन पैरवी ने याचिकाकर्ताओं का पक्ष रखा। वहीं, सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता कोर्टरूम में मौजूद थे। कोर्ट ने वक्फ बाय यूजर को लेकर कोई फैसला नहीं दिया है। गौरतलब है कि पहले के कानून में वक्फ बाय यूजर का प्रावधान था। यानी किसी संपत्ति पर यदि वक्फ का कब्जा लंबे समय से है तो वह वक्फ का माना जाएगा, चाहे बोर्ड के पास उस संपत्ति के कागजात हो या न हो।

## सुप्रीम कोर्ट ने कुछ धाराओं पर लगाई रोक

### कार्यपालिका के अधिकारों पर दिखाया आइना

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी कलेक्टर या कार्यपालिका को संपत्ति के अधिकार तय करने की अनुमति देना शक्तियों के पृथक्करण के खिलाफ है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि जब तक धारा 3(सी) के तहत वक्फ संपत्ति के मालिकाना हक का अंतिम फैसला वक्फ ट्रिब्यूनल और हाई कोर्ट से नहीं हो जाता, तब तक न तो वक्फ को संपत्ति से बेदखल किया जाएगा और न ही राजस्व रिकॉर्ड से छेड़छाड़ होगी। साथ ही, इस दौरान किसी तीसरे पक्ष के अधिकार भी नहीं बनाए जाएंगे।

## कोर्ट का फैसला: पहले क्या था अब क्या होगा

### कौन बन सकेगा वक्फ बोर्ड का सदस्य

- **पहले:** वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 में प्रावधान था कि पांच साल से ज्यादा समय तक इस्लाम धर्म का पालन करने वाले ही वक्फ बोर्ड के सदस्य बन सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रावधान पर रोक लगा दी।
- **अब:** कोर्ट के अनुसार, जब तक राज्य सरकारें इस संदर्भ में कोई उचित नियम नहीं बना लेती, तब तक वक्फ बोर्ड का सदस्य बनने के लिए यह शर्त लागू नहीं होगी।

### गैर-मुस्लिमों की संख्या कितनी

- **पहले:** वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 में प्रावधान किया गया था कि वक्फ बोर्ड के 11 सदस्यों में गैर-मुस्लिम सदस्य भी शामिल होंगे।
- **अब:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वक्फ बोर्ड में 3 से ज्यादा गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं हो सकते हैं। वहीं, केंद्रीय वक्फ परिषद में भी 4 से ज्यादा गैर-मुस्लिम सदस्य शामिल नहीं होंगे। इसके साथ कोर्ट ने कहा है कि अगर मुमकिन हो तो किसी मुस्लिम सदस्य को ही बोर्ड का सीईओ बनाया जाना चाहिए।

### जिला कलेक्टर के अधिकार पर क्या कहा

- **पहले:** वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के अनुसार, वक्फ बोर्ड जिस भी संपत्ति पर अतिक्रमण करेगा, वो संपत्ति सरकारी है या नहीं? यह तय करने का अधिकार जिला कलेक्टर के पास था।
- **अब:** इस पर रोक लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जिला कलेक्टर को नागरिकों के व्यक्तिगत अधिकारों पर फैसला लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। यह शक्तियों के पृथक्करण का उल्लंघन होगा।

### 5 साल वाली शर्त खारिज

*मुख्य आपत्ति धारा 3(आर), 3(सी), 3(डी), 7 और 8 सहित कुछ धाराओं पर थी। इनमें से धारा 3(आर) के उस प्रावधान पर कोर्ट ने रोक लगा दी, जिसमें वक्फ बोर्ड का सदस्य बनने के लिए पांच साल तक इस्लाम का पालन करने की शर्त रखी गई थी। अदालत ने कहा कि जब तक सरकार इस पर स्पष्ट नियम नहीं बनाती, तब तक यह प्रावधान लागू नहीं होगा, वरना यह मनमाना साबित हो सकता है।*



### अंतरिम आदेश का स्वागत: रिजिजू

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ संसोधन अधिनियम 2025 को लेकर सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने एक तरह से भारत की संसद के फैसले को बरकरार रखा है। उन्होंने यह भी कहा कि जब काई कानून संसद में बनाया जाता है तो उसे खारिज नहीं किया जा सकता। इसी बात पर आज सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगाई है।

कोलकाता में सोमवार को संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए बोले पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री ने सराहा 'ऑपरेशन सिंदूर' में सेनाओं का पराक्रम, जारी किया 'विजन-2047' दस्तावेज

- रक्षा मंत्रालय को प्रधानमंत्री का निर्देश, भावी चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक संयुक्तता, आत्मनिर्भरता और नवाचार के लिए तेजी से लागू किए जाएं ठोस उपाय



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश की सीमाओं पर बनी हुई सुरक्षा चुनौती के बीच सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता में पूर्वी सैन्य कमांड मुख्यालय (विजय दुर्ग) में तीनों सशस्त्र सेनाओं के 16 वें संयुक्त कमांडर सम्मेलन (ट्रिपल-सी) का उद्घाटन किया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए किए गए भारत के सैन्य अभियान ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीएम की देश के शीर्ष सैन्य-सुरक्षा नेतृत्व के साथ हुई यह पहली प्रत्यक्ष बैठक थी। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्रिपल-सी के दौरान अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री को ऑपरेशन सिंदूर से उत्पन्न हुई नई परिस्थितियों के संदर्भ में सेनाओं की रणनीतिक तैयारियों और उभरती हुई तकनीक व रणनीति के साथ भविष्य के युद्ध के बारे में विस्तार से ▶▶ शेष पेज 7 पर

## राष्ट्र की तरक्की में महिला सशक्तिकरण की भूमिका महत्वपूर्ण: हरिवंश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने आज तिरुपति में आयोजित महिला सशक्तिकरण पर विधान समितियों के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया। यह सम्मेलन ऐतिहासिक रहा क्योंकि 1997 में महिला सशक्तिकरण समिति की स्थापना के बाद पहली बार संसद और विभिन्न राज्य विधानसभाओं की समितियाँ एक मंच पर एकत्र हुईं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन अधिक बार होने चाहिए ताकि न केवल चुनौतियों की पहचान हो, ▶▶ शेष पेज 7 पर

टैरिफ संकट के बीच आज फिर से शुरू होगी भारत-यूएस व्यापार वार्ता

## दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में मददगार साबित होगी बातचीत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



50 फीसदी टैरिफ की वजह से संबंधों में आई दरार के मध्य मंगलवार से भारत और अमेरिका के बीच एक बार फिर से द्विपक्षीय व्यापार वार्ता की शुरुआत होगी। जिसके लिए अमेरिका के उप-व्यापार प्रतिनिधि ब्रैंडन लिंच के सोमवार तक भारत पहुंचने की संभावना है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि भारत की तरफ से व्यापार समझौते से जुड़ी हुई इस महत्वपूर्ण बातचीत में केंद्र सरकार के ▶▶ शेष पेज 7 पर

प्रथम श्रेणी की हत्या का आरोप लगाकर कानून के तहत दी जाएगी अधिकतम सजा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दो टूक...

## बख्शा नहीं जाएगा भारतवंशी चंद्रमौली नागमल्लैया का हत्यारा

- बोले ट्रंप, ऐसे अवैध अप्रवासी अपराधियों के खिलाफ अब नरमी बरतने की समय-सीमा हुई समाप्त

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पिछले सप्ताह टेक्सास के डलास शहर में भारतीय मूल के एक 50 वर्षीय मोटल मैनेजर चंद्रमौली नागमल्लैया की गला रेत कर की गई दिल-दहला देने वाली हत्या के मामले में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसमें उन्होंने बेहद कड़े अंदाज में है कहा कि मैं और मेरा प्रशासन एक बार फिर से अमेरिका ▶▶ शेष पेज 7 पर

एसआईटी वनतारा के कामकाज से संतुष्ट

# वनतारा को मिली सुप्रीम कोर्ट की क्लीन चिट, केस खारिज

## मानहानि का मुकदमा करने को स्वतंत्र है वनतारा – सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीमकोर्ट ने वनतारा पर लगे सभी आरोपों को खारिज करते हुए उसे क्लीन चिट दे दी है। शीर्ष अदालत, गुजरात के जामनगर में रिलायंस फाउंडेशन द्वारा संचालित वनतारा (ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर) की जाँच की माँग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। वनतारा पर जो आरोप लगाए गए थे, भविष्य में वैसे ही आरोपों पर की गई शिकायतों या कार्यवाही पर भी शीर्ष अदालत ने कुछ शर्तों के साथ रोक लगा दी है। वनतारा और संबंधित अधिकारियों को एसआईटी द्वारा सुझाए गए उपायों पर विचार करने और उन्हें लागू करने का निर्देश भी कोर्ट ने दिया। इससे पहले मामले की जाँच कर रही सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त एसआईटी ने भी अपनी रिपोर्ट में जामनगर स्थित प्राणी बचाव एवं पुनर्वास केंद्र वनतारा को क्लीन चिट दे दी थी। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया और कहा कि वनतारा में अनुपालन और नियामों की पालना के मुद्दे को लेकर एसआईटी संतुष्ट है।एसआईटी की रिपोर्ट को सीलबंद करके, गोपनीय रखने का आदेश कोर्ट ने दिया। हालांकि वनतारा को उसके अपने उपयोग के लिए इसकी प्रति उपलब्ध कराई जाएगी। शीर्ष कोर्ट ने एसआईटी की जांच के निष्कर्षों को गोपनीय नही माना। कोर्ट ने कहा कि "हम प्रतिवादी - वनतारा को किसी भी आपत्तिजनक प्रकाशन को हटाने या गलत सूचना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने या मानहानि के लिए कार्रवाई करने की स्वतंत्रता देते हैं।

" कोर्ट ने मीडिया और सोशल मीडिया में आई खबरों और गैर-सरकारी संगठनों व वन्यजीव संगठनों की विभिन्न शिकायतों के आधार पर वनतारा के खिलाफ अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए एक सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति जे. चेलमेश्वर की अध्यक्षता में चार सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। पिछले माह 25 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी गठन का आदेश दिया था। एसआईटी ने शुक्रवार को सीलबंद लिफाफे में अपनी रिपोर्ट कोर्ट को सौंप दी थी।''

'' कोई भी इस तथ्य से इंकार नहीं कर सकता कि न्यायमूर्ति चेल्लमेश्वर हमारे समय के सबसे बड़े न्यायविद हैं। उन्हें राजनीतिक वर्ग और अन्य सभी के दबावों और खींचातानी से अप्रभावित देखा गया है। वे एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखे जाते हैं जिनके पास दिल है, जो तर्क की आवाज़ हैं और जो धारा के विपरीत तैरने से भी नहीं डरते। वे असहमति की सबसे मज़बूत ताकत और असहमत लोगों की सबसे बड़ी आशा हैं। जब वे किसी विषय पर अपनी राय रखते हैं, तो वे ऐसा नैतिक साहस के साथ करते हैं, जो आज के समय में बहुत कम लोगों के पास है। जब उन्होंने वंतारा में भी कोई गलती नहीं पाई, तो यह न केवल सबसे कट्टर आलोचकों को भी आश्वस्त करना चाहिए बल्कि उन्हें हमेशा के लिए चुप करा देना चाहिए। ''

### पृष्ठभूमि

* दो रिट याचिकाओं में वनतारा (ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर एवं राधे कृष्णा टेंपल एलीफ़ेंट वेलफ़ेयर ट्रस्ट) में अवैधताओं और अनियमितताओं के आरोप लगाए गए थे।
* इससे पहले (25.08.2025) न्यायालय ने कोई ठोस प्रमाण नहीं पाया था, लेकिन गंभीरता को देखते हुए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों और वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में तथ्यान्वेषी जाँच के लिए एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया।

### एसआईटी जाँच


* SIT ने कई भारतीय एवं विदेशी संस्थाओं (CZA, CBI, ED, DRI, कस्टम्स, CITES निकाय आदि) के साथ समन्वय किया।
* अभिलेखों, हलफ़नामों, स्थल निरीक्षण, विशेषज्ञ राय और व्यक्तिगत सुनवाई की जाँच की।
* पशु अधिग्रहण, तस्करी, अवैध लेन-देन, पशु कल्याण, संरक्षण, वित्तीय अनियमितताओं और पर्यावरणीय मुद्दों से संबंधित आरोपों की जाँच की।

### मुख्य निष्कर्षः

1. कोई कानूनी उल्लंघन नहींः
* वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972, ज़ू नियम, CZA दिशा-निर्देश, कस्टम्स अधिनियम, FEMA, PMLA या CITES का कोई उल्लंघन नहीं पाया गया।
* सभी अधिग्रहण और आयात विधिवत अनुमति प्राप्त एवं दस्तावेज़ित पाए गए।

**वनतारा अर्थात जंगल का तारा :** रिलायंस इंडस्ट्रीज की परोपकारी शाखा, रिलायंस फाउंडेशन द्वारा स्थापित एक पशु बचाव, देखभाल और पुनर्वास पहल है। यह भारत के गुजरात के जामनगर जिले के मोतीखावड़ी गाँव में 3,500 एकड़ की हरित पट्टी में स्थित है। इस परियोजना को आधिकारिक तौर पर 26 फरवरी 2024 को लॉन्च किया गया था और बाद में 4 मार्च 2025 को भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसका उद्घाटन किया गया था।



2. पशु कल्याण एवं सुविधाएँः
* वनतारा की सुविधाएँ कल्याण, प्रबंधन एवं पशु-चिकित्सा देखभाल के निर्धारित मानकों से बेहतर पाई गईं।
* मृत्यु दर वैश्विक प्राणी उद्यानों के औसत के अनुरूप पाई गई।
* ग्लोबल ह्यूमेन सोसाइटी द्वारा "ग्लोबल ह्यूमेन सर्टिफ़ाइड™ सील ऑफ़ अप्रूवल" प्रदान किया गया।
3. वित्तीय आरोपः
* कार्बन क्रेडिट, पानी या मनी लॉनड्रिंग के दुरुपयोग के दावे निराधार पाए गए।
* धन के प्रवाह में कोई अनियमितता या तस्करी से संबंध नहीं पाया गया।
4. बार-बार की जाने वाली शिकायतेंः
* न्यायालय ने नोट किया कि वनतारा के विरुद्ध बार-बार इसी तरह के आरोप लगाए गए, जिनका कोई आधार नहीं निकला।
* ऐसी अटकलों पर आधारित याचिकाओं को प्रक्रिया का दुरुपयोग माना गया।

### न्यायालय के निर्देश :

* SIT की रिपोर्ट सीलबंद की गई; वंतारा को आंतरिक उपयोग हेतु पूर्ण प्रति दी जाएगी।
* SIT रिपोर्ट का सार गोपनीय नहीं है और न्यायालय के आदेश का हिस्सा है।
* अनुसूची A में उल्लिखित सभी शिकायतें/याचिकाएँ समाप्त मानी जाएँगी।
* समान आरोपों पर भविष्य में किसी भी मंच पर कोई नई शिकायत स्वीकार नहीं की जाएगी।
* वनतारा एवं संबंधित प्राधिकरणों को SIT द्वारा सुझाए गए उपायों को लागू करना होगा।
* वनतारा मानहानिकारक प्रकाशनों के विरुद्ध कानूनी उपाय कर सकता है।
* SIT सदस्यों (सेवारत IRS अधिकारी को छोड़कर) को उनके कार्य हेतु मानदेय प्रदान किया गया।

### निष्कर्षः

सुप्रीम कोर्ट ने SIT की जाँच को पूर्णतः स्वीकार करते हुए मामलों को बंद कर दिया और समान मुद्दों पर बार-बार मुकदमेबाज़ी पर रोक लगा दी। न्यायालय ने वनतारा के कल्याण मानकों और संरक्षण प्रयासों की प्रशंसा की और निराधार आरोप लगाने के प्रति सावधान किया।



## द्वारका पुलिस की कार्रवाई

# नंदू गिरोह के 25 ठिकानों पर छापेमारी करोड़ों की जूलरी, कैश और गाड़ियां जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका जिले की 25 टीमों द्वारा सोमवार तड़के कपिल सांगवान उर्फ नंदू और विक्की टक्कर गिरोह के दिल्ली और हरियाणा स्थित दो दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान 50 लाख कीमत की जूलरी, 34.75 लाख कैश, बुलेट प्रूफ फार्चूनर समेत दो कार, 14 महंगी घड़ियां और वॉकी टॉकी सेट बरामद किया गया।

डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार द्वारका और बाहरी इलाकों में गैंगस्टरवाद की रीढ़ तोड़ने के लिए एक समन्वित और व्यापक छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। 25 अलग-अलग टीमों द्वारा दिल्ली में 19 और हरियाणा में 6 स्थानों पर छापे मारे गए। कपिल सांगवान उर्फ नंदू के फाइनेंसर के घर से 34.75 लाख रुपये की भारी नकदी और 50 लाख रुपये से अधिक मूल्य के सोने के आभूषण बरामद किए गए। इसके अलावा 8 देशी पिस्तौल, 29 कारतूस और तीन मैगजीन भी बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान गोलीबारी जबरन वसूली के मामलों में शामिल छह आदतन अपराधियों को गिरफ्तार भी किया गया। तलाशी अभियान के दौरान विदेशों से गिरोह चलाने वाले बदमाशों से संबंध का पता लगाने के लिए मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी कब्जे में लिए गए हैं। इन उपकरणों का विश्लेषण जारी है। गिरफ्तार किये गये बदमाशों में पवन उर्फ प्रिंस (18) पुत्र पदम, निवासी सैनिक नगर, बहादुरगढ़, को पिस्तौल और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। वह कपिल सांगवान गिरोह का शूटर बताया गया है। प्रिंस पूर्व में राज मंदिर स्टोर, पश्चिम विहार और छावला स्थित एक वर्कशॉप पर गोलीबारी और जबरन वसूली के चर्चित मामले में शामिल रहा है। हिमांशु उर्फ मच्छी (24) पुत्र कुलदीप सिंह, निवासी सीतापुरी, पार्ट 2, डाबड़ी को देशी पिस्तौल और जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा। वह विक्की टक्कर गिरोह का सदस्य है और पूर्व में हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के सात मामलों में शामिल रहा है। प्रशांत (32) पुत्र जय भगवान, निवासी पूर्वी कृष्णा विहार, नजफगढ़ को भी एक पिस्तौल और दो कारतूसों के साथ पकड़ा। वह कपिल सांगवान गैंग का शार्प शूटर है और पहले गोलीबारी, जबरन वसूली और आर्म्स एक्ट के 11 मामलों में शामिल रहा है। चौथे आरोपी का नाम राहुल दिवाकर उर्फ मनप्रीत (25) पुत्र रमेश, निवासी विश्वास पार्क, उत्तम नगर, सूर्या मॉडल स्कूल के पास, डाबड़ी है। इसका संबंध भी विक्की टक्कर गिरोह से पता चला है। वह पहले हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और कार चोरी के 20 मामलों में शामिल रहा है। अंकित ढींगरा उर्फ नोनी (34) पुत्र अशोक ढींगरा, निवासी एफ ब्लॉक सुल्तानपुरी पहले हथियार और डकैती के 10 मामलों में गिरफ्तार हो चुका है। हाल ही में वह कपिल सांगवान के फाइनेंसर मोनू ढींगरा के संपर्क में था। परवीन उर्फ डॉक्टर (35) पुत्र धर्मबीर, निवासी धरमपुरा, नजफगढ़ पहले 25 से ज्यादा आपराधिक मामलों में शामिल रहा है और नजफगढ़ थाने का बीसी भी है। इन आरोपियों के अलावा 26 लोगों को और हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ जारी है।



## गर्लफ्रेंड की हत्या में फरार एक लाख का इनामी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने गर्लफ्रेंड की हत्या में फरार एक लाख के इनामी हत्यारोपी को भारत नेपाल सीमा से गिरफ्तार किया है। आरोपी हाल ही में नेपाल में चल रहे आंदोलन के दौरान जेल से भागा था। अर्जुन कुमार उर्फ भोला (31) निवासी ग्राम चौसा, डाकघर दुबौली, थाना पानापुर, जिला छपरा, बिहार ने प्रेमिका के शादी से इनकार करने पर उसकी चाकू से गला रेतकर नृशंस हत्या कर दी थी। यह वारदात न्यू अशोक नगर थाना इलाके में सामने आई थी। दरअसल 17 नवंबर 2017 को शिकायतकर्ता पप्पू सिंह पुत्र काली चरण निवासी ई-410, प्रथम तल, न्यू अशोक नगर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी का अपहरण कर लिया गया है। उन्होंने अपहरण के लिए अर्जुन उर्फ भोला और पिंटू पर संदेह जताया था। इस शिकायत के आधार पर थाना न्यू अशोक नगर में धारा 365/34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद पीड़िता का शव अर्जुन द्वारा किराए पर लिए गए कमरे से बरामद किया गया था। पीड़िता की बेरहमी से हत्या की गई थी और उसकी गर्दन पर कई बार चाकू से वार किये गये थे। इसके बाद मामले में धारा 302 आईपीसी भी जोड़ी गई। लगातार प्रयासों के बावजूद अर्जुन का पता नहीं चल सका था। 1 जनवरी 2024 को उसकी गिरफ्तारी हेतु सूचना देने पर एक लाख के नकद इनाम की घोषणा की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच अपराध शाखा को सौंपी गई थी। आगे की जांच के दौरान पता चला कि आरोपी नेपाल भाग गया था। नेपाल में रहते हुए उसने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या का एक ऐसा ही अपराध किया, जिसमें उन्होंने अपने सहयोगी की प्रेमिका की हत्या की थी। हत्या तब की गई थी जब लड़की ने रिश्ता खत्म करने की कोशिश की थी। आरोपी नेपाल की एक जेल में बंद था। हाल ही में अपराध शाखा को आरोपी के जेल से भागने की सूचना मिली। इसके बाद एक टीम नेपाल बॉर्डर पहुंची। आरोपी अर्जुन कुमार रक्सौल सीमा के रास्ते भारत-नेपाल सीमा पार कर गया था। सूचना तुरंत इंस्पेक्टर पंकज ठाकरान को दी गई जो हेड कांस्टेबल त्रिशपाल और राजेश के साथ रक्सौल सीमा की ओर रवाना हुए। आखिरकार अर्जुन को रक्सौल सीमा से सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया।

## बीएमडब्ल्यू एक्सीडेंट : कार चला रही बिजनेसमैन की पत्नी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली कैंट इलाके में रविवार दोपहर वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी की मोटरसाइकिल को बीएमडब्ल्यू कार से टक्कर मारने की आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला और उसका बिजनेसमैन पति भी हादसे में घायल हुआ था। गगनदीप कौर मक्कड़ (38) नामक महिला को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद अरेस्ट किया गया।

पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर दिल्ली छावनी मेट्रो स्टेशन के पास रिंग रोड पर हुई इस दुर्घटना में वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग के अधिकारी एवं हरिनगर निवासी नवजोत सिंह (52) की मौत हो गई थी, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हुई थी। दंपति गुरुद्वारा बंगला साहिब से घर लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि गगनदीप अपने पति परीक्षित मक्कड़ व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गुरुग्राम में रहती है। इनका लैदर का बिजनेस है। वे चमड़े की काठी, सीट, कवर, बेल्ट और अन्य उत्पाद बनाने का व्यवसाय करते हैं। पुलिस ने हादसे के संबंध में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281 (सार्वजनिक मार्ग पर लापरवाही से वाहन चलाना), 125बी (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाले कृत्य), 105 (गैर इरादतन हत्या) और 238 (अपराध के साक्ष्य को गायब करना, या अपराधी को बचाने के लिए गलत जानकारी देना) के तहत गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है।



### आरोपी महिला ने घायलों को 22 किमी दूर अस्पताल ले जाने पर दिया था जोर

हादसे के बाद आरोपी महिला चालक ने इस बात पर जोर दिया था कि पीड़ितों को करीब 22 किलोमीटर दूर स्थित अस्पताल ले जाया जाए। यह कहना है कि उस वैन चालक का जिसने चार घायलों को आजादपुर स्थित अस्पताल पहुंचाया था। वैन चालक मोहम्मद गुलफाम ने सोमवार को शोक संतप्त परिवार से मुलाकात के दौरान यह दावा किया। गुलफाम ने कहा कि हादसे के तुरंत बाद कई लोग घटनास्थल का वीडियो बना रहे थे, लेकिन किसी ने मदद नहीं की। मैं एक माल ढुलाई वाहन चला रहा था। वहां रूका और जब कार में सवार पुरुष और महिला ने मुझे उन्हें आजादपुर स्थित एक अस्पताल ले जाने के लिए कहा, तो मैंने घायलों को आजादपुर स्थित एक अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया उनकी हालत गंभीर थी। मैंने एम्बुलेंस का इंतजार नहीं किया। कुछ लोगों की मदद से मैं उन सभी को आजादपुर स्थित एक अस्पताल ले गया। करीब 20 से 25 मिनट बाद डॉक्टर ने नवजोत सिंह को मृत घोषित कर दिया। गुलफाम ने बताया कि सिंह की पत्नी ने अपनी चोटों के बावजूद उन्हें अपने घर का पता दिया। वह भी गंभीर रूप से घायल थी। उन्होंने मुझे पता दिया था, इसलिए मैं उनके परिवार से मिलने यहां आया। मैंने उन सभी की जान बचाने की कोशिश की, लेकिन यह नहीं हो सका। पुलिस गुलफाम का बयान दर्ज करने के लिए वित्त मंत्रालय के अधिकारी के घर गई।

## फर्जी वीजा रैकेट का पर्दाफाश, चार अफ्रीकी नागरिक पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण जिले के स्पेशल स्टाफ ने वीजा पासपोर्ट की जालसाजी के आरोप में चार अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से लैपटॉप, रंगीन प्रिंटर, मोबाइल, एटीएम कार्ड और जाली यात्रा दस्तावेज जब्त किये गये हैं। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार स्पेशल स्टाफ ने हाल ही में 355 ग्राम उच्च श्रेणी की कोकीन जब्त की थी। इस संबंध में महरौली थाने में केस दर्ज किया गया था। बरामदगी के साथ दो अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था। आगे की जांच में दिल्ली में अफ्रीकी नागरिकों द्वारा चलाए जा रहे एक जाली वीजा और पासपोर्ट रैकेट का पर्दाफाश हुआ है और चार अन्य अफ्रीकी नागरिकों न्वाचुकु बेंजामिन, इमैनुएल इफियानीचुकु, पॉल ओलिसामेका और प्रीशियस ओसासेरे को भी दबोच लिया गया। इनकी निशानदेही पर, एक लैपटॉप, एक कलर प्रिंटर, तीन पेन ड्राइव, सात मोबाइल फोन, दो पासबुक, पांच एटीएम डेबिट कार्ड, छह जाली पासपोर्ट वीजा और 17 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। पहले पकड़े गये दोनों अफ्रीकी नागरिकों के नाम बेंजामिन इजुचुकु (43) और कूलिबली मरियम (29) थे। इन्हें 10 सितंबर को छतरपुर से 355 ग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया था। दस्तावेज सत्यापन के दौरान उनके वीजा जाली पाए गए थे। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने खुलासा किया कि उनके जाली वीजा बुराड़ी संत नगर इलाके से संचालित न्वाचुकु बेंजामिन नामक एक अफ्रीकी नागरिक द्वारा तैयार किए गए थे। इसके अलावा जांच के दौरान निगरानी और तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से आरोपियों का बुराड़ी में पता लगाया गया और चार और अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया।




## पार्टी के बाद हुये झगड़े में चलाई तीन दोस्तों पर गोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- नजफगढ़ में फायरिंग से फैली दहशत
- पुलिस वारदात के बाद फरार आरोपी की तलाश में जुटी

नजफगढ़ के छावला इलाके में सोमवार सुबह फायरिंग की घटना से सनसनी फैल गई। इस घटना में तीन लोग घायल हो गये। इनके नाम भूपेंद्र, मनीष और आशीष बताये गये हैं। वारदात के बाद फरार आरोपी का नाम राजेश बताया गया है। घायल लोग और आरोपी दोस्त बताये जाते हैं। पार्टी के दौरान झगड़े में वारदात की बात सामने आ रही है।

पुलिस के अनुसार सूचा मिलने के बाद पीसीआर और नजफगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। पता चला कि चार युवक आपस में दोस्त है और उनमें किसी बात को लेकर बहसबाजी हुई, जिसके बाद गोली चली। इनमें से दो दिल्ली पुलिस द्वारा घोषित बदमाश भी हैं। पुलिस की जांच में पता चला कि रविवार रात चारों दोस्तों ने पार्टी में शराब पी थी। सुबह नाश्ता करने के लिये वह छावला बस स्टैंड पर आये थे। इस दौरान किसी बात को लेकर इनमें झगड़ा शुरू हो गया और बात गोली चलने तक आ गई। तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इनके पेट, हाथ और पैर में गोली लगी है। पुलिस ने बताया कि सभी मित्राउं, गोपाल नगर, नजफगढ़ और कैर गांव के रहने वाले हैं। पता चला कि जब राजेश ने एक दोस्त पर गोली चलाई और भागने लगा तो अन्य उसे पकड़ने के लिये दौड़े थे। इसी दौरान उसने गोलियां चलाई और सभी को अलग अलग जगह पर गोली लगी है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **तालिब पुत्रः** कमर **पताः** मिराज मस्जिद वाली गली ईदगाहा रोड सीलमपुर, दिल्ली, ने **FIR No. 00015/2022, U/s 379/411 IPC थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **तालिब,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **तालिब,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 00015/2022, U/s 379/411 IPC थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **तालिब,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव गर्ग
एल.डी. जेएमएफसी–11, कमरा नंबर 138
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/12072/N/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **विकास उर्फ विक्की पुत्रः** महेंद्र **पताः** मकान नंबर 283, गली नंबर 3 नंगली पुना, दिल्ली, ने **FIR No. 09/2010, U/s 379/411/34 IPC थानाः मौरिस नगर, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विकास उर्फ विक्की,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विकास उर्फ विक्की,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 09/2010, U/s 379/411/34 IPC थानाः मौरिस नगर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **विकास उर्फ विक्की,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री करणबीर सिंह
जेएमएफसी–02, कमरा नंबर 26
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/12267/N/2025**
**(Court Matter)**

## डीयू कुलपति की अध्यक्षता में हुई बैठक

# 'डूसू चुनाव में कोई भी राजनीतिक हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव 2025-26 में कोई भी राजनीतिक हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं है। इसके साथ ही सभी प्रिंसिपल अपने कॉलेजों में कुछ एमटीएस और पेंटरों को नियुक्त करें जो कि विरूपण पर ध्यान रखें और अगर कालेजों के अंदर या बाहर कहीं ऐसी स्थिति नज़र आती है तो तुरंत उसे ठीक करें। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने डूसू चुनाव को लेकर सोमवार को आयोजित हुई बैठक में यह बातें कही। उन्होंने कहा कि डूसू चुनाव 2025-26 के संचालन हेतु सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीसीपी (उत्तरी क्षेत्र) ने डूसू चुनावों के सुचारू संचालन के लिए हर संभव पुलिस व्यवस्था का आश्वासन दिया है।

डीयू से मिली जानकारी के अनुसार बता दें कि डूसू चुनाव 2025-26 के सुचारू संचालन के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय प्रशासन की एक बैठक का आयोजन सोमवार को हुआ। इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेज प्रो. बलराम पाणी, साउथ कैंपस की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी, रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता, प्रॉक्टर प्रो. मनोज कुमार, प्रो. राज किशोर शर्मा (मुख्य चुनाव अधिकारी), डॉ. राजेश सिंह (मुख्य रिटर्निंग ऑफिसर), राजा बंथा (डीसीपी उत्तरी जिला) और दिल्ली के अनेक पुलिस अधिकारी, विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, प्रोवोस्ट और विभिन्न छात्रावासों के वार्डन भी उपस्थित थे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि बैठक में यह निर्णय लिया गया कि निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वच्छ डूसू चुनाव सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएँगे। दिल्ली विश्वविद्यालय और दिल्ली पुलिस द्वारा सुचारू मतदान और चुनाव परिणामों की समय पर घोषणा सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाए जाएँगे। बताया गया कि दिल्ली विश्वविद्यालय और दिल्ली पुलिस लिंगदोह समिति की सिफारिशों और डूसू चुनाव दिशानिर्देशों के किसी भी उल्लंघन को कतई बर्दाश्त नहीं करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि कॉलेज का चुनाव मतपत्र के माध्यम से होगा और इसकी व्यवस्था कॉलेज द्वारा ही की जाएगी। ईवीएम केवल डूसू पदाधिकारियों के चुनाव के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी। कॉलेज के प्राचार्यों/विभागाध्यक्षों/डीन को समय-समय पर डूसू वेबपेज पर अधिसूचना के रूप में जारी निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण मोबाइल नंबर और प्रासंगिक निर्देश उपलब्ध कराए गए हैं।



### एनएसयूआई डूसू चुनाव जीतकर दिल्ली विश्वविद्यालय को बदलने में निभाएगी अहम भूमिका : पायलट

**नई दिल्ली।** राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री व कांग्रेस सचिव सचिन पायलट ने कहा है कि आगामी छात्र संगठन चुनाव में एनएसयूआई जीतकर दिल्ली विश्वविद्यालय को बदलने में अपनी अहम भूमिका निभाएगी। डूसू चुनाव में बहुत ही शानदार और संतुलित पैनल एनएसयूआई ने उतारा है, हमारे उम्मीदवारों की छवि छात्रों में बेहतर है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के नौजवान छात्रों की आवाज बैलट पेपर पर दिखाई देगी और हमारे सभी उम्मीदवार अच्छे बहुमत से जीतेंगे। पायलट एनएसयूआई उम्मीदवारों के समर्थन में सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में बोल रहे थे। इस मौके पर पायलट के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव व चारों उम्मीदवार मौजूद थे। पायलट ने उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करते हुए छात्रों से अपील की कि अपना वोट देकर भारी मतो से विजयी बनाए। पायलट ने कहा कि डूसू चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि आज देश में जो नकारात्मक माहौल बना है उसके लिए पूरी तरह भाजपा जिम्मेदार है। चाहे भाजपा की केन्द्र सरकार हो या दिल्ली की सरकार हो। दोनो जगह रिकॉर्ड तोड़, बेरोजगारी, शिक्षा का निजीकरण, फीस में बढ़ोत्तरी , नए कॉलेज न खोलने और सीटों को बढ़ाने की दिशा में कोई काम नही करना इनकी लापरवाही के सबूत है। उन्होंने कहा कि डूसू चुनाव में भाजपा की नकारात्मक गतिविधियों के खिलाफ वोट पड़ेगा और एनएसयूआई पैनल के सभी उम्मीदवार पूर्ण बहुमत के साथ विजयी होकर दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के हितों और कल्याण के लिए काम करेंगे। इस अवसर पर देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव ने राजनीति में बड़े-बड़े नेता दिए है।



**Directorate of Urban Administration & Development Technical Cell, Indravati Bhawan, Atal Nagar (C.G.)**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in.**

NIT No:- /TC/UAD/2025/ Nawa Raipur Dated:- / /2025

| SN | System Tender No. | Name of Work/Description of Work | Probable Amount of Contract (Rs. In Lakh) |
|---|---|---|---|
| 1 | 175501 | Improvement & Augmentation of Existing Water supply scheme for balance works of Akaltara Town Dist. Janjgir Champa on Lump sump Contract (From-F) | 1979.47 |

The Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in from **12.09.2025, 17.30 Hours.** (IST) on wards & Last date for Online Bid Submission is **06.10.2025 Up to 17:30 Hours.** Physical envelope containing original FDR and affidavit shall reach to this office on or before **08.10.2025, 16:30 Hours** by speed post only.

For more details of the tender and bidding process, please visit the above-mentioned portal.

**Chief Engineer**
**Urban Administration & Development, Atal Nagar**

G-252603489/3


सेवा पखवाड़ा
15 दिन, 75 सेवा
दिल्ली बोले
Thank You Modi Ji
सत्यमेव जयते
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
Government of National Capital Territory of Delhi
पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री मोदी जी ने दिल्ली को दी अनेक सौग़ातें
केंद्र का सहयोग, यमुना के लिए ₹9000 करोड़
यमुना सफाई
PM-UDAY
1731 अनधिकृत कॉलोनियों में 8 लाख परिवारों को मालिकाना हक़
INCOME TAX
₹12 लाख आय तक कोई इनकम टैक्स नहीं
PRADHAN MANTRI JAN-DHAN YOJANA
दिल्ली में 68 लाख+ जनधन खाते
DELHI METRO
दिल्ली मेट्रो का विस्तार 395 किमी तक
दिल्ली को ₹15,000 करोड़ की लागत से हाईवे व एक्सप्रेसवे का लाभ
GST में राहत, व्यापार में बढ़ावा
GST
27.5 लाख घरों तक नल कनेक्शन
आयुष्मान आरोग्य मंदिर
1139 आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वीकृत
2.6 लाख उज्ज्वला कनेक्शन दिल्ली में
PM-JAY
PM JAY लागू, ₹10 लाख तक स्वास्थ्य बीमा का लाभ
ncrtc
RRTS को ₹30,000 करोड़ + का बड़ा बजट
MODERN INFRASTRUCTURE
आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण
PM SVANidhi
पीएम स्वनिधि से 2 लाख स्ट्रीट वेंडर्स को लाभ
वय वंदना योजना
70+ हर बुज़ुर्ग को ₹10 लाख का स्वास्थ्य बीमा लाभ
समग्र शिक्षा अभियान
शिक्षा हेतु दिल्ली को ₹2350 करोड़ से अधिक का सहयोग
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर
उनकी जनसेवा और कर्तव्यनिष्ठा को नमन करते हुए,
दिल्ली सरकार द्वारा
सेवा पखवाड़ा
17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक
17 सितंबर - सुबह 6 बजे
इंडिया गेट, कर्तव्य पथ पर
सेवा संकल्प WALK
रक्तदान शिविर
दिल्ली में मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों की प्रदर्शनी
श्रीमती रेखा गुप्ता (मुख्यमंत्री, दिल्ली)
DIP/Shabdarth/Display/056/25-26

## खबर संक्षेप

### मेन होल में गिरने से ढाई साल के बच्चे की मौत



**गुरुग्राम।** सेक्टर-65 में आईएफसी चौक के पास नाले के मेन होल में गिरने से ढाई साल के बच्चे की मौत हो गई। मेन होल पर फाइबर का ढक्कन तो था, लेकिन वह ठीक से बंद नहीं था और आधा खुला हुआ था। पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को निकलवा कर नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया राजस्थान के टोंक जिले का रहने वाला कालू कई सालों से गुरुग्राम के उल्लावास इलाके में परिवार सहित झोपड़ी में रहता है।

### दुष्कर्म मामले में कोर्ट ने सुनाई 20 साल की सजा



**फरीदाबाद।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हेमराज मित्तल की कोर्ट ने चचेरी बहन से दुष्कर्म करने वाले आरोपी प्रवीण कौशिक को दोषी करार देते हुए 20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने आरोपी पर 60 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। यह मामला 1 मार्च 2020 को थाना सेक्टर-58 में दर्ज हुआ था। क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव का है। युवती को क्या पता था कि जिसे वह अपना बड़ा भाई मानती है।

### खेलों से होता है मनुष्य का शारीरिक विकासः कौशिक



**फरीदाबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि खेलों से जहां मनुष्य का शारीरिक व मानसिक विकास होता है वहीं खेलों से सामाजिक भाईचारे की भावना को भी मिल मिलता है। हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल है और युवाओं में इस खेल के प्रति बढ़ता रुझान इसकी लोकप्रियता को प्रदर्शित करता है खिलाड़ियों को हार-जीत का दरकिनार कर खेल को खेल भावना से खेले ताकि आपसी भाईचारा मजबूत हो सके। कौशिक युवा टीम प्रिंस स्पोर्ट्स क्लब सीही द्वारा ग्राउंड में आयोजित 120वीं मेजर ध्यानचंद हॉकी प्रतियोगिता में मुख्यातिथि खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे।

# स्वच्छता अभियान में अपनी भागेदारी निभाएगा जाट समाजः महासचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

स्वच्छता अभियान को और दुरूस्त बनाने के लिए फरीदाबाद में जाट समाज फरीदाबाद ने भी अपनी भूमिका बढ़ा दी है। जिले में चल रहे स्वच्छता अभियान को अब अन्य संस्थाओं से भी सहयोग मिलने लगा है। इस आशय की एक बैठक जाट समाज के अध्यक्ष जेपीएस सांगवान की अध्यक्षता में सेक्टर-16 स्थित किसान भवन में हुई।

**खास बातें**

- सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया
- क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया
- बैठक जाट समाज के अध्यक्ष सांगवान की उपस्थित में हुई




### जाट समाज सफाई अभियान में अपना योगदान देगा

इस अवसर पर संस्था के महासचिव एच.एस. मलिक ने कहा कि स्वच्छता से ही स्वस्थ समाज की स्थापना की जा सकती है, इसमें सभी लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। जाट समाज भी विभिन्न क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाकर इस अभियान में अपना योगदान देने का प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि जाट समाज हमेशा दूसरों की मदद और जिले की उन्नति हेतु प्रयासरत रहा है। समय-समय पर वृक्षारोपण, स्वास्थ्य सेवाएं, प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहन तथा शहीदों की वीरांगनाओं का सम्मान करता रहा है और इस अभियान में भी उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे स्वच्छता के इस मिशन को कामयाब करने के लिए प्रयास करें। इस अवसर पर अध्यक्ष जेपीएस सांगवान ने कहा कि इसी एकता के बल पर हम जिले को स्वच्छ बनाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में एसआर तेवतिया, आई एस दायमा, सूरजमल, एम.एस. श्योराण, जितेंद्र चौधरी, आर एस. राणा, टी.एस. दलाल, रतन सिंह सिवाच, अजय नरवत, रामरतन नरवत, दरयाब सिंह आदि सदस्यों ने भी इस मिशन में अपनी भागेदारी निभाने के लिए संकल्प दोहराया।

### श्रीमद्नारद महापुराण कथा में सुंदर झांकियों की प्रस्तुतीकरण किया

# नारद मुनि साक्षात ब्रह्मपुत्र, उनके कार्य जगत कल्याण के लिए होतेः मंत्री लक्ष्मी नारायण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

उत्तर प्रदेश की चीनी एवं गन्ना मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा है कि नारद महापुराण कथा का तो अपना महत्व है ही, लेकिन यदि इस कथा को वृंदावन का संत करें तो इसका महत्व और बढ़ जाता है। उन्होंने कहा की हम लोगों में नारद की एक ऐसी छवि बनाई गई है की जो चुगली करें वह नारद है लेकिन ऐसा नहीं है, क्योंकि नारद मुनि साक्षात ब्रह्मपुत्र हैं और उनके कार्य हमेशा जगत कल्याण के लिए होते हैं।

हालांकि यह भी सचाई है की समाज मैं चल रही किदवानियों के कारण ही आज कोई व्यक्ति अपने पुत्रों का नाम नारद और विभीषण नहीं रखता है। उत्तर प्रदेश की चीनी एवं गन्ना मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण बल्लभगढ़ की अग्रवाल धर्मशाला में श्री देवगुरु बृहस्पति सेवक ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीमद् नारद महापुराण में उपस्थित भक्तों को संबोधित कर रहे थे।

### ट्रस्ट के सभी सदस्यों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया

इस मौके पर उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए ट्रस्ट के सभी सदस्यों को भी अपनी तरफ से शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उपस्थित भक्त जनों को संबोधित करते हुए हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बल्लभगढ़ के विधायक पंडित मूलचंद शर्मा ने कहा कि समाज में इस तरह के धार्मिक आयोजनों का अपना महत्व है और जिस प्रकार से श्री देवगुरु बृहस्पति सेवक ट्रस्ट लगातार यहां पर इस तरह के धार्मिक आयोजन कर रहा है उसके लिए ब्रह्मलीन गुरु जी श्री महावीर प्रसाद कंसल की जितनी तारीफ की जाए उतना कम है, क्योंकि यह उनके अपने भक्तों को दिए संस्कार हैं कि आज भी उनके भक्त समाज सेवी सुनील मित्तल के नेतृत्व में लगातार उनके द्वारा शुरू की गई परंपरा को चलाए हुए हैं। उन्होंने कहा की वृंदावन से पधारे परम संत कृष्ण स्वामी जी महाराज की सरल वाणी बल्लभगढ़ क्षेत्र के लोगों को कितनी भा गई है, इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आप इतनी बड़ी संख्या में इस कथा को सुनने यहां आए हैं।

### शुक्रवार को भंडारे के साथ कथा का विश्राम होगा

उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए पुन्हाना से आये बलराज चेयरमैन का भी कहना था कि उन्होंने सैकड़ो कथाएं कराई है लेकिन यह कथा उन सबसे अलग हटकर है। संस्था के प्रधान सुनील मित्तल ने बताया कि शुक्रवार से शुरू हुई श्रीमद् नारद महापुराण आगामी वीरवार तक चलेगी और शुक्रवार को भंडारे के साथ कथा को विश्राम दिया जाएगा। देवगुरु बृहस्पति सेवक ट्रस्ट प्रत्येक 2 साल में इस तरह के भव्य आयोजन करता है और यह उनका छठवां आयोजन है, इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि कथा के विश्राम के समय विशाल विहंगम आरती का आयोजन किया जाता है, भक्त को अलग-अलग आरती के लिए ज्योति उपलब्ध कराई जाती है, ताकि प्रत्येक भक्त अपने स्थान पर खड़े होकर श्रीमद् नारद महापुराण की आरती कर सकें।

### विहंगम आरती लोगों में आकर्षण का केंद्र रही

रविवार को श्रीमद् नारद महापुराण कथा में युवा समाजसेवी पंकज, विनोद गर्ग, मार्केट कमेटी के पूर्व मेंबर हेमराज बंसल, ध्वज संगठन के प्रधान कैलाश गर्ग, अग्रवाल समाज चावला कॉलोनी के सभी पदाधिकारी एवं महिला बिंग पंजाबी सेवा समिति चावला कॉलोनी के प्रधान शांति भाई, हरियाणा व्यापार मंडल के प्रधान प्रेम खट्टर, युवा समाजसेवी लखन बेनीवाल, निगम के पार्षद महेश गोयल, प्रमुख व्यापारी नेता लाला ईश्वर दयाल, वैश्य अग्रवाल समाज के प्रधान भगवान दास गोयल, आदि।

### राम कथा में संकट मोचन हनुमान मंडल द्वारा व्यास पीठ का सम्मान, कथा श्रवण कर कमाया पुण्य



**फरीदाबाद।** श्याम सेवा परिवार खाटू श्याम मंदिर सेक्टर.3 में चल रही नौ दिवसीय रामकथा में विशेष आयोजन हुआ। कथा प्रतिदिन सायं 3 बजे से प्रारंभ होती है, जिसमें चित्रकूट से पधारे कथा वाचक कृष्ण प्रताप तिवारी जी व्यासपीठ पर विराजमान होकर भक्तों को रामकथा का रसपान करा रहे हैं। आज के प्रसंग में भगवान श्रीराम जन्मोत्सव का वर्णन हुआ। इस अवसर पर संकट मोचन हनुमान मंडल कैली धाम की टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। मंडल के वरिष्ठ सदस्य पवन वशिष्ठ, प्रधान पारसमल एवं महासचिव मुकेश वर्मा कार्यकारिणी के साथ उपस्थित होकर के व्यासपीठ पर पहुंचकर सम्मान अर्पित किया और कथा श्रवण किया। उन्होंने कहा कि आज भगवान राम का जन्मोत्सव प्रसंग था, ऐसे में हनुमान मंडल का आना तो स्वाभाविक ही था। कथा श्रवण कर सभी को अद्भुत आनंद की अनुभूति हुई। कथा में मुख्य रूप से श्रवण करने पहुंचे पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, पूर्व विधायक नीरज शर्मा, प्रसिद्ध उद्योगपति प्रेम पसरिचा, डॉक्टर रक्षित वशिष्ठ आदि लोगों ने कथा श्रवण की और कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा की मर्यादा पुरुषोत्तम का चरित्र युगों युगों तक हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाने वालों में राकेश महेश्वरी, राजेश शर्मा, मधुसूदन मटोलिया, कैलाश जोशी, योगेश तिवारी, मदन गोपाल बंसल, ललित गर्ग, राजेंद्र मुंदडा, अशोक शर्मा, बुधराम शर्मा, घनश्याम आहूजा, रामानंद राठी, हनुमान प्रसाद, पवन जोशी, घीसाराम खंडेलवाल, वासुदेव आदि मौजूद रहे। जबकि अमित शर्मा ने मंच संचालन किया। कथा में मुख्य यजमान के रूप में श्याम सेवा परिवार के प्रधान और उद्योगपति कैलाशचंद शर्मा धर्मपत्नी के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आरती के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गयाए जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तों के साथ श्याम सेवा परिवार और संकट मोचन हनुमान मंडल के सभी सदस्यों का सहभागिता रही और रामकथा का वातावरण पूरे परिसर में भक्तिरस से सराबोर हो उठा।

### क्षेत्रीय निवासियों ने रखे अपने सुझाव

# नगर आयुक्त ने किया इंदिरापुरम के आंतरिक वार्डों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सोमवार को इंदिरापुरम के आंतरिक वार्डो का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान इंदिरापुरम के सेंट्रल वर्ज, ग्रीन बेल्ट तथा चौराहों की स्थिति को देखकर अधिकारियों की जमकर क्लास ली। साथ ही कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिया।

इंदिरापुरम के वार्ड संख्या 100 शिप्रा सनसिटी स्थित कृष्ण वाटिका में इंटरलॉकिंग तथा फुटपाथ का कार्य करने के लिए क्षेत्रीय पार्षद संजय सिंह ने स्थलीय निरीक्षण कराया गया। जिसको देखते हुए नगर आयुक्त ने उद्यान प्रभारी विभाग डॉक्टर अनुज कुमार सिंह को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। वार्ड संख्या 99 पार्षद प्रीति जैन तथा क्षेत्रीय निवासियों सहित नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमें वैभव पार्क गोल पार्क के आसपास सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा डॉक्टर मिथिलेश नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए तथा पार्क के अंदर की व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लिए उद्यान विभाग को निर्देशित किया। जिसमें 10 दिन के भीतर पार्क में हट का निर्माण कार्य, पार्क में लगे सबमर्सिबल को चलाने का कार्य, पार्क की मरम्मत करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा वार्ड संख्या 87 पार्षद अनुज त्यागी सहित न्याय खंड 3 का भी निरीक्षण किया गया जिसमें दिन में जल रही लाइट की शिकायत क्षेत्रीय निवासियों ने की जिस पर प्रकाश प्रभारी को तत्काल कार्यवाही के लिए कहा गया तथा कार्यवाहीकराई गई, साथ ही न्याय खंड 3 में रिक्त पड़ी भूमि को पार्क में डेवलप करने के लिए भी अधिकारियों के समक्ष पार्षद तथा क्षेत्रीय निवासियों ने सुझाव रखा जिस पर नगर आयुक्त द्वारा तत्काल कार्यवाही के निर्देश उद्यान तथा संपत्ति विभाग टीम को दिए गए। निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त द्वारा इंदिरापुरम के मुख्य मार्ग में स्थित सेंट्रल वर्ज, ग्रीन बेल्ट तथा चौराहा का भी जायजा लिया, जिनकी स्थिति सही न मिलने पर अधिकारियों को फटकार लगाई तथा संबंधित फर्म लिसा कंस्ट्रक्शन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### प्रेस का स्टिकर लगाकर हरियाणा से उत्तर प्रदेश में शराब की तस्करी, तस्कर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस ने बार्डर की चौकी मंडोला बैरियर से हरियाणा से शराब लेकर उत्तर प्रदेश में सप्लाई करने वाले तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से हरियाणा ने बनी दो लाख रुपये की शराब बरामद हुई है। खास बात यह है कि इसने अपनी जार में प्रेस का स्टिकर लगा रखा था। जब उसे कोई रोकता था तो वह किसी बड़े चैंनल का पत्रकार बताकर कवरेज के लिए जाने की बात कहकर चला जाता था। कार से कुल हरियाणा मार्का अवैध देशी शराब की 43 पेटियां बरामद हुई हैं। डीसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि थाना शराब तस्कर गौरव है। जो संतोषपुर थाना बागपत का रहने वाला है। उसने शीशे पर प्रेस लिखवा रखा है। जनता व पुलिस का गुमराह करके हरियाणा से अवैध देशी शराब की तस्करी करता है। आरोपी ने बताया कि मैं काफी समय से चोरी छुपकर हरियाणा मार्का शराब की तस्करी करता हूँ और अपने आप को पकड़े जाने के डर से पुलिस एवं जनता को धोखा देकर मैंने अपनी कार पर प्रेस का स्टीकर लगा रखा है।

# युवाओं को बैंकिंग के भविष्य से जोड़ने की एक्सिस की अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

### प्रतियोगिता का उद्देश्य भारत के सबसे प्रतिभाशाली युवा दिमागों को पहचान कर उन्हें तराशना

युवाओं को बैंकिंग के भविष्य से जोड़ने के लिए एक्सिस बैंक ने अपने प्रमुख कैंपस एंगेजमेंट प्रोग्राम मूवस 2025 के पहले संस्करण के विजेताओं की घोषणा की। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य भारत के सबसे प्रतिभाशाली युवा दिमागों को पहचानना और उन्हें तराशना है। इसमें देशभर के 50 प्रमुख एमबीए और इंजीनियरिंग संस्थानों—जैसे आईआईएम, आईआईटी, इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, एक्सएलआरआई और फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़—के 21,000 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सस्टेनेबिलिटी, ग्रामीण बैंकिंग और मार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में भविष्य की चुनौतियों के समाधान प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

एक्सिस बैंक के ग्रुप एग्जीक्यूटिव और हैड ह्यूमन रिसोर्सेज, राजकमल वेंपति ने कहा कि मूवस 2025 ने विचारों, ऊर्जा और नवाचार की शानदार झलक दिखाई है। भारत के प्रतिभाशाली युवाओं से संवाद करना बेहद प्रेरणादायी रहा, जिनकी साहसी और बहुआयामी सोच हमें बैंकिंग के गतिशील भविष्य पर विश्वास दिलाती है। हम इस प्रतिभा को आगे बढ़ाने और मिलकर सार्थक बदलाव लाने के लिए उत्साहित हैं। मूवस 2025 के विजेता इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, हैदराबाद के श्रेयांश कलहंश और दिव्यानी रहे। जबकि आईआईटी खडगपुर से अमरप्रीत सिंह और इशिता मुटनेजा प्रथम उपविजेता रहे। वहीं फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, दिल्ली से आरुषि सिंगल और स्वस्ति वर्मा द्वितीय उपविजेता रहे। विजेताओं को नकद पुरस्कार और एक्सिस बैंक में




प्लेसमेंट अवसर प्रदान किए गए। ग्रैंड फिनाले में शीर्ष 10 फाइनलिस्ट टीमों ने अपने विचार सीधे एक्सिस बैंक के वरिष्ठ नेताओं की ज्यूरी के सामने प्रस्तुत किए, जिनमें शामिल थे—मुनीश शारदा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, नीरज गंभी, ग्रुप एग्जीक्यूटिव एंड हेड ट्रेजरी, मार्केट्स और होलसेल बैंकिंग प्रोडक्ट्स, बिपिन सराफ, ग्रुप एग्जीक्यूटिव एवं हैड एंड भारत बैंकिंग; राजकमल वेंपति, ग्रुप एग्जीक्यूटिव हैड एंड ह्यूमन रिसोर्सेज, समीर शेट्टी, ग्रुप एग्जीक्यूटिव डिजिटल बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन स्ट्रेटेजिक प्रोग्राम्स, विजय मुलबगल, ग्रुप एग्जीक्यूटिव हैड एंड होलसेल बैंकिंग कवरेज ग्रुप सस्टेनेबिलिटी, प्रशांत जोशी, ग्रुप एग्जीक्यूटिव चीफ क्रेडिट ऑफिसर, और प्रणव हरिदासन, एमडी सीईओ, एक्सिस सिक्योरिटीज शामिल थे।

### जिला सचिव लज्जाराम द्वारा संचालित मीटिंग में लिया फैसला

# पेंशन वित्त विधेयक 2025 के विरोध में 17 सितंबर को दिल्ली में होने वाले धरना प्रदर्शन में लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला फरीदाबाद संबंधित अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन की मीटिंग जिला प्रधान नवल सिंह नरवत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला सचिव लज्जाराम द्वारा संचालित मीटिंग में फैसला लिया गया कि केंद्र सरकार द्वारा पारित पेंशन वित्त विधेयक 2025 के विरोध में 17 सितंबर को दिल्ली जंतर मंतर पर होने वाले धरना प्रदर्शन में फरीदाबाद के रिटायर्ड कर्मचारी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे।

मीटिंग को संबोधित करते हुए राज्य के उप प्रधान यूएम खान एवं श्रीमती आशा शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार का पेंशन वित्त विधेयक किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है क्योंकि इसके तहत 31 दिसंबर 2025 तक रिटायर होने वाले कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग के लाभों से वंचित किया जाएगा। इसलिए केंद्र व राज्य के लाखों पेंशनर्स मिलकर इस विधेयक को वापस लेने तक मिलकर संघर्ष करेंगे।

### रिटायर्ड कर्मचारियों में भारी आक्रोश




केंद्र सरकार व राज्य सरकार रिटायर्ड कर्मचारियों की अन्य मांगों कैशलेस चिकित्सा सुविधाए पेंशन में 65 साल बाद 5 परसेंट, 70 साल बाद 5 प्रतिशत, 75 साल बाद 5 प्रतिशत बढ़ोतरी, कॉम्यूटेशन राशि की रिकवरी 15 साल की बजाय 11 साल में करना, फैमिली पेंशनर को सुविधा देना आदि को भी पूरा नहीं कर रही है। रिटायर्ड कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। मीटिंग को संबोधित करते हुए जिला के प्रेस प्रवक्ता सत्यपाल नरवत ने बताया कि पंजाब, हरियाणा एवं अन्य कई राज्यों में आई बाढ़ ने लाखों परिवारों को तबाह कर दियाए बेजुबान पशु पानी में बह गए, लाखों हेक्टेयर भूमि में फसल बर्बाद हो गई। एक भयंकर आर्थिक संकट उन परिवारों के लिए हो गया जो बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने आगे आने का फैसला लिया। फरीदाबाद के रिटायर्ड कर्मचारियों ने बाढ़ से पीड़ित परिवारों के लिए 51000 रुपए की राशि एकत्र की है। जो बाढ़ राहत कोष में जमा कर दी जाएगी। आज मीटिंग में जिला के उपप्रधान जयपाल चौहान, फरीदाबाद ब्लॉक के प्रधान शाबीर खान, बड़खल के प्रधान रतिराम, रामप्रसाद जिला कैशियर, खजानसिंह, रोहतास, लालचंद चौहान, राजवीर, कासम अली, एस.एन. मिश्रा, हरवीर सिंह आदि उपस्थित थे।

## THE SONIPAT COOP. SUGAR MILLS LTD; SONIPAT

**"E-Tender Notice"**

Original Manufacture/Authorized dealer/Reputed & experienced suppliers are requested to submit their rates through e-tendering for the following items. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering Portal as mentioned below of related items.

| Sr. No. | Description of items | e-Tender ID No. |
|---|---|---|
| 1. | Complete arrangement at FFE no.-1 for dismantling and inserting the tubes from top side conical roof portion. | 2025_HBC_472329_1 |
| 2. | Purchase of C/F Machine & Cane unloader Spares | 2025_HBC_472342_1 |
| 3. | Purchase of FRP Pipes and Fittings | 2025_HBC_472353_1 |
| 4. | Purchase of Rubber goods | 2025_HBC_472370_1 |
| 5. | Regarding purchase of the spares for both mill turbines SS 26 AP Bellis make. | 2025_HBC_472378_1 |
| 6. | Overhauling, servicing and A.M.C. of 3 nos. centrifugal machine control panels. | 2025_HBC_472391_1 |
| 7. | Sales of Molasses | 2025_HBC_472399_1 |

All the tenders will be available on e-tendering Portal https://etenders.hry.nic.in. The bid should be submitted separately in two parts technical as well as commercial. The technical tender will be opened on 23.09.2025 at 10:30 A.M. and the time for opening the financial bid has been fixed on 24.09.2025 at 9:00 A.M. and the negotiation will be held on 24.09.2025 at 12:30 PM onwards, if needed. All the concerned parties must be registered on e-tendering portal. The Mill Management reserves the right to accept/reject any/all tenders/ items without assigning any reason thereof.

**Sd/-Managing Director,**
**The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd., Sonipat**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रिंस शर्मा, पुत्रः रमेश कुमार, पताः म.नं. 66—वाई, डीडीए फ्लैट, महिंद्रा पार्क, दिल्ली, आजादपुर उत्तर, दिल्ली, भारत** ने **FIR No. 294/2020, U/s 365/411/392 IPC, पुलिस थाना वजीराबाद, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रिंस शर्मा** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **प्रिंस शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 294/2020, U/s 365/411/392 IPC, पुलिस थाना वजीराबाद, दिल्ली** के अभियुक्त **प्रिंस शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री भारती बेनीवाल**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी—12**
**केंद्रीय, कमरा नं. 264, द्वितीय तल**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/12049/N/2025**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रदीप शुक्ला पुत्र श्री बाऊर शुक्ला निवासी मकान नंबर 1514, गली नंबर 21, बी—ब्लॉक, दूसरा पुस्ता, सोनिया विहार, दिल्ली** ने **FIR No. 141/2014, U/S 381/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप शुक्ला** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप शुक्ला** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 141/2014, U/S 381/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रदीप शुक्ला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री वैभव गर्ग**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी— 11**
**केंद्रीय, न्यायालय संख्या 138, प्रथम तल**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/12321/N/2025(Court Matter)**

## खबर संक्षेप

### विधानसभा में लगेगी 'अपने प्रधानमंत्री को जानें' प्रदर्शनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 75वें जन्मदिन के अवसर पर 'अपने प्रधानमंत्री को जानें' प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस बात की जानकारी विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि यह प्रदर्शनी प्रधानमंत्री की जीवन यात्रा को प्रदर्शित करेगी और 2 अक्टूबर 2025 तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। इस समारोह के अंतर्गत विधानसभा पुस्तकालय में प्रधानमंत्री को समर्पित विशेष पुस्तक गैलरी का भी उद्घाटन किया जाएगा, जिससे विधायकों और शोधकर्ताओं को प्रधानमंत्री के विचारों, भाषणों और कार्यों को जानने और उनसे सीखने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत दिल्ली विधान सभा में वृक्षारोपण भी किया जाएगा, जो विकास, स्थायित्व और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित, स्वस्थ और सक्षम भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक होगा।

### सामान्य से दो डिग्री ऊपर पहुंचा तापमान

**नई दिल्ली।** झमाझम बारिशों के बाद अब एक फिर दिल्ली वालों को सूरज के कड़े तेवरों की मार झेलनी पड़ रही है। बारिश के मुंह मोड़ने के बाद सूरज की तपिश बढ़ रही है और अधिकतम तापमान भी सामान्य से अधिक दर्ज हो रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान बढ़कर 36.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.7 डिग्री अधिक है। जबकि न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। वहीं पालम में 34.6 डिग्री सेल्सियस, रिज एरिया में 34.4 डिग्री सेल्सियस और आया नगर में 35.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज हुआ। आईएमडी ने अनुमान व्यक्त करते हुए बताया कि आने वाले चार पांच दिन बारिश की दर्ज करने वाली कोई गतिविधि फिलहाल बनती नजर नहीं आ रही।

### निगम के शिक्षा निदेशक हटाए गए, निखिल को मिली जिम्मेदारी

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग में लंबे समय से जारी सीनियरिटी लिस्ट, प्रिंसिपल प्रमोशन लिस्ट और शिक्षकों की ट्रांसफर प्रक्रिया में धांधली और अनियमितताओं के आरोपों के चलते शिक्षा विभाग के निदेशक संजय सिंह को हटा दिया है और उनके स्थान पर अब निखिल तिवारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिक्षक संगठन शिक्षक न्याय मंच नगर निगम के अध्यक्ष कुलदीप सिंह खत्री के अनुसार यह पहला मामला नहीं है जब अनियमिताओं और मनमानी के आरोपों के चलते शिक्षा निदेशक को पद छोड़ना पड़ा हो। इससे पहले विकास त्रिपाठी को भी शिक्षकों की ट्रांसफर प्रक्रिया में धांधली और मेंटर्स शिक्षकों की मिलीभगत के आरोपों के चलते हटाए गए थे।

### एक ही छत के नीचे मिलेंगी मेडिकल, शैक्षणिक और परामर्श सेवाएं

# दिल्ली सरकार दिव्यांग बच्चों के लिए खोलेगी विशेष 10 संसाधन केंद्र : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने दिव्यांग बच्चों की शिक्षा और पुनर्वास के लिए राजधानी के विभिन्न इलाकों में 10 नए संसाधन केंद्र (रिसोर्स सेंटर) खोल रही है। इन केंद्रों में दिव्यांग बच्चों को उनकी विशेष आवश्यकताओं के अनुरूप चिकित्सीय, शैक्षणिक और परामर्श सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएंगी। इन केंद्रों में करीब 12 हजार 500 बच्चों को सीधा लाभ मिलेगा। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 17 सितंबर को इन केंद्रों का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि सवाल केवल इतना नहीं है कि दिव्यांग बच्चों को स्कूलों में प्रवेश मिल जाए। हमारा वास्तविक संकल्प है कि ऐसे बच्चों की विविध शैक्षिक, चिकित्सीय और सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा किया जाए। अक्सर इन बच्चों को पढ़ाई में इसलिए कठिनाई होती है क्योंकि उनकी चिकित्सीय जरूरतें पूरी नहीं हो पातीं। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार ने जिला स्तर पर संसाधन केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। ये केंद्र दिव्यांग बच्चों के लिए समन्वित और व्यापक सेवाओं के केंद्र होंगे, जहां उन्हें फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, ऑक्युपेशनल थेरेपी, बिहेवियरल इंटरवेंशन और अन्य सेवाएं एक ही स्थान पर मिलेंगी। इन केंद्रों में दिव्यांग बच्चों को न केवल शैक्षिक अवसर बल्कि जीवन कौशल विकसित करने के लिए भी मदद मिलेगी।

#### प्रत्येक केंद्र में छह विशेषज्ञों की टीमें की जाएंगी नियुक्त

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी कि प्रत्येक केंद्र में छह विशेषज्ञों की टीम नियुक्त की जाएगी। इसमें अलग-अलग क्षेत्रों के पेशेवर होंगे जैसे, स्पीच थेरपिस्ट, जो बच्चों की बोलने और संवाद की क्षमता को सुधारेंगे। फिजियोथेरेपिस्ट, जो मोटर स्किल्स (बच्चे को शारीरिक रूप से इतना सक्षम बनाना कि वह चल-फिर सके, खेल सके और अपने रोज़मर्रा के काम खुद करने लगे) और शारीरिक गतिविधियों में सहयोग देंगे। ऑक्युपेशनल थेरपिस्ट, जो बच्चों को दैनिक जीवन कौशल सिखाएंगे। बिहेवियरल एक्सपर्ट, जो व्यवहार सुधार और परामर्श देंगे। इसके अलावा अन्य विशेषज्ञ जो विशेष चिकित्सीय और पुनर्वास सेवाएं प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री का कहना है कि इन सेवाओं का सीधा प्रभाव बच्चों की शैक्षिक उपलब्धियों और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना का मूल उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली, सुलभ और समान सेवाएं प्रदान करना है। इसके साथ ही ये केंद्र जिला स्तर पर नोडल संस्थान के रूप में काम करेंगे, जहां विकलांगता से संबंधित योजनाओं का क्रियान्वयन और निगरानी की जाएगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने का कहा कि इन केंद्रों में प्रत्येक विद्यार्थी का विस्तृत केस रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा, ताकि आगे की चिकित्सीय या शैक्षिक रेफरल की सुविधा सुनिश्चित हो। फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, ऑक्युपेशनल थेरेपी और काउंसलिंग जैसी सेवाएं निशुल्क प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा परिवार परामर्श सेवाओं की उपलब्धता, जिससे अभिभावकों को भी बच्चों की देखभाल और विकास में सहयोग मिलेगा। ये संसाधन केंद्र बच्चों को नई उम्मीद देंगे और उन्हें मुख्यधारा की शिक्षा में शामिल करने की दिशा में बड़ा कदम साबित होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन इलाकों में ये केंद्र खोले जाएंगे, उनमें बादली, पश्चिम विहार, विश्वास नगर, मंगोलपुरी, नारायणा, द्वारका, नजफगढ़, छतरपुर, मदनपुर खादर, प्रताप नगर शामिल हैं।

### शीश महल पर बर्बाद हुआ पैसा दिल्ली के खजाने में वापस लाया जाएगा : सीएम

**नई दिल्ली।** शीश महल पर सार्वजनिक संसाधनों की बर्बादी देखना दुखद है। इस पर खर्च किया गया पूरा पैसा ब्याज सहित सरकारी खजाने में वापस लाया जाएगा। यह बात सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक कार्यक्रम में कही। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि शीश महल बंगला एक सफेद हाथी की तरह है और दिल्ली सरकार को अभी इसके भाग्य के बारे में फैसला करना बाकी है। यह बंगला अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान उनके आधिकारिक आवास के रूप में इस्तेमाल किया गया था। गुप्ता ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि केजरीवाल द्वारा इस पर बर्बाद किया गया पैसा दिल्ली के खजाने में वापस आ जाए। साल 2015 में जब आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली में सरकार बनाई थी, तब से लेकर पिछले साल सितंबर में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने तक केजरीवाल सिविल लाइंस इलाके में 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगले में रहते थे, जिसे भाजपा ने शीश महल का नाम दिया था। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर बंगले के निर्माण पर दिल्ली के लोगों की गाढ़ी कमाई को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि केजरीवाल के मुख्यमंत्री रहने दौरान पुनर्निर्मित यह बंगला भ्रष्टाचार और महंगी आंतरिक साज-सज्जा तथा घरेलू सामान के आरोपों के कारण विवाद का केंद्र बन गया था। गुप्ता ने कहा कि यह दिल्ली सरकार के पास सफेद हाथी की तरह पड़ा है और हम सोच रहे हैं कि इसका क्या किया जाए। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में अनुमान लगाया था कि 2022 तक बंगले के पुनर्निर्माण पर 33.86 करोड़ रुपये खर्च हुए। हालांकि, भाजपा नेताओं ने दावा किया कि वास्तविक लागत 75-80 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि शीश महल पर खर्च किया गया पूरा पैसा ब्याज सहित सरकारी खजाने में वापस लाया जाएगा।

## युवा बनेंगे 'विकसित दिल्ली' के एम्बेसडर : रेखा गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- विकसित दिल्ली मुख्यमंत्री इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू, योजना के लिए 84 युवा चयनित

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को 'विकसित दिल्ली मुख्यमंत्री इंटर्नशिप कार्यक्रम' योजना की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवा अब विकसित दिल्ली के एम्बेसडर बनेंगे। गौरतलब है कि दिल्ली सचिवालय में सोमवार को एक विशेष कार्यक्रम में दिल्ली के कॉलेजों से जुड़े प्रतिभाशाली 84 युवाओं को इंटर्नशिप ऑफर लेटर वितरित किए गए। यह इंटर्न्स तीन महीनों तक दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न परियोजनाओं पर प्रत्यक्ष कार्य करेंगे। यह इंटर्नशिप युवाओं को शासन की चुनौतियों से परिचित कराएगी और उन्हें समाधानकारी सोच विकसित करने का मंच देगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह हमारे लिए बेहद खुशी का अवसर है कि पहली बार दिल्ली सरकार के इतिहास में इस तरह की इंटर्नशिप का आयोजन हो रहा है, जहां नॉन-पॉलिटिकल ब्रेन्स को सिस्टम का हिस्सा बनाया जा रहा है। हमारे युवाओं से मिले नए विचार, नई तकनीक और नया विजन सरकार के लिए प्रेरणा और बदलाव का जरिया बनेंगे। मुख्यमंत्री के अनुसार वह हमेशा मानती हैं कि आज के युवा, कल के नेता है और उनकी सोच सरकारी सिस्टम में नई ऊर्जा का संचार कर सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह इंटर्नशिप केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि दिल्ली के भविष्य का सह-निर्माण है। यह साझेदारी सरकार को सिर्फ सिखाने का नहीं, बल्कि सरकार को युवाओं से सीखने का भी अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पहल दिल्ली को पेपरलेस गवर्नेंस, डेटा-ड्रिवन एडमिनिस्ट्रेशन, स्मार्ट पॉलिसी इंफॉर्मेशन और डिजिटल इनोवेशन की दिशा में आगे बढ़ाएगी। मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के संकल्प से जोड़ते हुए कहा कि दिल्ली सरकार का यह कार्यक्रम युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदार बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह इंटर्नशिप प्रोग्राम विकसित दिल्ली की नींव है। हमारी सरकार का मानना है कि आज का अनुभव कल का नेतृत्व बनेगा। यही इंटर्न्स दिल्ली के भविष्य की पहचान और भारत के विकास की सबसे मजबूत ताकत बनेंगे।

### दिल्ली मेट्रो के प्रोजेक्ट निदेशक धनखड़ को मिला इंजीनियर अवार्ड

नई दिल्ली। इंजीनियर दिवस 2025 के अवसर पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के परियोजना एवं योजना निदेशक राजीव धनखड़ को प्रख्यात इंजीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार द इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), दिल्ली स्टेट सेंटर द्वारा आयोजित 58वें इंजीनियर दिवस समारोह के दौरान प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि दिल्ली के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में टनल बोरिंग मशीनों (टीबीएम) का उपयोग करके सुरंग निर्माण कार्यों को क्रियान्वित करने की महत्वपूर्ण चुनौतियों पर प्रकाश डाला और राष्ट्र निर्माण में मुख्य इंजीनियरिंग प्रथाओं और इंजीनियरों की गुणवत्ता के महत्व पर बल दिया। बता दें कि प्रख्यात इंजीनियर पुरस्कार प्रतिवर्ष इंजीनियर्स दिवस के अवसर पर अपने क्षेत्र में असाधारण योगदान देने वाले इंजीनियरों को प्रदान किया जाता है।

## देश का भविष्य हमारे इंजीनियरों की मेहनत, क्रिएटिविटी और प्रतिबद्धता पर टिका : मुख्यमंत्री

### इंजीनियर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 32 इंजीनियरों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




आज इंजीनियर्स डे केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारे लिए संकल्प का दिन है। दिल्ली और देश का भविष्य हमारे इंजीनियरों की मेहनत, क्रिएटिविटी और प्रतिबद्धता पर टिका है। यह बातें सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सिविक सेंटर में दिल्ली इंजीनियर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंजीनियर्स डे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। इस कार्यक्रम में शिरकत करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महान अभियंता भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हमारी सरकार दिल्ली में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल इनोवेशन और स्किल डेवलपमेंट योजनाओं पर कार्य कर रही है, ताकि हमारे युवा इंजीनियरों को अवसर मिले और दिल्ली देश की प्रगति का मार्गदर्शक बने। इंजीनियर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में दिल्ली एवं देश के 32 इंजीनियरों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिल्ली के मेयर राजा इकबाल सिंह, मालवीय नगर के विधायक सतीश उपाध्याय, दिल्ली नगर निगम की स्थाई समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, नेता सदन प्रवेश वाही एवं निगमायुक्त अश्वनी कुमार सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने उपस्थित इंजीनियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि आज इंजीनियर्स डे केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारे लिए संकल्प का दिन है।

### अखिल भारतीय महिला कांग्रेस स्थापना दिवस

## महिलाएं पुरूषों के साथ कदमताल करते हुए निभा रही है बराबर भूमिका : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में पुहंचे दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आज महिलाएं पुरूषों के साथ कदमताल करते हुए बराबर अपनी अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने महिला कांग्रेस को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कि बाबा साहेब डा0 अम्बेडकर का संविधान महिलाओं को समान अधिकार और आगे बढ़ने के अवसर सुनिश्चित करता है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं के सशक्तिकरण, सम्मान, समानता और सुरक्षा के लिए हमेशा अग्रसर होकर काम किया है। कांग्रेस ने जहां देश को महिला प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति देने का काम किया है वहीं कांग्रेस के योगदान और प्रयासों के कारण आज महिलाएं देश की प्रगति में अहम भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर यादव के अलावा महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, प्रदेश अध्यक्ष पुष्पा सिंह, प्रदेश कांग्रेस कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज सहित अन्य मौजूद थे। यादव ने कहा कि महिला कांग्रेस ने महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने व जीवन की मुख्यधारा में लाने के लिए हमेशा प्रासंगिक कदम उठाए हैं।

### रामलीला : आयोजकों और श्रद्धालुओं को न हो कोई असुविधा : इंद्राज

नई दिल्ली। रामलीला राजधानी की सांस्कृतिक धरोहर है। इसमें आयोजकों और श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो, अधिकारी ये सुनिश्चित करें। यह निर्देश सोमवार को समाज कल्याण विभाग मंत्री और दिल्ली सरकार की रामलीला समिति के अध्यक्ष रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने समीक्षा बैठक में संबंधित विभागों को दिए। गौरतलब है कि रामलीला समिति के अध्यक्ष और मंत्री इंद्राज ने सोमवार को समिति के सदस्यों के साथ सचिवालय में रामलीलाओं को लेकर एक समीक्षा बैठक की। इस बैठक में सभी जिलों के डीएम, एमसीडी, डीडीए, पीडब्ल्यूडी, पुलिस और फायर विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री इंद्राज ने बैठक में आगामी रामलीला आयोजनों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और रामलीला आयोजन को सेवा पखवाड़े के दौरान होने वाले कार्यक्रमों से जोड़कर जनसहयोग से सफल बनाने के निर्देश दिए। मंत्री इंद्राज ने बैठक में प्रत्येक जिले में सक्रिय रामलीला समितियों की सूची शीघ्र उपलब्ध कराने और सभी आवश्यक अनुमतियों को समयबद्ध तरीके से जारी करने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को पूरी तरह तैयार करने के निर्देश दिए। बीते वर्षों में प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए इस वर्ष विशेष कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में इंद्राज ने आयोजकों से जुड़ी सभी रियायतों को लेकर दिए गये सभी निर्देशों को लागू करने के लिए कहा। साथ ही बैठक में पिछले वर्षों के सिक्योरिटी रिफंड बकाया होने की शिकायतों पर इंद्राज ने निर्देश दिए कि उनके भुगतान की प्रक्रिया पूरी करें। साथ ही आगे से यह समस्या आयोजकों को न हो, इसके लिए एसओपी बनाकर तय समय में सिक्योरिटी रिफंड सुनिश्चित करें।

### नरेला पीएचसी स्थित 'नर्सिंग स्कूल' बना 'अटल आशा'

# वक्त पर शुरू होता तो देहात को होता फायदा

दया राम ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली देहात के नरेला इलाके स्थित दिल्ली नगर निगम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में बने नर्सिंग स्कूल को अब "अटल आशा" नाम से जाना जाएगा। निगम प्रशासन और स्थानीय नेताओं ने जिस इमारत को वर्षों तक ठंडे बस्ते में डाला रखा, उसका वर्चुअल उद्घाटन अब कल, बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर किया जाएगा। लेकिन सवाल यह है कि यदि यह नर्सिंग स्कूल समय पर शुरू हो जाता तो नरेला देहात के हजारों लोगों को अनेकों लाभ मिल सकते थे? स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह नर्सिंग स्कूल समय से ही शुरू हो जाता तो यहां से सैकड़ों प्रशिक्षित नर्सें निकलकर देहात की सेहत सुधारतीं। ग्रामीणों को लगता है कि उनके साथ फिर से प्रशासन और नेताओं ने छलावा किया है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह देरी दरअसल निगम नेताओं की उदासीनता और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी का नतीजा है। उद्घाटन और नामकरण के चमक-दमक वाले कार्यक्रम तो होते रहे, लेकिन देहातवासियों की वास्तविक जरूरतों को दरकिनार कर दिया गया।

#### समय पर खुलता तो होते अनेकों फायदे

देहात के कई छात्रों को नर्सिंग की पढ़ाई के लिए शहर भागना पड़ता है। अगर यह स्कूल समय से शुरू होता तो उन्हें यहीं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और रोजगार की राह मिलती। प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ तैयार होता, जो आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करता। नरेला, अलीपुर, बवाना और आसपास के गांवों की महिलाओं को मातृत्व और प्रसव से जुड़ी सेवाओं में राहत मिलती। नजदीक ही प्रशिक्षित स्टाफ होने से ग्रामीण मरीजों को रोहिणी या अन्य स्थानों तक भागना नहीं पड़ता।

#### निगम नेताओं की उदासीनता पर सवाल

चौंकाने वाली बात यह है कि निगम प्रशासन ने यह कहते हुए नर्सिंग स्कूल को सालों तक बंद रखा कि यहां यातायात जाम की समस्या है और एंबुलेंस नहीं आ सकती। सवाल उठता है कि जब यही दलील है तो फिर उसी भवन में अब बौद्धिक दिव्यांग जनों को क्यों स्थानांतरित किया जा रहा है? क्या उनकी आपात स्थिति में एंबुलेंस की जरूरत नहीं पड़ेगी?

#### अब तो खत्म हो गई थी नाक की लड़ाई

निगम स्वास्थ्य विभाग के तत्कालीन आलाधिकारी ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया था कि नर्सिंग काउंसिल के अनुसार नर्सिंग स्कूल तभी संचालित किया जा सकता है जब विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के लिए आसपास में 250 बिस्तरों वाले एक अस्पताल की व्यवस्था हो, जहां विद्यार्थी मेडिकल प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। इस नर्सिंग स्कूल के पास दिल्ली सरकार का सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल है, लेकिन भाजपा के निगम नेताओं और दिल्ली सरकार में आम आदमी पार्टी के नेताओं में नाक की लड़ाई के चलते यह संभावना खत्म हो गई थी। लेकिन अब तो हर जगह भाजपा की सरकार है।

### विजेंद्र गुप्ता ने की कर्नाटक के राज्यपाल से मुलाकात

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार सुबह राजभवन में कर्नाटक के माननीय राज्यपाल थावरचंद गहलोत से भेंट की। इस अवसर पर गुप्ता ने राज्यपाल को दिल्ली विधान सभा द्वारा किए गए विभिन्न नवीन कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। इस भेंट के दौरान उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट भी उपस्थित रहे। इस दौरान गुप्ता ने बताया कि दिल्ली विधान सभा में ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस 2025 का आयोजन किया गया था, जो केंद्रीय विधान सभा के पहले भारतीय निर्वाचित अध्यक्ष विठ्ठलभाई पटेल की जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। साथ ही,उन्होंने नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन के अंतर्गत दिल्ली विधानसभा को पूर्णतः डिजिटल करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी, जिसका उद्देश्य पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ाने हेतु कागज-रहित वातावरण स्थापित करना है।

## सिंगल विंडो सिस्टम से 97 दुर्गा पूजा समितियों को मिला अप्रूवल : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने इस बार दुर्गा पूजा को भव्य और सुचारू बनाने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया है। इस सिंगल विंडो सिस्टम के तहत अब तक 134 आवेदन आए हैं जिनमें से 97 मंजूर हो चुके हैं और बाकी भी जल्द पास कर दिए जाएंगे। इस बात की जानकारी सोमवार को दुर्गा पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष और मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दुर्गा पूजा की तैयारियों की समीक्षा बैठक करने के बाद दी। इस बैठक में विधायक शिखा राय, नीरज बसोया, रविंदर सिंह नेगी और चंदन कुमार चौधरी मौजूद रहे। इसके अलावा डिविजनल कमिश्नर नीरज सेमवाल, सभी जिलाधिकारियों और एमसीडी, डीडीए, बीएसईएस, हॉर्टिकल्चर, हेल्थ, दिल्ली पुलिस और फायर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक के बाद समिति के अध्यक्ष सिरसा ने कहा कि दुर्गा पूजा के आयोजन के लिए समितियों को अब एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर भटकने का समय खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि हमने सिंगल विंडो सिस्टम बनाया है, जिससे पूजा समितियों को 72 घंटे के भीतर सभी अप्रूवल और एनओसी मिल जाएंगे। यह हमारी जिम्मेदारी है कि भक्तों को किसी दिक्कत का सामना न करना पड़े। सिरसा ने कहा कि सरकार सिर्फ अनुमति देने वाली एजेंसी नहीं, बल्कि सहयोगी की भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि हम खुद हर स्तर पर तैयारी देख रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि सफाई, पानी, बिजली, स्वास्थ्य सुविधा और सुरक्षा सभी पूरी तरह सुनिश्चित हों।



# वर्चुअल रियलिटी थेरेपी
# रिश्तों में नई सोच की राह

आज अधिकांश कपल्स वर्किंग हैं, बिजी रहते हैं, एक दूसरे को समय नहीं दे पाते, एक कम्युनिकेशन गैप रहता है। इस कारण मैरीड लाइफ में बहुत सी ऐसी बातें पैदा होती हैं, जो तनाव लाकर दूरियां बढ़ाती हैं। ऐसे में वर्चुअल रियलिटी थेरेपी मधुर दांपत्य जीवन की राह बनाती है।



कवर स्टोरी

**डॉ. शिवांगी रावत**
साइकोलॉजिस्ट, मेंटल हेल्थ एंड रिलेशनशिप थेरेपिस्ट, सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली

पति-पत्नी का रिश्ता केवल साथ रहने भर का ही नहीं, भावनात्मक जुड़ाव और आपसी समझ का भी प्रतीक है। आज की तेज रफ्तार जिंदगी और बढ़ती व्यस्तताओं में यह जुड़ाव कई बार कमजोर पड़ जाता है। छोटी-छोटी गलतफहमियां, संवाद की कमी या अहंकार रिश्ते में दूरियां ले आते हैं। ऐसे में रिश्ते को फिर से जोड़ने और पुरानी मधुर यादों को ताजा करने के लिए कपल्स को कई बार रिलेशनशिप एक्सपर्ट या साइकोलॉजिस्ट से सलाह की जरूरत पड़ती है, जो विभिन्न थेरेपी के माध्यमों से दोनों के गिले-शिकवे दूर कर सामंजस्य बैठाने की कोशिश करते हैं, कपल्स इसके बाद बेहतर जिंदगी गुजार पाते हैं। इन्हीं में से एक थेरेपी है- वीआरटी मतलब वर्चुअल रियलिटी थेरेपी।

## क्या है वीआरटी

यह थेरेपी वैवाहिक जीवन को अधिक प्रभावी और इंटरैक्टिव बनाने का अवसर प्रदान करती है। इसमें तकनीक और मनोविज्ञान को जोड़कर पति-पत्नी को एक नियंत्रित और सुरक्षित वर्चुअल वातावरण उपलब्ध कराया जाता है। दोनों साथी न केवल अपने दृष्टिकोण और भावनाओं को नए सिरे से पुनर्जीवित करते हैं, वास्तविक जीवन की जटिल परिस्थितियों का सजीव अनुभव लेकर, व्यवहार में भी सकारात्मक बदलाव लाते हैं। वीआरटी, एक नई प्रकार की थेरेपी है, जिसमें प्रभावित कपल को कंप्यूटर जनरेटेड वर्चुअल एनवॉयर्नमेंट के माध्यम से थेरेपी सेशन दिए जाते हैं। इन सेशंस के दौरान निजी और सुरक्षित वातावरण में उनके आपसी संबंधों पर कार्य किया जाता है।

## थेरेपी का तरीका

इस थेरेपी में प्रभावित पति-पत्नी को एक वीआर हेडसेट पहनाया जाता है। जिसके जरिए थेरेपिस्ट उन्हें उनकी समस्या से जुड़े एक रियलिस्टिक वर्चुअल वर्ल्ड में ले जाता है। उनकी प्रॉब्लम के हिसाब से वर्चुअल सीन बनाए जाते हैं, जैसे कम्युनिकेशन प्रैक्टिस, ट्रस्ट-बिल्डिंग टास्क, कॉनफ्लिक्ट सिचुएशन, रिलैक्सेशन एनवॉयर्नमेंट या बॉन्डिंग एक्टिविटीज। थेरेप्यूटिक इंटरैक्शन के जरिए दोनों पार्टनर को उन सींस में एक साथ मिल कर पार्टिसिपेट करवाया जाता है। थेरेपिस्ट दोनों पार्टनर से उनकी समस्या और अपेक्षाओं के बारे में बात करता है। रिलेशनशिप की समस्याएं, इमोशनल पैटर्न और व्यक्तिगत मानसिक असामान्यता की स्थिति (जैसे-एंग्जाइटी, डिप्रेशन आदि) का आकलन किया जाता है। थेरेपिस्ट उनके रिएक्शन और इंटरैक्शन को मॉनिटर करता है। जरूरत पड़ने पर उन्हें इमोशनल रिस्पॉन्स और कम्युनिकेशन सुधारने के बारे में समझाता है। इस सेशन के बाद साइकोथेरेपिस्ट, थेरेपी के दौरान किए गए व्यावहारिक बदलावों को उन्हें असल जिंदगी में अपनाने की सलाह देता है।

## किन स्थितियों में है उपयोगी

पति-पत्नी के बार-बार के झगड़ों या टकराव के बाद संवाद की कमी हो या इमोशनल डिस्टेंस बढ़ा हो और पुराने झगड़े के कारण बॉन्डिंग कमजोर हो गई हो या फिर जब पार्टनर सीधे बातचीत के लिए तैयार न हों, पर रिश्ते को बचाना चाहते हों। ऐसी कंडीशंस में वीआरटी की जरूरत पड़ती है।

### केवल तकनीकी अनुभव नहीं

वर्चुअल रियलिटी थेरेपी, कपल्स के लिए केवल एक तकनीकी अनुभव नहीं रहता, बल्कि एक साझा भावनात्मक यात्रा बनती है। कपल अपने ट्रॉमैटिक या इमोशनल एक्सपीरियंस को सिम्युलेट (पुनः अनुभव) करते हैं, थेरेपिस्ट की मदद से उनका समाधान ढूंढते हैं। थेरेपिस्ट की मदद से



संवाद, समझ और तनाव प्रबंधन के कौशल सीखते हैं। उन्हें न केवल एक-दूसरे के दृष्टिकोण को बेहतर समझने में मदद मिलती है, वे वास्तविक जीवन की समस्याओं को आपसी सामंजस्य से सुलझाना भी सीखते हैं। उनके बीच आपसी विश्वास और समझ मजबूत होती है।

## रिसर्च के नतीजे हैं पॉजिटिव

अध्ययनों से भी साबित हो गया है कि वीआरटी न सिर्फ व्यक्ति के भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक समस्याओं के समाधान में मददगार है, पति-पत्नी के रिश्ते को मजबूती प्रदान करने में भी कारगर है। भारत में मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु जैसे शहरी मानसिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी कपल्स काउंसलिंग में वीआरटी का प्रयोग हो रहा है। इसका फीडबैक काफी पॉजिटिव रहा है। यूनिवर्सिटी ऑफ बार्सिलोना में की गई एक स्टडी में पाया गया कि जिन कपल्स ने छह सप्ताह के संयुक्त वीआरटी थेरेपी सेशन लिए, उनकी आपसी समझ, भावनात्मक-वैचारिक तालमेल, कम्युनिकेशन लेवल और सामंजस्य में उल्लेखनीय सुधार देखा गया। साइकोलॉजी एंड काउंसलिंग रिसर्च, जापान में कपल्स पर वीआरटी के उपयोग से पति-पत्नी में ऑक्सीटोसिन बॉन्डिंग हार्मोन के लेवल में वृद्धि हुई। जिससे उनमें एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति और क्षमा करने की क्षमता में सुधार देखा गया। उनमें भावनात्मक जुड़ाव यानी बॉन्डिंग मजबूत हुई। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ कपल थ्योरी में ब्राउन एंड हार्टले का मानना है कि जिन कपल्स ने तीन महीने तक वीआरटी प्रैक्टिस सेशन लिए, उनमें काफी पॉजिटिव बदलाव दिखे। इससे उनमें बार-बार होने वाली नोक-झोंक में कमी आई। वे पहले से ज्यादा शांत हो गए, इनमें एक-दूसरे को सुनने-समझने की क्षमता का विकास हुआ।

## क्या हैं फायदे

वर्चुअल रियलिटी थेरेपी के बहुत से ऐसे फायदे हैं, जो दांपत्य संबंधों को मधुर और मजबूत बनाने में सहायक रहते हैं। इस थेरेपी के क्या फायदे हैं, जानिए-

**बॉन्डिंग होती है मजबूत:** वर्चुअल रियलिटी थेरेपी से तमाम कश-म-कश के बावजूद पति-पत्नी को एक-साथ समय बिताने का मौका मिलता है। उनमें समझ और भावनात्मक जुड़ाव गहरा होता है। यह उनकी आपसी प्रतिबद्धता, विश्वास और समस्या हल करने की क्षमता को बढ़ाता है, जिससे उनकी बॉन्डिंग मजबूत होती है।

**सिक्योर एक्सपोजर:** पति-पत्नी अपनी इमोशनल या ट्रॉमैटिक यादों का सामना बिना किसी डर या खतरे के करते हैं।

**सामंजस्यपूर्ण भागीदारी बढ़ना:** वीआरटी का वर्चुअल एंवॉयर्नमेंट पति-पत्नी को असल जिंदगी में एक-दूसरे के साथ सामंजस्य स्थापित करना सिखाता है। गुस्से या दुख में तुरंत प्रतिक्रिया देने के बजाय, ठहरना सीखने में मदद कर रिलेशनशिप में स्थायित्व और भावनात्मक स्थिरता लाता है।

**बेहतर कम्युनिकेशन:** कपल को अपनी फीलिंग्स बिना किसी जजमेंट के व्यक्त करने का अवसर मिलता है। उनका मनमुटाव खत्म होता है।

**स्ट्रेस कम होना:** न्यूरोसाइंस के मुताबिक वीआरटी के रिलैक्सेशन मॉड्यूल से दोनों पार्टनर के शरीर में हैप्पी हार्मोन ऑक्सीटोसिन, डोपामाइन का स्राव बढ़ जाता है, जिससे उनका तनाव और एंग्जायटी कम होती है।

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

# तनाव कम करने में मदद करती हैं यात्राएं

अपनी व्यस्त दिनचर्या के बीच कभी-कभी यात्रा के लिए निकलना बहुत जरूरी है। इससे हमें एक ताजगी मिलती है, हम नई ऊर्जा से भरते हैं, मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। साथ ही हम जगह-जगह की संस्कृति से परिचित भी होते हैं।

जीवनशैली

**बुशरा फातमा**

अगर रोजमर्रा के जीवन में कोई एक बात आज आम हो गई है तो वो है लोगों में स्ट्रेस यानी तनाव। काम-काज का बढ़ता दबाव, घरेलू जिम्मेदारियां, कॉम्पिटिशन और बढ़ते डिजिटल दुनिया का प्रभाव मानसिक रूप से हम सबको खूब थका रहा है। इसलिए इन सब के बीच में छोटी-सी यात्रा, सैर-सपाटा मन को शांत और प्रफुल्लित करता है, थकान मिटाकर नई ऊर्जा से भरता है। हेल्थ और फिटनेस के लिए वर्ल्ड इंफ्लुएंसर्स एंड ब्लॉगर अवार्ड से सम्मानित प्रमीला ओल्सन यात्राओं को एक दवा की तरह मानती हैं, जो जिंदगी जीने को आसान बनाती है।

**स्वयं के साथ समय बिताने का अवसर:** जो लाइफस्टाइल हम आज फॉलो कर रहे हैं, वो कहीं न कहीं हमें खुद से भी दूर ले जाती है। यात्राएं हमें खुद के करीब लाती हैं। यात्राओं के दौरान हमें आत्ममंथन करने का अवसर मिलता है, जो बहुत जरूरी है। जब भी जीवन का शोर-शराबा मन को अशांत करने लगे, तनाव को जन्म दे तो किसी यात्रा पर निकल जाएं। बेशक फैमिली के संग या सोलो ट्रैवल कीजिए, लेकिन एक छोटी-सी ट्रिप आपके तनाव को कम करने में बहुत मददगार साबित होगी।

**प्रकृति के करीब मिलती है शांति:** सच कहा जाए तो नेचर, स्वास्थ्य का सबसे बड़ा साथी है। आप अपने ट्रैवल के लिए ऐसी जगहों का चुनाव करें, जो प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर हों। याद रखें नदी, पहाड़ या समंदर इंसान को हील करने का काम करते हैं। अगर आप किसी मेंटल ट्रॉमा से भी गुजर रही हैं तो प्रकृति इससे उबारती है। इसलिए जब भी तनाव आपके स्वास्थ्य को प्रभावित करने लगे, तो छोटे ही सही कम से कम एक ट्रिप जरूर प्लान कीजिए, यह बहुत अच्छा ऑप्शन है।

**रिश्तों में नजदीकियां बढ़ाती हैं यात्राएं:** हम सब अपनी-अपनी जिंदगी में इतने मसरूफ हो जाते हैं कि



एक घर में रहते हुए भी साथ समय नहीं बिता पाते। छोटे-छोटे ट्रिप, पारिवारिक संबंधों के लिए भी अच्छे हैं। साथ बिताया हुआ समय यादगार साबित होता है। ये समय रिश्तों को भी नई ताजगी से भरता है। इसलिए साल में कम से कम एक बार परिवार के साथ कहीं घूमने जरूर जाएं। यात्राएं जगह-जगह की संस्कृति से रूबरू कराती हैं। जब भी हम कहीं घूमने जाते हैं तो उस जगह की संस्कृति, खाना-पीना हमारी सोच को भी नया आयाम देती है। नई चीजें, बातें हमेशा हमें सकारात्मकता की तरफ ले जाती हैं। यात्राएं जीवन के बहुत से ऐसे पहलुओं से हमें रूबरू करवाती हैं, जिनसे हम अनभिज्ञ होते हैं। जीवन को शांत और मेंटल हेल्थ को अच्छा बनाने का सबसे अच्छा और सुगम तरीका है यात्राएं।



### हैप्पी हॉर्मोन बढ़ाती हैं यात्राएं

अगर आप साल में एक-दो छोटे ट्रिप भी करती हैं तो यह संभव है कि आप तनाव को अच्छे तरीके से संभाल लेंगी। भागती हुई जिंदगी में तनाव स्वाभाविक है, लेकिन इसे मैनेज करने का तरीका आना चाहिए। यात्राएं हमारे हैप्पी हॉर्मोन को बढ़ाती हैं, स्ट्रेस कम करने में मदद करती हैं। बेशक दूसरे खर्चे थोड़े कम हो जाएं, लेकिन अपनी मेंटल हेल्थ सही रखने के लिए ट्रैवलिंग के लिए थोड़ी सेविंग जरूर करें।

सभी अभिभावक चाहते हैं, उनके बच्चे का भावनात्मक और बौद्धिक विकास बहुत अच्छा हो। इसके लिए वे अपनी तरफ से कई तरीके अपनाते हैं। लेकिन अगर इसके लिए वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित उपायों को अपनाया जाए तो बच्चों का बौद्धिक-भावनात्मक विकास बहुत अच्छा होता है।

# जब अपनाएंगे वैज्ञानिक उपाय तब होगा
# बच्चों का भावनात्मक-बौद्धिक विकास

परवरिश

**शिखर चंद जैन**



माता-पिता द्वारा बच्चों के मस्तिष्क के विकास को समझना और उन्हें शुरू से ही सही पालन-पोषण देना जरूरी है ताकि बच्चों का सही भावनात्मक और बौद्धिक विकास हो सके।

**समझें मस्तिष्क को:** बच्चों का मस्तिष्क विकासशील होता है और माता-पिता इसे समझकर बच्चों को भावनात्मक रूप से संतुलित, लचीला और सामाजिक रूप से सक्षम बनाने में मदद कर सकते हैं। मस्तिष्क के दो हिस्से होते हैं- बायां और दायां मस्तिष्क। बायां हिस्सा तर्क, विश्लेषण और भाषा के लिए जिम्मेदार होता है, जबकि दायां हिस्सा भावनाओं और रचनात्मकता से जुड़ा होता है। इसी तरह इसके दो और भाग होते हैं, ऊपरी और निचला मस्तिष्क। ऊपरी हिस्सा निर्णय लेने, आत्म-नियंत्रण और योजना के लिए जिम्मेदार है, जबकि निचला हिस्सा प्राथमिक भावनाओं, प्रतिक्रियाओं (जैसे गुस्सा, डर) को नियंत्रित करता है।

**बच्चे की स्मृति और भावनाएं:** बचपन के अनुभव और स्मृतियां ही आगे चलकर बच्चों के व्यवहार को आकार देती हैं। इसके लिए माता-पिता को शुरू से ही उन्हें एक सकारात्मक, स्नेहिल और मेल-जोल वाले पारिवारिक-सामाजिक माहौल में रखना चाहिए। जिससे बच्चा संतुलित और स्वस्थ तरीके से सोच सके और वैसा व्यवहार करे।

**परिवार का माहौल हंसी-खुशी वाला रखें:** अभिभावक सुनिश्चित करें कि परिवार के सभी सदस्य मतलब भाई-बहन, चाचा-चाची, दादा-दादी, बच्चे के साथ हंसाने, खुश रखने और उसे सक्रिय रखने वाली गतिविधियों में शामिल हों। जैसे उसके साथ इंडोर या आउटडोर गेम्स खेलना या हंसना। ये एक्टिविटीज ब्रेन में सकारात्मक रसायनों को बढ़ाती हैं। यह सब बच्चों में तनाव तो कम करता ही है, परिवार के जुड़ाव को मजबूत भी करता है।

**भावनाओं की अभिव्यक्ति सिखाएं:** बच्चों को उनकी भावनाओं को शब्दों में व्यक्त करना सिखाएं। उदाहरण के लिए खिलौना टूटने पर जब वह चिड़चिड़ा हो जाए और चीजों को फेंकने लगे तो उसे समझाएं, 'तुम्हें गुस्सा आ रहा है, क्योंकि तुम्हारा खिलौना टूट गया। कोई बात नहीं, यह नया आ जाएगा।' इससे उसकी भावनाएं कम आहत होती हैं। भावनाओं को तर्कसंगत नाम देने से बच्चे का मस्तिष्क शांत होता है और वे अपनी भावनाओं को बेहतर समझ पाते हैं।

**भावनाओं पर नियंत्रण सिखाएं:** बच्चों को सिखाएं कि भावनाएं अस्थाई हैं। जैसे कोई उससे नाराज या गुस्सा है तो धीरे से समझाएं 'यह गुस्सा थोड़ी देर में गायब हो जाएगा।' यह तरीका बच्चों को भावनाओं को प्रबंधित करने और आत्म-नियंत्रण विकसित करने में मदद करता है। साथ ही बच्चों को उनके शरीर की संवेदनाओं, मानसिक चित्रों, भावनाओं और विचारों को पहचानने में मदद करें।

### ब्रेन को एक्टिव रखें

बच्चे के बौद्धिक विकास के लिए उन्हें मानसिक व्यायाम जैसे कि खेल, कहानी सुनना या रचनात्मक गतिविधियां कराएं, जो मस्तिष्क के



विभिन्न हिस्सों को सक्रिय रखे। यह मस्तिष्क के विकास को बढ़ावा देता है, न्यूरल कनेक्शनों को मजबूत करता है। शारीरिक गतिविधियां जैसे नाचना या दौड़ना बच्चों को तनाव से उबरने में मदद करती हैं।



केयर

**शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट**

# जब नी-स्किन दिखने लगे डार्क
# अप्लाई करें ये होम रेमिडीज

अगर ध्यान ना दिया जाए तो घुटनों की त्वचा यानी, नी-स्किन डार्क दिखने लगती है। अगर आप कुछ घरेलू उपाय करेंगी तो आपके घुटनों की रंगत निखर सकती है।

**कॉफी और नारियल तेल:** कांच की कटोरी में 1 चम्मच कॉफी डालें और इसमें करीब आधा चम्मच नारियल का तेल मिलाएं। इस मिश्रण को संतरे के छिलके की मदद से काले घुटनों पर 10 मिनट तक मसाज करें। इसके बाद कॉटन की मदद से इसे साफ कर लें। आप चाहें तो इसे पानी से भी धो सकती हैं। आप इस स्क्रब का इस्तेमाल हफ्ते में 2 से 3 बार कर सकती हैं। इसके नियमित इस्तेमाल से घुटनों का कालापन कम हो जाएगा।

**नीबू और बेकिंग सोडा:** एक कटोरी नीबू के रस में बेकिंग सोडा मिलाकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। फिर कॉटन की मदद से घुटनों पर लगाकर हल्के हाथों से घुटने की मसाज करें। बेहतर परिणाम के लिए इसे आप हफ्ते में दो बार उपयोग कर सकती हैं। इससे घुटने का कालापन कम हो सकता है।



**टूथपेस्ट और कॉफी पावडर:** थोड़ा सा टूथपेस्ट लेकर इसमें थोड़ा सा सोडा पावडर मिलाकर बने मिश्रण में आधा चम्मच कॉफी पावडर मिला लीजिए। अब इसमें कुछ बूंदें टमाटर के रस की मिला लें और अंत में कुछ बूंदें नीबू के रस की भी मिलाकर एक मिश्रण बना लीजिए। इस मिश्रण को घुटनों की काली जगह पर 10 मिनट तक लगाने के बाद घुटनों को हल्के-हल्के रगड़ते हुए ताजे पानी से धो डालिए।

**नारियल तेल और चीनी:** स्क्रब करने के लिए एक कटोरी में 1 चम्मच नारियल तेल में 1 चम्मच चीनी मिलाएं। इस मिश्रण को घुटनों पर हल्के हाथों से 5-10 मिनट तक गोलाकार में मसाज करने के बाद साफ पानी से अच्छी तरह पोंछ लें। मिश्रण में मौजूद नारियल तेल त्वचा को पोषण देता है, जबकि चीनी मृत कोशिकाओं को हटाती है।

**नीबू का रस और शहद :** एक चम्मच नीबू के रस में आधा चम्मच शहद मिलाएं। अब इस मिश्रण को घुटनों पर लगाकर करीब 15 मिनट तक हल्के हाथों से रगड़ें। फिर इसे साफ पानी से धो लें। तीन से चार हफ्तों के अंदर इसका असर दिखने लगेगा। दरअसल, नीबू एक प्राकृतिक ब्लीचिंग एजेंट है, जो त्वचा पर जमी मैल को आसानी से कम करता है। वहीं इस पैक में मौजूद शहद त्वचा में नमी बनाए रखता है, ड्रायनेस दूर करता है।

**खीरा और नीबू:** खीरे का रस निकाल लें। अब 3 चम्मच खीरे के रस में आधा चम्मच नीबू का रस मिलाए। इस पेस्ट को अपने घुटनों पर मालिश करते हुए लगाएं। 15 मिनट बाद पानी से धो लें और त्वचा को मॉयश्चराइज कर लें। खीरा और नीबू त्वचा का कालापन हटाते हैं।

बिगड़ती लाइफस्टाइल और अनहेल्दी डाइट के कारण महिलाओं में बेली फैट एक कॉमन प्रॉब्लम बनती जा रही है। इसे कम करने के लिए आप यहां बताई जा रही कुछ ईजी एक्सरसाइजेस को अपने डेली रूटीन में जरूर शामिल करें।

# बेली फैट होगा कम
# करें ये 7 एक्सरसाइज

फिटनेस

**काजल गुप्ता**
फिटनेस इंस्ट्रक्टर



कई महिलाओं में बेली फैट की समस्या अलग-अलग कारणों से जैसे- डिलीवरी के बाद हार्मोनल बदलाव, व्यस्त दिनचर्या और डाइट पर ध्यान न देने के कारण हो सकती है। इसका नेगेटिव इफेक्ट हमारे फिगर के साथ-साथ हेल्थ पर भी पड़ता है। लेकिन डेली एक्सरसाइज से बेली फैट को कम किया जा सकता है।

**दौड़ना:** शरीर को स्वस्थ रखने, शेप में लाने और एक्स्ट्रा फैट गलाने के लिए दौड़ना बेहद जरूरी है, क्योंकि दौड़ने से शरीर का पसीना निकलता है। जिससे बेली फैट को कम करने में मदद मिलती है।

**प्लैंक:** प्लैंक एक्सरसाइज, बेली फैट कम करने की सबसे महत्वपूर्ण एक्सरसाइज मानी जाती है, लेकिन इसे आपको वर्कआउट के सबसे अंत में करना चाहिए तभी इस एक्सरसाइज का ज्यादा फायदा मिलेगा। इसे करने के लिए आपको फर्श पर उल्टा लेटकर कोहनी और पंजो के सहारे शरीर को ऊपर उठाना है। ऐसें में आपके पेट पर बहुत जोर पड़ता है। इसे आप जितनी देर तक रोककर रखेंगी उतना ही इसका फायदा मिलेगा।



**क्रंचेस:** क्रंचेस एक्सरसाइज करने से बेली टोनिंग और लूज स्किन के स्ट्रेचिंग से बेली फैट भी कम हो जाती है। इसके लिए आपको पीठ के बल लेटकर घुटनों को मोड़ना है और हाथों को सिर के पीछे रखकर कमर तक के हिस्से को ऊपर उठाना है। ध्यान रखें कि गर्दन न मुड़े। इसे आप एक सेशन में कम से कम 20 बार जरूर रिपीट करें।

**रस्सी कूदना:** शरीर को एक परफेक्ट शेप देने के लिए रस्सी कूदना एक फायदेमंद एक्सरसाइज है। इससे शरीर का एक्स्ट्रा फैट कम हो जाता है। आपको रोज ज्यादा से ज्यादा रस्सी कूदने की प्रैक्टिस करनी चाहिए।

**साइकिल चलाना:** इसे करने के लिए जमीन पर सीधे लेटकर सिर के नीचे हाथों को रखें फिर बारी-बारी से अपने दोनों पैरों को पेट की ओर मोड़ते हुए साइकिल की तरह चलाएं। इसे कम से कम 15 से 20 बार करें। इससे पेट के साथ थाइज की चर्बी भी तेजी से घटती है। जब आप 20 बार इसे एक सेट में हर दिन करेंगी तो आप देखेंगी कि कैसे आपका बेली सही शेप में आता जाएगा।

**नौकासन:** बेली फैट को कम करने और लोअर पार्ट फिटनेस के लिए नौकासन दमदार आसन माना जाता है। इसमें आपको जमीन पर सीधे लेटकर हाथ को नौका की तरह आगे की साइड रखना होता है और पैरों को उठाकर इसी मुद्रा में कम से कम एक मिनट के लिए होल्ड करके रखना है। इसे तीन बार रिपीट करें। एक चटाई पर पैरों को मोड़कर छाती के पास रखें, फिर दोनों पैरों को ऊपर उठाएं। अब दोनों हाथों को बगल में समानांतर रखें। इस मुद्रा में एक मिनट तक रहें और इसे तीन बार करें।

**बर्पीज:** बर्पीज वर्कआउट में आपको सबसे पहले खड़े होकर स्क्वेट करना होता है और फिर पुशअप करके इसी क्रम में बार-बार एक्सरसाइज करनी होती है। इससे बहुत जल्दी शरीर का वजन कम और खासकर बेली फैट कम हो जाता है। इसे भी तीन सेट में करें तो अधिक फायदा होगा।

**प्रस्तुति: निधि गोयल**

# मुख्यमंत्री योगी ने मृत भाजपा कार्यकर्ता के पिता व भाई से की मुलाकात, बोले- दोषी पर कार्रवाई होगी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर पुलिस लाठीचार्ज में मृत भाजपा कार्यकर्ता के भाई व पिता से मुलाकात की। इस मौके पर विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री योगी ने शोक संतप्त परिजनों से कहा कि सरकार आपके साथ खड़ी है। घटना की एसआईटी जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि भाजपा कार्यकर्ता सियाराम उपाध्याय की कथित तौर पर पुलिस की पिटाई से मौत हो गई थी जिसके बाद से परिजन आक्रोशित हैं और सरकार की तरफ से दी गई आर्थिक सहायता भी ठुकराने का एलान कर चुके हैं।

## हृदय गति रुकने से हुई मौत, सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले

मृत भाजपा कार्यकर्ता सियाराम उपाध्याय के शव का बृहस्पतिवार की रात करीब 10 बजे दो डॉक्टरों के पैनल ने दो घंटे तक वीडियोग्राफी बीच पोस्टमार्टम किया। रिपोर्ट में हृदय गति रुकने से मौत की पुष्टि हुई है, लेकिन सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए। इसके अलावा, दाहिनी कोहनी, पीठ के नीचे दाहिनी तरफ, बाएं पैर में भी चोट के निशान मिले हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। नौ सितंबर को कुछ लोग नोनहरा थाने पहुंचे थे और जनसमस्याओं के निराकरण के लिए धरने पर बैठ गए थे।

आरोप है कि रात करीब डेढ़ बजे बिजली बंद कर पुलिस ने धरने पर बैठे लोगों पर लाठीचार्ज किया था। इसमें छह से अधिक लोग घायल हो गए थे। भाजपा कार्यकर्ता राजेश राय बागी का हाथ टूट गया था, जबकि घायल दिव्यांग सियाराम उपाध्याय की मौत हो गई थी। इस मामले में एसपी डॉ. ईरज राजा ने एसओ सहित 6 पुलिस कर्मियों को निलंबित और पांच को लाइन हाजिर कर दिया था। घटना के बाद से परिजनों और लोगों में गुस्सा है।

## परेशान न हों इलाज में मदद करेगी सरकार

सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में प्रदेश भर से आए पीड़ितों की शिकायतें सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। रायबरेली से आए किडनी व हृदय के मरीज को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद मरीज को इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है

# 'जनता दर्शन' में सीएम योगी ने समस्याओं के समाधान के लिए लोगों को किया आश्वस्त

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान प्रदेश भर से आये हर पीड़ित के पास पहुंचे, शिकायतें सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। 'जनता दर्शन' में 50 से अधिक लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। रायबरेली से आये किडनी व हर्ट के मरीज को सीएम योगी आदित्यनाथ ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के निर्देश दिए।

## किडनी, हृदय के मरीज को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के निर्देश



'जनता दर्शन' में रायबरेली के थाना खीरो के ग्राम बरवलिया के एक युवक भी पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनके पिता किडनी-हृदय व यूरिन की बीमारी से पीड़ित हैं। प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने में अब आर्थिक दिक्कत आ रही है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने इलाज के लिए अस्पताल से एस्टीमेट भी मंगवाने को कहा।

## हर जरूरतमंद को आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही सरकार

'जनता दर्शन' में इलाज के लिए आर्थिक सहायता के लिए कई फरियादियों ने प्रार्थना पत्र दिया। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी से कहा कि सरकार हर जरूरतमंद मरीज को इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है।

## खबर संक्षेप

### अखिलेश का निषाद समाज को लेकर ऐलान



**लखनऊ।** यूपी की राजनीति में निषाद पार्टी व भाजपा के बीच खिंचाव के बाद सपा की नजर निषाद समाज व नाविक समुदाय के वोटों पर टिक गई है। नाविक मजदूर कल्याण समिति के प्रतिनिधिमंडल ने सपा अध्यक्ष से मुलाकात कर प्रमुख मांग पत्र सौंपी। वहीं सपा अध्यक्ष ने अपनी पार्टी घोषणा पत्र में नाविक समुदाय को विशेष जगह देने का ऐलान किया।

### बेटे की चाहत में हैवान बना पिता, बेटी को मारा



**गोरखपुर।** गोरखनाथ इलाके में रहने वाला एक परिवार खुशहाल था। अचानक पति के अंदर बेटे की चाहत जगी और वह तंत्र-मंत्र के चक्कर में फंस गया। तांत्रिक के कहने पर 12 साल की अपनी ही बेटी पर हथौड़े से हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से बेटी घायल हो गई थी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुधार होने के बाद पत्नी थाने में केस दर्ज कराया तो पिता की यह हैवानियत सामने आई।

बिहार में भाजपा किसे देगी टिकट?

# 18 सितंबर को अमित शाह देखेंगे विधायकों की परफॉर्मेंस

▶▶ **भाजपा ने बिहार में सीट शेयरिंग और टिकट बंटवारे का तीन स्तर का फॉर्मूला अपनाया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 18 सितंबर को पटना में विधायकों की परफॉर्मेंस रिपोर्ट देखेंगे**

एजेंसी ▶▶ पटना

भाजपा ने अब बिहार पर फोकस बढ़ा दिया है। सीट शेयरिंग से लेकर टिकट बंटवारे का फार्मूला तय किया जाने लगा है। पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार को बिहार में थे। वहां उन्होंने सैकड़ों करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। अब संगठन का काम तेज होने वाला है। इसीलिए पीएम की रैली के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 18 सितंबर को पटना दौरे पर रहेंगे। इस दौरे को बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि शाह न केवल विधायकों की परफॉर्मेंस रिपोर्ट देखेंगे बल्कि टिकट बंटवारे का फॉर्मूला भी उसी आधार पर तय होगा।

सूत्रों के मुताबिक भाजपा ने बिहार में टिकट तय करने के लिए तीन स्तर का फॉर्मूला अपनाया है। सबसे पहले पार्टी उन सीटों पर फोकस करेगी, जहां उसकी जीत की संभावना ज्यादा है। यानी पिछली बार जीती हुई सीटें और जहां अंतर से हार हुई थी, वहां पर नए चेहरों को मौका दिया जा सकता है। मौजूदा विधायकों की रिपोर्ट कार्ड तैयार की गई है। इसमें उनकी जनसंपर्क क्षमता, क्षेत्र में पकड़, संगठन के साथ तालमेल और जनता में छवि का आकलन किया जाएगा। जो विधायक कमजोर पाए जाएंगे, उनके टिकट कटने की पूरी संभावना है।

## जातीय समीकरण पर फोकस



बिहार की राजनीति में जातीय संतुलन सबसे अहम है। भाजपा कोशिश करेगी कि टिकट वितरण में अति पिछड़े वर्ग, दलित, महादलित, महिला और युवा चेहरों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिले। सोशल जस्टिस पर भाजपा का अपना एजेंडा रहा है। उसका एक खास ट्रैक रिकॉर्ड है। इसलिए वह कोई भी मौका नहीं छोड़ना चाहेगी. वह चाहेगी कि हर वर्ग का वोट उसे मिले।

### शाह की बैठकें और एजेंडा

18 सितंबर की सुबह अमित शाह पटना में पार्टी पदाधिकारियों और विधायकों की बैठक करेंगे। संगठन को बूथ स्तर तक कैसे मजबूत किया जाए। किन-किन मुद्दों को चुनाव में उठाना है। कार्यकर्ताओं को जीत का क्या मंत्र देना है इस पर बात होगी। शाह यह भी देखेंगे कि मोदी सरकार की योजनाएं कितनी प्रभावी ढंग से जमीन पर पहुंचीं और उसका राजनीतिक लाभ कैसे उठाया जा सकता है।

### भाजपा का बड़ा लक्ष्य

भाजपा का लक्ष्य है कि बिहार में एनडीए की सीटें बढ़ाई जाएं और 2025 के विधानसभा चुनाव में फिर से सत्ता हासिल की जाए। इसके लिए पार्टी "विनिंग कैंडिडेट ही टिकट पाएगा" के फॉर्मूले पर अडिग है। 18 सितंबर की अमित शाह की बैठक सिर्फ संगठन समीक्षा नहीं, बल्कि यह तय करने की दिशा में बड़ा कदम होगी कि कौन विधायक फिर से टिकट पाएगा और कौन बाहर होगा। शाह का यह दौरा बिहार भाजपा के लिए टिकट का लिटमस टेस्ट साबित होगा।

### विधायकों की परीक्षा

*पार्टी सूत्रों के मुताबिक शाह इस बार सीधे-सीधे सवाल-जवाब कर सकते हैं। किस विधायक ने कितनी बार अपने क्षेत्र का दौरा किया? जनता से संवाद कितना है? स्थानीय मुद्दों को पार्टी मंच तक किस तरह पहुंचाया? इन सबकी समीक्षा होगी। पार्टी का मकसद है कि कमजोर विधायकों की जगह नए और विजयी चेहरों को उतारा जाए।*

नीतीश कुमार के निशाने पर ललन सिंह

# पार्टी के लोग इधर उधर कराए मेरे साथ एक नेता अभी बैठे हैं

एजेंसी ▶▶ पूर्णिया



बिहार सीएम नीतीश कुमार ने एक बार फिर कहा कि अब वे एनडीए छोड़कर नहीं जाएंगे। बीच में कुछ इधर उधर हो गया। पार्टी के कुछ नेता इधर उधर करवा दिए। उनमें से एक नेता अभी हमारे साथ बैठे हुए हैं। पूर्णिया में पीएम नरेंद्र मोदी की सभा के मंच से नीतीश कुमार ने यह बात कही। हालांकि यह सुनकर मंच पर बैठे नेता हंसने लगे।

## बिहार से बहुत स्नेह करते हैं पीएम मोदी

नीतीश कुमार ने जब यह बात कही तो मंच पर उनकी पार्टी के नेता व केंद्रीय मंत्री ललन सिंह मौजूद थे। वे पीएम के बगल में ही बैठे थे। नीतीश कुमार ने कहा कि नवंबर 2005 में जब भाजपा के साथ उनकी सरकार बनी तो बिहार के विकास के लिए काफी काम किया। उससे पहले की सरकारों ने कुछ नहीं किया। पीएम नरेंद्र मोदी जी भी बिहार से बहुत स्नेह करते हैं। उन्होंने राज्य के विकास के लिए बहुत कुछ दिया है।

## झारखंड में कुड़मी जाति को आदिवासी दर्जा देने की मांग तेज



एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड में कुड़मी जाति को अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) का दर्जा देने की मांग पर सियासी और सामाजिक गोलबंदी तेज हो गई है। एक ओर जहां कुड़मी समाज के संगठन इस मांग पर झारखंड, ओडिशा और बंगाल में एक साथ आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं, वहीं आदिवासी संगठन इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं। हालात सामुदायिक टकराव की ओर बढ़ते दिख रहे हैं। कुड़मी संगठनों ने इस मांग को लेकर रणनीति बना ली है। बीते हफ्ते दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए विशाल धरने के दौरान 'रेल रोको-रास्ता रोको' (रेल टेका-डहर छेका) आंदोलन का फैसला लिया गया। आंदोलन को अनिश्चितकाल तक चलाने की तैयारी है।

## पेज एक का शेष

### वक्फ कानून बरकरार...

राजस्व रिकॉर्ड से जुड़े मामलों का अंतिम निपटारा होने तक किसी तीसरे पक्ष के अधिकार नहीं बनाए जाएंगे।

### राष्ट्र की तरक्की में महिला....

बल्कि ठोस समाधान भी सामने आएं। उन्होंने कहा कि शांत, सार्थक और केंद्रित ढंग से हुई चर्चाएँ विधानमंडलों की कार्यवाही के लिए आदर्श मॉडल प्रस्तुत करती हैं।

**भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महिलाओं की भूमिका :** राज्यसभा के उपसभापति ने कहा कि महिला सशक्तिकरण भारत के 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के संकल्प का अभिन्न हिस्सा है।उन्होंने उल्लेख किया कि पिछले 10 वर्षों में महिलाओं के कल्याण और उत्थान के लिए कई नई योजनाएँ और नीतियाँ लाई गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी समय-समय पर इस तथ्य को रेखांकित किया है कि 21वीं सदी के भारत के विकास के लिए महिला सशक्तिकरण आवश्यक है।

**उपलब्धियों के उदाहरण :** उन्होंने एनडीए से पहली महिला कैडेट्स के स्नातक होने, चंद्रयान-3 मिशन और चिनाब ब्रिज परियोजना में महिला वैज्ञानिकों की अहम भूमिका जैसी उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह बदलते भारत की नई कथा है जहाँ महिलाएँ राष्ट्र-निर्माण में अग्रणी बन रही हैं।

**जेंडर बजटिंग पर ज़ोर :** हरिवंश ने कहा कि हर बजट में धन आवंटन बढ़ाने की मांग तो होती है, लेकिन यह बहस कम होती है कि राजस्व कहाँ से आएगा और खर्च की दक्षता कैसी है। उन्होंने सभी समितियों से आह्वान किया कि जेंडर बजटिंग केवल अधिक आवंटन तक सीमित न रहे, बल्कि खर्च की प्रभावशीलता सुनिश्चित की जाए ताकि हर रुपया अधिकतम असर डाले।

**समाज सुधारकों का हवाला :** उपसभापति ने समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले का उद्धरण देते हुए कहा – "महिलाओं को शिक्षित करना पीढ़ियों को शिक्षित करना है।" उन्होंने कहा कि यह विचार आज की टेक्नोलॉजी के युग में और भी प्रासंगिक है। साथ ही उन्होंने संविधान सभा में दुर्गाबाई देशमुख के शब्दों को याद किया कि "महिलाएँ पुरुषों से बेहतर प्रबंधन क्षमता दिखा सकती हैं।"

**समापन सत्र में प्रमुख हस्तियाँ :** सम्मेलन के समापन सत्र में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस. अब्दुल नज़ीर, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला तथा आंध्र प्रदेश विधानसभा के पीठासीन अधिकारी उपस्थित रहे।

### दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय...

मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल शामिल लेंगे। पहले अमेरिका की टीम को व्यापार समझौते से जुड़ी हुई बातचीत के लिए पिछले महीने 25 अगस्त को भारत का दौरा करना था। लेकिन संबंधों में बनी हुई उक्त तल्खी की वजह से अमेरिका द्वारा यह यात्रा टाल दी गई थी।

**भारत पर 27 अगस्त से लागू है टैरिफ :** उल्लेखनीय है कि रूस से जारी तेल खरीद को लेकर अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ (तेल खरीद पर लगाए गए दंडात्मक टैरिफ का 25 फीसदी भाग शामिल) के बाद से भारत-अमेरिका संबंधों में तल्खी बनी हुई है। पिछले महीने 27 अगस्त से यह 50 फीसदी टैरिफ लागू हो चुका है। दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत रुकने के पीछे की बड़ी वजह भी टैरिफ का मुद्दा ही है। वहीं, इस पूरे घटनाक्रम के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने हालिया बयानों के जरिए दोनों देशों के संबंधों में आई तकरार को कम करने के जरूरी संकेत दिए हैं। साथ ही उन्होंने भारत के साथ व्यापार वार्ता की फिर से बातचीत की शुरुआत की इच्छा जाहिर करते हुए भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को विशेष बताया था। जिसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वागत किया है। आगामी हफ्तों में दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच बातचीत हो सकती है।

**कृषि, डेयरी क्षेत्र पर भारत को आपत्ति :** दोनों देशों के बीच इस साल मार्च महीने से द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर चर्चा जारी है। अमेरिका के लिए अपने कृषि और डेयरी क्षेत्र को खोलने के लिए भारत कतई तैयार नहीं है। जिसके पीछे की मुख्य वजह इन दोनों क्षेत्रों से जुड़ी हुई देश की एक बड़ी आबादी की आजीविका का मामला है। पूर्व में दोनों पक्ष इस समझौते के पहले चरण या अंतरिम व्यापार समझौते से जुड़ी हुई संवाद प्रक्रिया को अक्टूबर-नवंबर-2025 तक पूरा करने के इच्छुक थे। जिसमें उनका ध्यान एक संतुलित, पारस्परिक रूप से लाभप्रद द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर केंद्रित था।

### बख्शा नहीं जाएगा भारतवंशी...

को सुरक्षित बनाने की कसम खाते हैं। अमेरिकी नागरिक निश्चिंत रहें, क्योंकि अब उनकी सरकार किसी भी सूरत में अवैध अप्रवासी अपराधियों के खिलाफ कोई नरमी नहीं बरतेगी। इससे जुड़ी हुई समय-सीमा समाप्त हो चुकी है। चंद्रमौली नागमल्लैया के हत्यारे (37 वर्षीय योर्डेनिस कोबोस मार्टिनेज) पर प्रथम श्रेणी की हत्या (फर्स्ट डिग्री मर्डर) का आरोप लगाया जाएगा और उसे कानून के मुताबिक अधिकतम सजा दी जाएगी। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर की गई अपनी एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि बीते 13 सितंबर को चंद्रमौली का टेक्सास में उनके परिजनों और मित्रों की मौजूदगी में अंतिम सरकार किया गया। घटना के बाद से न केवल अमेरिका में रहने वाला समूचा भारतीय समुदाय आक्रोशित था। बल्कि ह्यूस्टन में भारत के वाणिज्य दूतावास ने भी गहरा दुख जताते हुए मामले पर पैनी निगाह बनाए रखने, अमेरिका के प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में बने रहने और मृतक के परिवारजनों को हर तरह से सहायता प्रदान करने की बात कही थी।

**योर्डानिस के लिए अमेरिका में कोई जगह नहीं :** राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी पोस्ट में ये भी कहा कि मुझे टेक्सास के डलास में एक सम्मानित व्यक्ति चंद्रमौली नागमल्लैया की हत्या की भयानक खबरों के बारे में जानकारी है। उनकी पत्नी और बेटे के सामने क्यूबा से आए एक अवैध विदेशी ने बेरहमी से उनका सिर धड़ से अलग कर दिया। जिसे हमारे देश में कभी होना ही नहीं चाहिए था। उन्होंने आगे कहा कि इस व्यक्ति को बच्चों के यौन शोषण, वाहन चोरी और झूठे कारावास जैसे कई अपराधों के लिए गिरफ्तार किया गया था। लेकिन क्यूबा द्वारा ऐसे आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति को अपने देश में लेने से इंकार करने के बाद अक्षम जो.बाइडन के कार्यकाल में उसे हमारी मातृभूमि में वापस छोड़ दिया गया था।

**अपराधी को सजा दिलाने में जुटा प्रशासन :** ट्रंप ने कहा कि मेरे शासन में इन अवैध प्रवासियों के प्रति नरमी बरतने का समय अब पूरी तरह से खत्म हो गया है। अमेरिका की गृह सुरक्षा के सचिव क्रिस्टी नोएम, अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी, सीमा सुरक्षा अधिकारी टॉम होमन और मेरे प्रशासन के कई अन्य अधिकारी अमेरिका को पुनः सुरक्षित बनाने के लिए अविश्वसनीय रूप से काम कर रहे हैं। इस अपराधी को जिसे हमने हिरासत में लिया है। उस पर कानून की पूरी हद तक मुकदमा चलाया जाएगा और प्रथम श्रेणी की हत्या का आरोप लगाया जाएगा।

**आरोपी ने कबूला अपना गुनाह :** यह घटना पिछले सप्ताह 10 सितंबर को डलास के डाउनटाउन सूट्स मोटल में उस वक्त हुई जब मूल रूप से कर्नाटक के रहने वाले चंद्रमौली नागमल्लैया ने योर्डेनिस को खराब वाशिंग मशीन को इस्तेमाल करने से रोका था। जिस पर आरोपी आगबबूला हो गया और उसने आव देखा न ताव सीधे कुल्हाड़ी निकालकर चंद्रमौली पर हमला करना शुरू कर दिया। उन्होंने अपनी जान बचाने की कोशिश की और वह पार्किंग एरिया की तरफ भागे ताकि किसी तरह से फ्रंट ऑफिस तक पहुंचकर अपनी जान बचा सकें। लेकिन आरोपी ने उनका पीछा किया और सिर धड़ से अलग कर दिया। इसके बाद यार्डेनिस ने चंद्रमौली के सिर को करीब दो बार पैर से ठोकर मारी और उसके बाद उसे कूड़ेदान में फेंक दिया। घटना के दौरान नागमल्लैया की पत्नी और बेटा भी मौजूद था और उन्होंने हत्यारे को रोकने की पूरी कोशिश की। लेकिन उसने उन्हें भी एक ओर धक्का देकर गिरा दिया और चंद्रमौली पर टूट पड़ा। स्थानीय डलास पुलिस के मुताबिक, आरोपी योर्डेनिस ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है और उसे राजधानी हत्या (कैपिटल मर्डर) के आरोप में जेल में रखा गया है। यह पूरा वाकया सीसीटीवी में कैद हुआ है। जिसे पुलिस ने प्राथमिक रूप से महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल किया है।

### प्रधानमंत्री ने सराहा 'ऑपरेशन...

जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अहम सैन्य अभियान की सफलता और उसमें प्रदर्शित किए गए सेनाओं के पराक्रम की सराहना की और विजन-2047 दस्तावेज जारी किया। बीते दो साल में लागू किए गए रक्षा सुधारों और आगामी दो वर्षों के लिए तैयार की गई योजना की भी पीएम ने बैठक में समीक्षा की। साथ ही सशस्त्र बलों के बेहतर और तत्पर संचालन के लिए संयुक्तता, आत्मनिर्भरता और नवाचार पर जोर दिया। उन्होंने रक्षा मंत्रालय को भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने और किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए अधिक संयुक्तता, आत्मनिर्भरता और नवाचार के लिए तेजी से ठोस उपाय लागू करने के निर्देश दिए। बताते चलें कि 22 अप्रैल 2025 को हुए पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन टीआरएफ के आतंकवादियों ने कुल 26 निर्दोष लोगों की उनका धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। मृतकों में 25 भारतीय और 1 नेपाल का नागरिक शामिल था।

**आज रक्षा मंत्री करेंगे कमांडरों को संबोधित :** मंत्रालय ने कहा कि ट्रिपल-सी सशस्त्र सेनाओं का एक सर्वोच्च स्तर का विचार- मंथन मंच है। जिसका आयोजन दो साल में एक बार किया जाता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार (16 सितंबर) को और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान बुधवार (17 सितंबर) को सम्मेलन को संबोधित करेंगे। मौजूदा वर्ष में संयुक्त कमांडर सम्मेलन की थीम रक्षा क्षेत्र में 'सुधारों का वर्षः भविष्य के लिए परिवर्तन रखी गई है'। जिसका चुनाव सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और परिवर्तन के अनुरूप किया गया है। पीएम ने राष्ट्र निर्माण, समुद्री डकैती विरोधी, संघर्ष क्षेत्रों से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी और मित्र देशों को मानवीय सहायता-आपदा राहत (एचएडीआर) प्रदान करने में निभाई गई जरूरी भूमिका की भी सराहना की। यह सम्मेलन देश के शीर्ष सैन्यँ-असैन्य नेतृत्व को विचारों का आदान-प्रदान करने और भारत की सैन्य तैयारियों के भविष्य के विकास की नींव रखने के लिए एक साथ लाता है।

**विजन-2047 के रोडमैप पर होगा मंथन :** मंत्रालय ने ये भी बताया कि तीन दिवसीय सम्मेलन के आगामी दो दिनों में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। जिसमें संरचनात्मक, प्रशासनिक और संचालन संबंधी मामलों की व्यापक रूप से समीक्षा की जाएगी। जो विभिन्न बलों से मिली हुई प्रतिक्रिया पर आधारित होगी। इसके अलावा बढ़ती हुई अंतरराष्ट्रीय अनिश्चितताओं के तहत सशस्त्र बलों की तैयारी के साथ-साथ प्रधानमंत्री के विजन के कार्यान्वयन के लिए रोडमैप विकसित करने पर भी सम्मेलन के दौरान चर्चा की जाएगी। बहुआयामी रणनीतिक तैयारी को मजबूत बनाने के लिए सशस्त्र बलों के लिए संयुक्तता, संस्थागत सुधार, एकीकरण और तकनीकी आधुनिकीकरण पर भी पीएम ने जोर दिया। इस संवाद प्रक्रिया से सशस्त्र सेनाओं को और अधिक मजबूती मिलेगी। जो जटिल भू-रणनीतिक परिदृश्य के बीच उनके लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। समावेशी भावना की परंपरा को बढ़ाते हुए सम्मेलन में संवादात्मक सत्रों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सैन्य बलों के तमाम अधिकारी और विभिन्न रैंक वाले कर्मी शामिल होंगे। इसके जरिए फील्ड स्तर के अनुभव को उच्च-स्तर तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

**सम्मेलन में शामिल हुए यह वीवीआईपी :** कमांडर सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह, नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) प्रमुख डॉ.समीर वी.कामत, सचिव (पूर्व-सैनिक कल्याण बोर्ड) डॉ.नितिन चंद्रा सहित मंत्रालय और सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

**दिल्ली नगर निगम**

**सार्वजनिक सूचना**

जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि **निगरानी समिति** की आधिकारिक वेबसाइट अब **www.mcsc.mcd.gov.in** पर उपलब्ध है। निगरानी समिति द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये गये सभी रिपोर्ट आम जन की जानकारी के लिए इसी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। पूर्व की वेबसाइट www.monitoringcommittee.nic.in को बंद कर दिया गया है।

सदस्य,
निगरानी समिति

आरओ नं. 26/डीपीआई/दि.न.नि./2025–26

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **क्रिस्चियन** पुत्र **उजोरमा** पताः **मकान नं. 104–105, खसरा नं. 18/12, दूसरी मंजिल, सी–ब्लॉक, चन्दर विहार, निहाल विहार, दिल्ली** ने case **FIR No. 1096/2024 U/s 14/14C Foreigner Act., थानाः निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **क्रिस्चियन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **क्रिस्चियन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 1096/2024 U/s 14/14C Foreigner Act., थानाः निहाल विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **क्रिस्चियन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 15.10.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कोमल गर्ग
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
रूम नं. 292, पश्चिम जिला
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12315/OD/2025 (Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजीत, पुत्रः** श्री बिजेन्दर, **पताः** मकान नं. ए–646/13, एल–1, संगम विहार, नई दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 178/2024, U/s 25/54/59 ARMS ACT, थानाः तिगड़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजीत** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजीत** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 178/2024, U/s 25/54/59 ARMS ACT, थानाः तिगड़ी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अजीत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री संकल्प कपूर
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
कमरा नं. 211, साकेत कोर्ट, दिल्ली

DP/12194/SD/2025
(Court Matter)

## चिंतन

# अब नहीं हो पाएगा वक्फ की संपत्ति का दुरुपयोग

वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट का पूरी तरह से रोक लगाने से इनकार करने के साथ ही साफ हो गया कि एक बड़े फैसले पर मुहर लग गई है। हालांकि, कोर्ट ने कुछ प्रावधानों पर रोक भी लगाई है। इसके साथ ही सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने साफ शब्दों में कहा कि पूरे कानून पर रोक लगाने का कोई आधार नहीं बनता, लेकिन कुछ धाराओं को संरक्षण दिए जाने की जरूरत है। वक्फ के पास भारत में 8.72 लाख एकड़ संपति है। यह संपति इतनी ज्यादा है कि सेना और रेलवे के बाद वक्फ सबसे अमीर संगठन है। 2009 में यह प्रॉपर्टी करीब 4 लाख एकड़ ही थी, जो अब दोगुनी हो चुकी है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय ने दिसंबर 2022 में लोकसभा में जानकारी दी थी जिसके अनुसार वक्फ बोर्ड के पास 8,65,644 एकड़ अचल संपतियां हैं। वक्फ की इन जमीनों की अनुमानित कीमत 1.2 लाख करोड़ से भी ज्यादा है। हालांकि ये सरकारी अनुमान है। असल में यह संपति बाजार भाव के हिसाब से इससे कहां ज्यादा की बताई जा रही है। अब वक्फ संशोधन कानून में यह प्रावधान रहेगा जो सरकार की ओर से नियुक्त अधिकारी को यह निर्धारित करने का अधिकार देता है कि क्या वक्फ संपत्ति ने सरकारी संपत्ति में अतिक्रमण किया है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ बोर्ड में गैरमुस्लिम को सीईओ नियुक्त करने संबंधी संशोधन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। साथ ही यह निर्देश दिया कि जहां तक संभव हो वक्फ बोर्ड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुस्लिम होना चाहिए। शीर्ष कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के उस प्रावधान पर भी रोक लगाई, जिसमें वक्फ बनाने के लिए किसी व्यक्ति का 5 वर्षों तक इस्लाम का अनुयायी होना आवश्यक बताया गया था। यह प्रावधान तब तक स्थगित रहेगा, जब तक राज्य सरकारें यह तय करने के लिए नियम नहीं बना लेतीं कि कोई व्यक्ति इस्लाम का अनुयायी है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि कलेक्टर को व्यक्तिगत नागरिकों के अधिकारों का निर्णय करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। यह शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघन होगा। जब तक ट्रिब्यूनल द्वारा निर्णय नहीं हो जाता, तब तक किसी भी पक्ष के विरुद्ध किसी तीसरे पक्ष का अधिकार निर्मित नहीं किया जा सकता। कलेक्टर को ऐसी शक्तियां देने वाले प्रावधान पर रोक रहेगी। हम यह भी मानते हैं कि वक्फ बोर्ड में 3 से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं हो सकते और कुल मिलाकर 4 से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि किसी भी कानून की संवैधानिक वैधता का आकलन उसके पक्ष में ही होता है। केवल दुर्लभ मामलों में ही पूरे कानून पर रोक लगाई जा सकती है। दरअसल, याचिकाकर्ताओं ने इस पूरे कानून को ही रद करने की मांग की थी। मगर, सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला अब इस्लामी वक्फ बोर्ड के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा। शीर्ष अदालत ने एक तरह से इस कानून के जरिये पुराने वक्फ का अंत ही कर डाला है। अब याचिकाकर्ताओं के पास हाथ मलने के सिवा कोई विकल्प नहीं है। सरकार ने शुरुआत से ही साफ कर दिया था कि वक्फ संशोधन अधिनियम का उद्देश्य गरीब मुसलमानों को लाभ पहुंचाना व संपति का दुरुपयोग रोकना है। भारत जैसे बड़े देश में जमीन के एक-एक इंच का उचित उपयोग होना चाहिए। संशोधन लागू होने के बाद वक्फ बोर्ड मनमाने ढंग से किसी भी गांव को वक्फ संपति घोषित नहीं कर कर पाएगा, लेकिन कुछ लोग इसे लेकर भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे थे। अब सुप्रीम मुहर लगने पर बाद ऐसे मनसूबों पर पानी फिर गया है।

## विश्व ओजोन दिवस

रोहित कौशिक

# ओजोन परत बचेगी तो ही धरती पर हम सब बचेंगे

आज विश्व ओजोन दिवस है। यह दिन हमें पर्यावरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बहुत कुछ सोचने के लिए प्रेरित करता है। दरअसल ओजोन परत की स्थिति में उतार-चढ़ाव होता रहता है। समय-समय पर ओजोन परत को लेकर विभिन्न अध्ययन सामने आते रहते हैं। कभी-कभी इन अध्ययनों में विरोधाभासी बातें भी सामने आती हैं। यानी कभी ओजोन परत की स्थिति में सुधार का शोध प्रकाशित होता है तो कभी ओजोन परत की स्थिति बदतर होने का शोध प्रकाशित होता है। ऐसी विरोधाभासी शोध हमें भ्रमित करते हैं। मूल बात यह है कि आज जिस तरह से पर्यावरण को हानि पहुंचायी जा रही है, वह ओजोन परत के लिए शुभ नहीं है। पिछले कुछ दशकों में मानवीय गतिविधियों ने ओजोन परत को काफी नुकसान पहुंचाया है। कुछ समय पहले नासा और यूएस नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के वैज्ञानिकों ने यह बताया था कि आजोन छिद्र की स्थिति अब बेहतर हो रही है। यह छेद अंटार्कटिका के ऊपर स्थित है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अनुमान के अनुसार अंटार्कटिक आजोन परत 2066 के आस-पास 1980 के स्तर पर पहुंच जाएगी, जबकि बाकी दुनिया में 2040 और 2045 के बीच रिकवरी होगी। वहीं विभिन्न शोधों में यह बात सामने आई है कि 1997 के आसपास ओजोन क्षय की दर कम हो गई थी। वैज्ञानिकों ने इस सम्बन्ध में 25 साल के आंकडों का अध्ययन किया और इस नतीजे पर पहुंचे कि लगातार खराब होती जा रही ओजोन परत की स्थिति कुछ जगहों पर अब बेहतर है। वैज्ञानिकों का मानना है कि कुछ जगहों पर ओजोन परत की स्थिति में सुधार 1987 की अन्तर्राष्ट्रीय मांट्रियल संधि के कारण ही संभव हुआ है।

वैज्ञानिकों ने सत्तर के दशक में यह खोजा था कि ओजोन परत पतली हो रही है। 1980 के आसपास यह बहुत स्पष्ट हो गया था कि ओजोन परत का तेजी से क्षरण हो रहा है। विभिन्न वैज्ञानिक अध्ययनों के द्वारा यह बात सामने आई कि क्लोरो फ्लोरो कार्बन नामक गैस ओजोन परत को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा रही है। यह गैस मुख्यतः वातानुकूलन एवं प्रशीतन, रेफ्रिजिरेशन में काम आती है। इसके अतिरिक्त वातावरण में ऊंचाई पर उड़ने वाले जेट विमान भी क्लोरो फ्लोरो कार्बन छोड़ते हैं। इसलिए इस तरह की गैसों के उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए 1987 में अन्तर्राष्ट्रीय मांट्रियल संधि को लागू किया गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि कुछ जगहों पर ओजोन परत की सुधरती स्थिति इसी मांट्रियल संधि का नतीजा है। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि मात्र क्लोरो फ्लोरो कार्बन ही ओजोन परत को नुकसान नहीं पहुंचाती है बल्कि कुछ अन्य कारक भी ओजोन परत के क्षरण के लिए जिम्मेदार होते हैं। सूर्य कंलक, सन स्पोट, ज्वालामुखी तथा मौसम जैसे कारक ओजोन परत का स्वरूप निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। नासा तथा कुछ विश्वविद्यालयों का मानना है कि आज कुछ जगहों पर ओजोन परत की बेहतर स्थिति के लिए क्लोरो फ्लोरो कार्बन के उत्सर्जन में कमी ही मुख्य रूप से जिम्मेदार है।

ओजोन वातावरण के स्ट्रेटोस्फीयर भाग में धरती की सतह से ऊपर 15 किमी से लेकर 40 किमी तक की ऊंचाई में पाई जाती है। यह सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों को सोखकर ऐसे विभिन्न रासायनिक तत्वों को बचाती है जो कि जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक होते हैं। जब वातावरण में आक्सीजन पराबैंगनी किरणों को सोखती हैं तो रासायनिक प्रक्रिया के द्वारा ओजोन का निर्माण होता है। ओजोन परत के क्षरण से सूर्य से निकलने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणें धरती पर पहुंचकर मनुष्यों, जानवरों, पेड़-पौधों तथा अन्य बहुत सारी चीजों को नुकसान पहुंचाती हैं। पराबैंगनी किरणों से त्वचा कैंसर,फेफडों का कैंसर, शरीर की प्रतिरक्षक प्रणाली का कमजोर होना ,आंखों के रोग, डीएनए का टूटना तथा सन बर्न जैसे रोग हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त ये किरणें पेंट एप्लास्टिक तथा सीमेंट जैसी चीजों के लिए भी हानिकारक सिद्ध होती हैं। सर्वप्रथम स्वीडन ने 23 जनवरी 1978 को क्लोरो फ्लोरो कार्बन वाले ऐरोसोल स्प्रे को प्रतिबन्धित किया था। इसके बाद कुछ अन्य देशों जैसे अमेरिका, कनाडा तथा नार्वे ने भी यही कदम उठाए। लेकिन यूरोपियन समुदाय ने इस तरह के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। यहां तक कि अमेरिका में भी प्रतिशीलन, रेफ्रीजेरेशन जैसे उद्देश्यों के लिए क्लोरो फ्लोरो कार्बन का उपयोग होता रहा। मांट्रियल संधि के बाद ही सभी देशों ने क्लोरो फ्लोरो कार्बन के उत्सर्जन को कम करने के लिए गंभीरता से सोचा।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



नेपाल

अवधेश कुमार

आप देखेंगे कि पिछले काफी समय से नेपाल में अलग-अलग किस्म के आंदोलन चलाते रहे हैं जिनमें नेपाल को फिर हिंदू राष्ट्र घोषित करने तथा राजशाही की पूर्ण वापसी प्रमुख था। इनकी रैलियों में हजारों लोग आने लगे। केपी शर्मा होली ने राजा ज्ञानेंद्र की गतिविधियों को रोकने की कोशिश की तथा आंदोलन में हुए तोड़फोड़ के लिए उन पर 7 करोड़ 93 लाख का जुर्माना भी लगाया। मधेसी आंदोलन ने सदियों से उपेक्षित यहां तक की नागरिकताविहीन व्यक्तियों के दमन को आवाज दी किंतु अधिकतर मधेस नेता भी राजनीतिक स्वार्थ एवं निजी लाभ के वशीभूत एकजुट नहीं रह सके। उन्होंने भी निराश किया।

# विद्रोह की पड़ताल आवश्यक

नेपाल में उथल-पुथल के बीच सुशीला कार्की ने अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। किंतु इसके पूर्व तीन दिनों में नेपाल जिस अकल्पनीय हिंसा, उथल-पुथल और हृदयविदारक घटनाओं से गुजरा उसने सबको डराया है। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के विरुद्ध जेन जी के बैनर से जारी विरोध प्रदर्शन कितना उग्र, हिंसक, अराजक और अनेक मायनों में आपराधिक हुआ। ऐसा लगता था जैसे उग्र भीड़ नेपाल की राजनीति और सत्ता से संबंधित हर चीज नष्ट करना चाहती हो। संसद भवन, प्रधानमंत्री आवास, राष्ट्रपति आवास और उच्चतम न्यायालय जला देना, मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों, नेताओं के घरों में घुसकर, खींच-खींच कर सड़कों पर दौड़ा - दौड़ा कर पीटना और महिलाओं को भी नहीं बख्शना किसी आंदोलन का पर्याय नहीं हो सकता। पूर्व प्रधानमंत्री झालानाथ खनाल की पत्नी को जलाया गया। शेर बहादुर देउबा की पत्नी विदेश विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा की बेरहमी पिटाई वाकई हृदयविदारक थी। लगता था जैसे भीड़ किसी भी नेता को नेपाल की धरती पर साक्षात सहन करने को ही तैयार नहीं थी। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को सेना ने हेलिकॉप्टर से बचाकर निकाला। नेताओं के व्यक्तिगत घर भी जला डाले गए। केवल सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के कारण इस तरह का हिंसक विरोध, जिसने उग्र अराजकता की सीमाएं पार कर दिया गले नहीं उतरता।

जरा सोचिए, 28 अगस्त को नेपाल सरकार ने 26 सोशल मीडिया साइट को प्रतिबंधित किया जिन्होंने वहां रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था और 3 सितंबर को आंदोलन आरंभ हो गया। ठीक है कि सोशल मीडिया नई पीढ़ी और सक्रिय लोगों के जीवन में इतना पैठ बना चुका है कि प्रतिबंध सामान्य तौर पर स्वीकार नहीं हो सकता। नेपाल में सोशल मीडिया के माध्यम से 12 अरब डॉलर माह से ज्यादा का कारोबार हो रहा है। नई पीढ़ी रील बनाने से लेकर अन्य वीडियो आदि से भारी कमाई कर रही है। सोशल मीडिया भुगतान का भी जरिया बन गया है।

तो नेपाल में इसका प्रतिबंधित होना आसानी से स्वीकार नहीं हो सकता था। सरकार का कहना था कि सोशल मीडिया के माध्यम से देश की सुरक्षा को खतरा पहुंचाया जा रहा था, सांप्रदायिक घृणा भी फैलाई जा रही थी। इसलिए इनका नियमन करना जरूरी है। उच्चतम न्यायालय ने निबंधन की बात कही थी कि जिसका आधार बनाकर सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन उग्र विरोध को देखते हुए सरकार ने प्रतिबंध भी हटा लिया। अगर केवल इसका प्रतिबंध विरोध का कारण होता तो ऐसी स्थिति नहीं बनती। पहले दिन ही विरोध प्रदर्शन के बीच 21 लोगों की मृत्यु आग में घी डालने वाला साबित हुआ, इतनी बड़ी संख्या में किसी आंदोलन में सुरक्षा बलों की कार्रवाई से मृत्यु हो तो गुस्सा, उत्तेजना पैदा होना स्वाभाविक था। बावजूद ऐसी हिंसा, हर विचारधारा की राजनीति और नेताओं को संपूर्ण नष्ट करने की सीमा तक अभियान चलाना किसी दृष्टिकोण से सामान्य नहीं था।

हाल के समय में जहां भी इस तरह की घटनाएं हुई हमने आधार कारणों का विश्लेषण करते हुए प्रकारांतर से उन्हें न्यायसंगत ठहराने की कोशिश की है। नेपाल के संदर्भ में भी नेताओं के भ्रष्टाचार, उनके बच्चों का



विलासितापूर्ण जीवन, राजनीतिक अस्थिरता आदि को इसके पीछे प्रमुख कारण बताया गया। यह तो नहीं कह सकते कि नेपाल में असंतोष और विरोध के कारण नहीं थे। 2006 में माओवादियों के शांति समझौते के बाद 2008 में राजशाही के अंत के साथ आरंभ संसदीय लोकतंत्र का प्रयोग नेपाल में अनेक विद्रूपताओं का शिकार हुआ। 2008 से एक नया दौर आरंभ हुआ तो 2015 में फिर नए संविधान के साथ नेपाल ने कदम आगे बढ़ाया। किंतु 17 वर्षों में 14 सरकारों के आने- जाने से बड़ा प्रमाण राजनीतिक अस्थिरता का क्या हो सकता था। हथियार के दबाव में परिवर्तन लाने वाले पुष्पकमल दहल प्रचंड तीन बार प्रधानमंत्री बने तो कम्युनिस्ट पार्टी और नेपाल के केपी शर्मा ओली तथा कांग्रेस के शेर बहादुर भी इतनी ही बार।

आप देखेंगे कि पिछले काफी समय से नेपाल में अलग-अलग किस्म के आंदोलन चलते रहे हैं जिनमें नेपाल को फिर हिंदू राष्ट्र घोषित करने तथा राजशाही की पूर्ण वापसी प्रमुख था। इनकी रैलियों में हजारों लोग आने लगे। नेपाल के ज्यादातर जिलों में इनकी रैलिया हुईं और हजारों लोगों की इनमें भागीदारी थी। केपी शर्मा होली ने राजा ज्ञानेंद्र की गतिविधियों को रोकने की कोशिश की तथा आंदोलन में हुए, तोड़फोड़ के लिए उन पर 7 करोड़ 93 लाख का जुर्माना भी लगाया। मधेसी आंदोलन ने सदियों से उपेक्षित यहां तक की नागरिकता विहीन व्यक्तियों के दमन को आवाज दी किंतु अधिकतर मधेस नेता भी राजनीतिक स्वार्थ एवं निजी लाभ के वशीभूत एकजुट नहीं रह सके। हाल में नेपाल में मुस्लिम तथा ईसाई समुदाय की बढ़ती आबादी के विरुद्ध भी असंतोष बढ़ा है। मुस्लिम आबादी तराई या मधेश के क्षेत्र में है और उसके कारण समाज में असहज स्थिति पैदा हुई है। 2008 की संविधान सभा सह संसद ने बिना घोषणा के हिंदू राष्ट्र का अंत कर नेपाल को सेक्युलर देश घोषित किया। इसमें बालेंद्र शाह जैसे रैपर तथा सूदन गुरुंग जैसे हामी नेपाल एनजीओ के संचालकों ने नई पीढ़ी को आकर्षित किया। उनकी लोकप्रियता बढ़ी। बालेंद्र शाह ने कांग्रेस और कम्युनिस्ट दोनों को पराजित कर काठमांडू के मेयर का चुनाव जीता तथा 2023 में टाइम्स पत्रिका ने उन्हें विश्व के 100 प्रभावशाली व्यक्तियों में शामिल कर दिया। हालांकि इस बीच दुर्गा परसाई जैसे राष्ट्रीय प्रजातांत्रिक पार्टी के नेता भी उभरे जो संवैधानिक राजशाही की पुनर्स्थापना के समर्थक हैं। बेरोजगारी के कारण युवाओं का विदेशों में पलायन नेपाल के लिए आम बात थी। इस समय नेपाल के लोग दुनिया के अनेक कोने में है। वहां से प्रभावित हैं।

किंतु कई बार हम जल्दीबाजी में तात्कालिक घटनाओं की वास्तविक पृष्ठभूमि, उसके उसके पीछे की सोच, विचारधारा तथा इसके भावी डरावने प्रभावों का आकलन नहीं कर पाते। नेपाल अकेला देश नहीं है जहां राजनीति और सत्ता भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी हो और काफी हद तक प्रत्यक्ष दिखाई भी पड़ता हो। इस तरह की स्थिति इसके पूर्व दक्षिण एशिया में श्रीलंका तथा बांग्लादेश में ही पैदा हुई। बांग्लादेश की घटना के पीछे अमेरिका और तथा पाकिस्तान की प्रमुख भूमिका थी।

कहने का तात्पर्य इस तरह के विद्रोहों के पीछे ऐसी सोच, विचारधारा, योजना और तैयारी रही है जिसकी ओर हमारा स ध्यान नहीं जाता। आज भी स्थिति यह है कि अगर आप इस तरह के कृत्यों का तार्किक विरोध करें तो आपको उग्र प्रतिरोध का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान भारत के प्रति विरोध की भी अनेक घटनाएं सामने आई। साफ है कि नेपाल के पूरे घटनाक्रम के पीछे के कारणों की गहराई से पड़ताल करनी होगी। पूरे विश्व में विरोधों का जैसा चरित्र दिख रहा है उसी क्रम में ही इसे देखा जाना चाहिए।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति



संकलित

## दर्शन

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मों की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है। चतुर्थ आर्यसत्य दुख निरोध के अष्टांग मार्ग हैं-सम्यक दृष्टि, सम्यक संकल्प, सम्यक वाक, सम्यक कर्मात, सम्यक आजीव, सम्यक व्यायाम, सम्यक स्मृति और सम्यक समाधि।

# अपने बल पर न इतराए और न दूसरे को कमजोर समझें



संकलित

## प्रेरणा

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्राइवेट कर्मचारियों को मिले उचित पेंशन

आजकल एक खबर सुर्खियों में है कि केंद्र सरकार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन कर्मचारी पेंशन योजना के तहत प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों की न्यूनतम पेंशन में वृद्धि कर सकती है। अभी यह न्यूनतम पेंशन लगभग 1000 रुपए है। अगर सरकार इस पेंशन को लगभग 7500 रुपए कर देती है तो इससे करोड़ों लोगों को खुशी होगी और इससे इनकी बुढ़ापे में अपने खर्चे की टेंशन कुछ कम होगी। देश के हर कर्मचारी, चाहे वो सरकारी नौकरी का हो या निजी किसानों-संस्थान का, को पेंशन महंगाई के हिसाब से मिलनी चाहिए। 60 वर्ष के बाद तो किसी भी व्यक्ति में इतनी एनर्जी नहीं रह जाती कि वो अपने खर्चे पूरे करने के लिए और कोई नौकरी कर ले या काम धंधा कर ले। – *विवेक जोशी, बिलासपुर*

## X ट्रेंड


### सबसे बड़ी विशेषता



जब नरेंद्र मोदी जी भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री थे, तब वे अक्सर मध्यप्रदेश आया करते थे। उन्होंने पूरे प्रदेश का व्यापक दौरा किया। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि वर्षों बाद भी वे उन कार्यकर्ताओं को याद रखते हैं और उन्हें सम्मान देते हैं।

**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री**


### बहुत भावुक क्षण



यह एक बहुत ही भावुक क्षण था। असम के कलाकारों ने प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में भूपेन दा की 100वीं जयंती समारोह के दौरान भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका दा की कुछ कालजयी रचनाओं का प्रदर्शन किया।

**-किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री**


### राहत पैकेज मिले



बाढ़ ने पंजाब में भीषण तबाही मचाई है। आज घोनेवाल में गांववासियों से मिला - उजड़े आशियाने, बर्बाद खेत, बिखरी ज़िंदगियां। राज्य और केंद्र बिना देरी पीड़ितों राहत पैकेज और मुआवज़ा दें।

**- राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### खेलना सही नहीं



भारत की 26 विवाहित महिलाओं को भारत के कश्मीर में पाकिस्तानियों द्वारा अपने-अपने पतियों की निर्मम हत्या देखने के लिए मजबूर किया गया। भयानक, लेकिन उससे भी भयानक है, तथाकथित कसाइयों पाकिस्तान के साथ बाहर आकर क्रिकेट खेलना।

**- सुब्रमण्यम स्वामी, भाजपा नेता**

## करंट अफेयर


# ट्रंप के प्रतिबंधों से अमेरिका नहीं आ सकेंगे विदेशी छात्र



अफगानिस्तान में लड़कियों के कॉलेज जाने पर तालिबान की ओर से प्रतिबंध लगाए जाने के बाद बहारा सागरी नाम की युवती ने उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अमेरिका जाने के बारे में सोचा। बहारा (21) ने कई वर्षों तक प्रतिदिन आठ घंटे तक अंग्रेजी का अभ्यास किया और आखिरकार उसे इलिनॉय के एक निजी लिबरल आर्ट्स कॉलेज में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई करने का प्रस्ताव मिला। बहारा इस साल अमेरिका पहुंचने की उम्मीद में थीं लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यात्रा प्रतिबंध के कारण उनका सपना एक बार फिर पूरा नहीं हो पाया। बहारा ने कहा, आपको लगता है कि आखिरकार आप अपने सपने की ओर बढ़ रहे हैं लेकिन फिर कुछ ऐसा होता है कि जैसे सब कुछ खत्म हो गया हो। ट्रंप प्रशासन ने 19 देशों के नागरिकों पर यात्रा प्रतिबंध लगाए हैं और इन प्रतिबंधों से हजारों विद्यार्थी प्रभावित हुए हैं, जिनमें से कई ऐसे भी हैं जो अमेरिका आने के लिए काफी समय और पैसा लगाने के बाद अब खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। कुछ विदेशी छात्र इस साल कॉलेजों में प्रवेश के प्रस्ताव मिलने के बावजूद नहीं आ पा रहे हैं क्योंकि वीजा प्रक्रिया के दौरान अतिरिक्त जांच-पड़ताल होने के कारण वीजा मिलने में देरी हो रही है।

## ऑफ बीट

# क्या छोटे व्यायाम सत्र भी उपयोगी हो सकते हैं ?



'माइक्रोडोज़िंग' शब्द की शुरुआत साइकेडेलिक ड्रग्स की बेहद कम मात्रा में सेवन को लेकर हुई थी, जिससे मूड और प्रदर्शन में सुधार हो सके और दुष्प्रभाव कम हों। अब यह शब्द किसी भी चीज़ की अल्प मात्रा में खपत के लाभ को संदर्भित करने लगा है-जिसमें व्यायाम भी शामिल है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति समयाभाव के कारण 30 मिनट की दौड़ नहीं कर सकता, तो छोटे-छोटे व्यायाम सत्र भी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो सकते हैं। कम से कम कितना चलना जरूरी है।विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, वयस्कों को सप्ताह में कम से कम 150 मिनट का मध्यम तीव्रता वाला एरोबिक व्यायाम (जैसे कि तेज़ चलना) या 75 मिनट का तीव्र व्यायाम (जैसे दौड़ना) करना चाहिए। यह व्यायाम दौड़ना, तैरना, साइकिल चलाना या टीम स्पोर्ट्स जैसी गतिविधियां हो सकती हैं। साथ ही, मांसपेशियों को मज़बूत करने वाले व्यायाम (जैसे भार उठाना या स्प्रिंटिंग) सप्ताह में दो बार करना भी आवश्यक है। क्या घरेलू काम भी व्यायाम है? रोज़मर्रा की गतिविधियां जैसे बच्चों के साथ खेलना या बस स्टॉप तक पैदल जाना भी कुल शारीरिक गतिविधि में योगदान देती हैं। जैसे कि पोछा लगाना आदि मध्यम तीव्रता की गतिविधियों के अंतर्गत आ सकते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः लिया संज्ञान

# हिमाचल में अनियंत्रित विकास चिंतनीय, ऐसे में तो नक्शे से गायब हो जाएगा

## पर्यावरण नुकसान पर चिंता जताई, फैसला 23 सितंबर को आएगा फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश में अनियंत्रित विकास से पर्यावरण को हो रहे नुकसान के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने सोमवार को मामले में सुनवाई की। अदालत ने फिलहाल अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले में 23 सितंबर को आदेश पारित किया जाएगा।कोर्ट ने कहा कि इस मामले की सुनवाई के समय हिमाचल में एक और भयावह पर्यावरणीय घटना हुई, जो चिंता का विषय है। कोर्ट की ओर से नियुक्त एमिकस क्यूरी ने सुझाव दिया कि इस मामले का दायरा बहुत व्यापक है, इसलिए एक समिति गठित की जा सकती है, जो इसके विभिन्न पहलुओं की गहन जांच करे।



### राज्य सरकार ने रिपोर्ट दाखिल की

अपने जवाब में राज्य सरकार को बताना था कि उसने पर्यावरण संरक्षण के लिए क्या कदम उठाए हैं और भविष्य को लेकर क्या योजना है। सोमवार को राज्य सरकार ने कोर्ट के निर्देश के अनुसार रिपोर्ट दाखिल की है। हिमाचल प्रदेश सरकार की रिपोर्ट के अनुसार, ग्लेशियरों का 5वां हिस्सा गायब हो चुका है, जिससे नदियों का तंत्र प्रभावित हुआ है। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन का पहाड़ों की सुरक्षा पर भी गंभीर प्रभाव पड़ा है।

### कोर्ट ने मांगा था हलफनामा

कोर्ट ने कहा था कि जलवायु परिवर्तन का राज्य पर 'स्पष्ट और चिंताजनक प्रभाव' पड़ रहा है।कोर्ट ने चेतावनी दी थी कि अगर अनियंत्रित विकास इसी तरह जारी रहा तो हिमाचल प्रदेश एक दिन नक्शे से गायब हो सकता है। राज्य सरकार को चार सप्ताह के भीतर पर्यावरण संरक्षण पर हलफनामा मांगा था।

### पर्यावरणीय परिस्थितियों पर करेंगे आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह हिमाचल प्रदेश में पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय परिस्थितियों से संबंधित मुद्दों पर स्वतः संज्ञान मामले में 23 सितंबर को अपना आदेश पारित करेगा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने हिमाचल प्रदेश की ओर से पेश वकीलों से कहा, 'आदेश के लिए 23 सितंबर को सूचीबद्ध करें। हम सभी बातों का सारांश प्रस्तुत करने के बाद आपको एक संक्षिप्त आदेश देंगे, ताकि आपको विशिष्ट निर्देश मिल सकें।'

पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी

# शीर्ष कोर्ट 26 सितंबर को करेगा फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी से संबंधित स्वतः संज्ञान मामले में 26 सितंबर को आदेश पारित करेगा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि यह मुद्दा निगरानी का है। इससे पहले 4 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया था, जिसमें कहा गया था कि पिछले आठ महीनों में राजस्थान में पुलिस हिरासत में 11 मौतें हुईं। कोर्ट ने नोट किया था कि रिपोर्ट के अनुसार इनमें से सात घटनाएं उदयपुर संभाग में ही हुईं।

### 2018 में पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का दिया था आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में मानवाधिकारों के हनन को रोकने के लिए पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया था। कोर्ट ने केंद्र को सीबीआई, ईडी और एनआईए सहित एजेंसियों के कार्यालयों में कैमरे लगाने को कहा था।

### राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दिए थे अहम निर्देश

कोर्ट ने कहा था कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक पुलिस स्टेशन, सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं, मुख्य द्वार, लॉक-अप, गलियारों, लॉबी और रिसेप्शन के साथ-साथ लॉक-अप रूम के बाहर के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

### हिमाचल के महाधिवक्ता ने दी जानकारी

हिमाचल के महाधिवक्ता और अतिरिक्त महाधिवक्ता ने पीठ को इस मामले में राज्य द्वारा दायर एक रिपोर्ट के बारे में बताया। न्याय मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता के. परमेश्वर ने कहा कि राज्य द्वारा वृक्षावरण सहित कई पहलुओं को शामिल किया गया है।

## खबर संक्षेप

### कोटखाई में बड़ा सड़क हादसा, 5 लोगों की मौत



**कोटखाई**। हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के कोटखाई क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। कोटखाई रामनगर के खोला कैंची के पास पिकअप गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हुई है। बताया जा रहाहै कि इस हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक घायल ने अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में दम तोड़ दिया। 2 घायल हैं।

### आनंदविहार जा रही ट्रेन पर सिंभावली में पथराव



**न्यूजलपाईगुड़ी**। यहां से चलकर मुरादाबाद होते हुए आनंदविहार जा रही एक्सप्रेस ट्रेन पर सिंभावली स्टेशन के पास पथराव हो गया। (12523) सुपरफास्ट एक्सप्रेस की बोगी में सवार यात्रियों ने इसकी सूचना एक्स पर पोस्ट की। इसके बाद रेलवे कंट्रोल और आरपीएफ की टीम अलर्ट हो गई। यात्रियों ने लिखा कि सिंभावली के पास ट्रेन पर पथराव हुआ है।

### हरियाणवी फिल्म एक्टर उत्तर कुमार गिरफ्तार



**चंडीगढ़**। हरियाणवी फिल्मों के निर्देशक और निर्माता उत्तर कुमार को पुलिस ने दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी सोमवार को की गई। उत्तर के खिलाफ जून माह में एक युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। उत्तर को तबीयत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाद में तबीयत खराब हो गई थी।

### अनंत के वनतारा को मिली क्लीन चिट



**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस जे चेलमेश्वर की अध्यक्षता वाली एसआईटी ने गुजरात के प्राणी बचाव और पुनर्वास केंद्र वनतारा को क्लीन चिट दे दी है। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया और कहा कि प्राधिकारियों ने वनतारा में अनुपालन और नियामक उपायों के मुद्दे पर संतुष्टि व्यक्त की है।

पीएम मोदी ने पूर्णिया हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का किया उद्घाटन

# घुसपैठियों को जाना होगा बाहर, कांग्रेस व राजद राज्य के सम्मान के लिए खतरा बने

## विपक्ष यहां का विकास पचा नहीं पा रहा, बीड़ी से कर रहा तुलना

एजेंसी ▶▶ पूर्णिया

पीएम मोदी ने करीब 40 हजार करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इसमें मखाना बोर्ड की स्थापना सबसे प्रमुख है। इसके बाद पूर्णिया एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद 4 ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं पूर्णिया की गरीब महिलाओं को आवास योजना के तहत घर की चाबी भेंट की। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि मैं इन लोगों को एक बात अच्छी तरह समझाना चाहता हूं कि राजद और कांग्रेस की जमात कान खोलकर सुन लो, जो भी घुसपैठिया है, उसे बाहर जाना ही होगा। घुसपैठ पर ताला लगाना, एनडीए की पक्की जिम्मेदारी है। जो घुसपैठियों को बचा रहे हैं, मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि आप कितनी भी ताकत लगा लो अब हम उन्हें घुसने नहीं देंगे। भारत में घुसपैठियों की मनमान नहीं चलेगी। यह मोदी की गारंटी है । कांग्रेस और राजद के लोग घुसपैठियों की वकालत कर रहे हैं। यह लोग घुसपैठियों के लिए नारे लगा रहे हैं। राजद की सरकार में माताएं-बहनें परेशान थीं। वह डरी हुई थीं।

### विपक्ष को केवल अपने परिवार की चिंता हम बना रहे 'लखपति दीदी'




आज डबल इंजन की सरकार में वे लखपति दीदी बन रही है। जीविका दीदी आज पूरे देश के लिए प्रेरणा है। पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस को केवल अपने परिवार की चिंता है। यह लोग कभी आपकी चिंता नहीं करेंगे। लेकिन, मोदी के लिए आप ही परिवार हो। इसलिए मोदी कहता है सबका साथ सबका विकास। आने वाले दिनों में कई पर्व और त्योहार आने वाले हैं। इस बार हमारी सरकार ने गरीबों के लिए बहुत बड़ा उपहार दिया है। आज से ठीक हफ्ते बाद नवरात्र का त्योहार आएगा। और, 22 सितंबर से जीएसटी कम हो जाएगी।

### एनडीए सरकार ने मखाना बोर्ड बनाया

पीएम मोदी ने कहा कि हर गरीब को पक्का घर देना मेरा लक्ष्य है। जब तक हर गरीब को पक्का मकान नहीं मिल जाता है तब तक मोदी चैन से नहीं बैठने वाला है। पीएम मोदी ने कहा कि पूर्णिया में एयरपोर्ट का शुभारंभ हो चुका है। नया टर्मिनल भवन रिकॉर्ड पांच महीने में बना। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि राजद और कांग्रेस के कुशासन का परिणाम सीमांचल को सबसे ज्यादा भोगना पड़ा है। लेकिन, अब एनडीए सरकार के समय में यहां विकास हो रहा है। मखाना किसानों के लिए एनडीए सरकार ने पूर्णिया में मखाना बोर्ड देने की घोषणा की। बिहार के विकास की गति कुछ लोगों को रास नहीं आ रही है। जिन लोगों ने बिहार का शोषण किया।

### राजद की सहयोगी कांग्रेस को बिहार से लेना-देना नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि बिहार का विकास कांग्रेस और राजद वालों को पच नहीं रहा है। कुछ दिन पहले ही राजद की सहयोगी कांग्रेस पार्टी बिहार की तुलना बीड़ी से कर रही है। ये केवल अपनी तिजोरियां भर रहे हैं। ऐसे लोग बिहार का विकास कैसे कर सकते हैं? कांग्रेस के एक प्रधानमंत्री ने माना कि दिल्ली से चला हुआ 100 पैसा में से 85 पैसा रास्ते में ही रह जाता है। पहले लालटेन जलाकर पंजा सारा पैसा रख लेता था। कांग्रेस और राजद को विकास से कोई लेना देना नहीं है।

### पीएम मोदी ने लोगों से माफी मांगी

इसके बाद उन्होंने मैथिली में लोगों को प्रमाण कहा। कहा कि मैं आप सबसे क्षमा मांगता हूं कि कोलकाता में मेरे कार्यक्रम के कारण मुझे पूर्णिया आने में देर हुई।

### 40 हजार करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण किया

पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां बिहार के विकास के लिए करीब 40 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। उन्होंने कहा कि रेल, एयरपोर्ट, बिजली, पानी से जुड़ी ये परियोजनाएं सीमांचल के सपनों को पूरा करने का माध्यम बनेंगी।

### 4 करोड़ लोगों को दिए मकान

पीएम मोदी ने कहा कि बेघर भाइयों और बहनों को पक्का घर मिलेगा। हमारी सरकार ने 11 साल में 4 करोड़ से ज्यादा पक्के घर बनाकर लोगों को दिए हैं।

### पीएम मोदी के साथ मंच पर सांसद पप्पू यादव, हाथ जोड़कर किया प्रणाम



पूर्णिया एयरपोर्ट के उद्घाटन के दौरान एक अलग तस्वीर देखने को मिली। कार्यक्रम एनडीए का है, लेकिन मंच पर सांसद पप्पू यादव भी दिखे। मंच पर जब प्रधानमंत्री पहुंचे तो उनका स्वागत हुआ। इसके बाद जब वे अपने स्थान पर बैठ गए तो पीछे से आकर यादव ने प्रधानमंत्री को प्रणाम किया. प्रधानमंत्री ने भी हाथ जोड़कर प्रणाम किया।

# पंजाब बाढ़ पर झूठे आंसू बहाकर सस्ती राजनीति कर रहे राहुल गांधी: चुग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग ने सोमवार को आरोप लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पंजाब की भीषण बाढ़ पर झूठे आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब लाखों पंजाबी बाढ़ में फंसे अपनी जान बचाने और खेत-खलिहान संभालने में जूझ रहे थे, तब राहुल गांधी भारत से बाहर कहीं आराम से विदेश में समय बिता रहे थे और अब जब पानी उतरने लगा है और लोग अपने नुकसान का हिसाब कर रहे हैं, तब राहुल महज फोटो-ऑप के लिए पंजाब पहुंचे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि पूरा कांग्रेस हाईकमान, गांधी परिवार और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पंजाब में आई इस भीषण आपदा पर एक महीने तक क्यों चुप रहा। "यह कोई नई बात नहीं है। यही बेरुखा और असंवेदनशील रवैया कांग्रेस ने पंजाब के साथ पहले भी दिखाया है-चाहे वह ऑपरेशन ब्लूस्टार के काले दिन रहे हों या 1984 का कांग्रेस रचित सिखों के खिलाफ हुए दंगे हों।

बर्खास्त आईएएस पर फिर विवाद

# पूजा के घर से मिला 'अगवा' ट्रक चालक, मां को समन

एजेंसी ▶▶ मुंबई



पूजा खेड़कर वही बर्खास्त आईएएस अधिकारी हैं, जिन पर विकलांगता कोटे का गलत तरीके से लाभ लेने का आरोप लगा था। उनकी नौकरी चली गई। अब वह एक बार फिर से विवादों में आ गई है और उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। नवी मुंबई पुलिस ने रविवार को एक ट्रक चालक को, (जिसका कथित तौर पर रोड रेज के बाद अपहरण कर लिया गया था) पूजा के पुणे स्थित आवास से छुड़ाया और मामला दर्ज किया है।

### गाड़ी एसयूवी से टकराई थी

पुलिस ने पूजा खेड़कर के आवास में प्रवेश करने से रोकने के लिए उनकी मां को भी समन जारी किया। पुलिस के अनुसार यह घटना 13 सितंबर को शाम करीब 7 बजे मुलुंड-ऐरोली रोड पर ऐरोली इलाके के सिग्नल पर हुई थी। नवी मुंबई निवासी 22 वर्षीय प्रह्लाद कुमार अपना कंक्रीट मिक्सर ट्रक चला रहे थे, तभी उनकी गाड़ी एक एसयूवी से टकरा गई थी । इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 26-SRDEE-G-DLI-2025-26-E3<br>डीबीएसआई में मौजूदा पुराने शस्त्रागार को वीवीआईपी लाउंज में परिवर्तित करने के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 21,89,781.00 |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 43,800.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 07.10.2025, 16:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 07.10.2025, 16:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in<br>वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

2828/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **हरप्रीत, पुत्र:** हरदेव सिंह, **पता:** मकान नं. 24/89/99, दूसरी मंजिल, तिलक नगर, दिल्ली **FIR No: 201/17, U/S: 379/411/413/120B/34 IPC, पुलिस थाना: कंझावला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरप्रीत,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरप्रीत,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **हरप्रीत, FIR No: 201/17, U/S: 379/411/413/120B/34 IPC, पुलिस थाना: कंझावला, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अपूर्व भारद्वाज
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी
उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नंबर 113, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/12103/RD/2025
(Court Matter)


एक अक्टूबर से शुरू होने वाली खरीद को हरियाणा में निर्धारित समय से पहले शुरू करने पर केंद्र सरकार राजी

# पीईजी योजना के तहत हरियाणा के गोदामों की क्षमता को बढ़ाकर 30 लाख मीट्रिक टन करने की केंद्र सरकार से मिली मंजूरी: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी के साथ बैठक कर किसानों के हितों और फसल खरीद से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि हरियाणा में 1 अक्टूबर से प्रस्तावित फसल खरीद को निर्धारित समय से पहले शुरू करने की अनुमति दी जाए, ताकि किसानों को बिना किसी परेशानी के अपनी उपज बेचने का अवसर मिल सके। मुख्यमंत्री के इस आग्रह को केंद्र सरकार ने स्वीकार कर लिया।

बैठक के दौरान, प्राइवेट एंटरप्रेन्योर्स गारंटी (पीईजी) स्कीम के तहत हरियाणा के गोदामों की क्षमता को बढ़ाकर 30 लाख मीट्रिक टन करने की केंद्र सरकार की ओर से मंजूरी प्रदान की गई। इसके अलावा, केंद्रीय पूल में हरियाणा द्वारा दिए गए गेहूं और चावल की फसल की बकाया राशि 6200 करोड़ रुपए का जल्द भुगतान का भी आश्वासन मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के पास मौजूदा वक्त में केंद्रीय पूल का 100 लाख मीट्रिक टन गेहूं और चावल का स्टॉक है। दिसंबर में अगली फसल की सप्लाई शुरू होने पर हरियाणा को 14.5 लाख मीट्रिक टन स्टॉक रखने का स्थान केंद्र सरकार से अतिरिक्त प्राप्त होगा। अतिरिक्त चावल व गेहूं को अन्य राज्यों में भेजा जाएगा। बैठक के दौरान, फसल विविधीकरण और गन्ने की फसल को बढ़ावा देने के लिए सैनी ने शुगर मिल की दूरी को 25 किलोमीटर से घटाकर 15 किलोमीटर रखने का प्रस्ताव दिया, जिस पर भारत सरकार ने अनुमोदन दिया। मुख्यमंत्री ने पीडीएस के तहत बांटे जाने वाले चावल को 25 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत टूटा हुआ करने की पायलट योजना का पुरजोर समर्थन किया और हरियाणा का लक्ष्य 3.5 लाख टन से बढ़ाकर 8 लाख टन करने पर केन्द्र सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा इस साल 10 प्रतिशत टूटे चावल के 8 लाख मीट्रिक टन की खरीद के लक्ष्य को पूरा करेगा। 15 प्रतिशत बचे टूटे चावल को केंद्र सरकार की तरफ से 15 दिनों में बेचा जाएगा। बैठक में हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता, रेजिडेंट कमिश्नर डी सुरेश सहित कई उच्च अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए तीन आपराधिक कानूनों को लेकर राज्य में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इनको लेकर कुरूक्षेत्र में विशाल प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी का उदघाटन केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे। एक अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विशेष सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस सेवा पखवाड़े के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा विशेष कार्यक्रम एवं कार्य योजना बना कर महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य जैसे बड़े स्तर पर सेवा कार्य किए जाएगें। उन्होंने कहा कि सेवाओं को लेकर कई कार्यक्रम चलाएं जाएगें और महिलाओं व नागरिकों के स्वास्थ्य पर फोकस किया जाएगा।



खेड़ा बोले- बिहार से सरकार जमीन छीन रही, कोयला ले रही, पेड़ काट रही और लोगों को महंगी दर से बिजली बेच रही

# कांग्रेस का दावा: बिहार में अडानी को 1 रुपए में 1 हजार 50 एकड़ जमीन और 10 लाख पेड़ दिए गए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने बिहार के भागलपुर में उद्योगपति गौतम अडानी को पावर प्लांट लगाने के लिए 1 रुपए प्रतिवर्ष की दर से 1,050 एकड़ जमीन और 10 लाख पेड़ दिए जाने का बड़ा खुलासा करते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने दोस्त के लिए प्रदेश को लूटने की संज्ञा दी है।

इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने बताया कि किसानों से उनकी जमीन जबरदस्ती और धमकाकर ली जा रही है। इस प्लांट का शिलान्यास करने के लिए आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार आ रहे हैं और इस दौरे के दौरान कुछ किसानों को नजरबंद कर दिया गया, ताकि वे विरोध न कर सकें। खेड़ा ने बताया कि यह जमीन और आम, लीची, सागवान के पेड़ मात्र 1 रुपये प्रति वर्ष की दर से 33 साल के लिए अडानी समूह को सौंप दिए गए हैं। यह सौदा भागलपुर के पीरपैंती में 2,400 मेगावाट के पावर प्लांट के लिए है, जिसकी अनुमानित लागत 21,400 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि इस पावर प्लांट की घोषणा केन्द्रीय बजट में भी हुई थी। उस वक्त सरकार ने कहा था कि वो खुद ये प्लांट लगाएगी। लेकिन बाद में सरकार ने हाथ खड़े कर दिए और ये प्रोजेक्ट अडानी को दे दिया गया।

कांग्रेस नेता ने कहा कि यह आम के आम, गुठलियों के दाम वाली कहानी है। जमीन, पेड़, कोयला, सब कुछ गौतम अडानी को दे दिया गया। बिहार की जमीन और संसाधनों से बना पावर प्लांट बिहार के लोगों को 6.075 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली बेचेगा। जबकि महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में यह फ़िक्स दर 3 से 5 रुपए है। उन्होंने इसे बिहार की जनता के साथ डबल लूट करार देते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी अपने दोस्त के लिए बिहार को कुछ इसी तरह से लूट रहे हैं और यही सब करके प्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया गया। खेड़ा ने कहा कि बिहार से सरकार जमीन छीन रही है, कोयला ले रही है, पेड़ काट रही है और उन्हीं लोगों को 6.075 रुपए में बिजली बेच रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जब भी चुनाव नजदीक आते हैं और भाजपा को हार का डर सताता है, तब अडानी को बड़े प्रोजेक्ट्स दिए जाते हैं। उन्होंने महाराष्ट्र, झारखंड और छत्तीसगढ़ में अडानी को मिले प्रोजेक्ट्स का जिक्र किया। बिहार सरकार के 125 यूनिट मुफ्त बिजली के ऐलान पर खेड़ा ने तंज कसते हुए कहा कि यह मुफ्त बिजली टैक्सपेयर के पैसे से दी जाएगी। अडानी को तो 6.075 रुपए प्रति यूनिट ही मिलेंगे। यह जनता की जेब से पैसा निकालकर अडानी को देने जैसा है। इस सौदे को घोर कलयुग करार देते हुए इसे रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर बिहार में कांग्रेस की सरकार बनी, तो इस तरह के प्रोजेक्ट्स को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल, पुत्र: बिशन साहनी, पता: 1) ए–396/397, जेजे कॉलोनी, चौखंडी, तिलक नगर, दिल्ली, 2) ए–599, जेजे कॉलोनी, ख्याला, नई दिल्ली–18** ने**FIR No. 79/2018, U/s 33/38 DE. Act, पुलिस थाना तिलक नगर, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राहुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 79/2018, U/s 33/38 DE. Act, पुलिस थाना तिलक नगर, नई दिल्ली** के अभियुक्त **राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.11.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
डॉ. अनीजा बिश्नोई
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07
पश्चिम जिला, कमरा नं. 289, द्वितीय तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12289/WD/2025

## खबर संक्षेप

### 26 अक्टूबर से चालू होगा दिल्ली हवाई अड्डे का टर्मिनल-2

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे का उन्नत टर्मिनल-2 अगले महीने की 26 तारीख से चालू हो जाएगा। इससे कुल वार्षिक यात्री क्षमता 10 करोड़ हो जाएगी। राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) में तीन टर्मिनल - टी1, टी2 और टी3 हैं। यह देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है।

### रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 88.20 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया सीमित दायरे में कारोबार के बाद छह पैसे बढ़कर 88.20 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी व्यापार शुल्क को लेकर चिंताओं और फेडरज रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के बीच रुपया 'फंसा' रहा। नियंत्रित करने और इसके त्वरित अवमूल्यन को रोकने में मदद मिली है।



### बीएचईएल को राजभाषा कीर्ति पुरस्कार 2024-25 के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार

**नई दिल्ली।** बीएचईएल को राजभाषा के क्षेत्र में 'उत्कृष्ट कार्यान्वयन' एवं 'श्रेष्ठ हिन्दी गृह पत्रिका' के लिए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राजभाषा के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। ये पुरस्कार बीएचईएल के निदेशक (मानव संसाधन) श्री कृष्ण कुमार ठाकुर ने 14 सितंबर को गांधीनगर, गुजरात में आयोजित हिन्दी दिवस समारोह और 5वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह से प्राप्त किए।

### वित्त मंत्री ने जारी की नीति आयोग की रिपोर्ट

# नियामकीय उपायों से नवोन्मेषण को बढ़ावा मिलना चाहिए : सीतारमण

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को ऐसे नियामकीय उपायों की जरूरत पर जोर दिया, जो तकनीकी नवोन्मेषण, विशेष रूप से कृत्रिम मेधा (एआई) को जिम्मेदारी के साथ बढ़ावा दें, न कि उसे हतोत्साहित करें। उन्होंने नीति आयोग की रिपोर्ट 'विकसित भारत के लिए एआईः तेज आर्थिक वृद्धि के अवसर' जारी करते हुए यह बात कही।

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार न केवल एआई प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में उनका जिम्मेदारीपूर्ण इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ''हम ऐसे नियामकीय उपाय नहीं चाहते हैं, जो सचमुच तकनीक को ही खत्म कर दें। हम ऐसे नियमन चाहते हैं जो जिम्मेदार अनुप्रयोग को बढ़ावा दें।''

#### चुनौतियां सिर्फ नौकरियों में ही नहीं

सीतारमण ने कहा, ''एआई तेजी से बढ़ रही हमारे वक्त की सच्चाई है। इसलिए हम सभी को सचेत रहना होगा कि हम नैतिकता से पीछे न हटें, क्योंकि एआई की अपनी चुनौतियां भी हो सकती हैं।'' सीतारमण ने आगे कहा कि चुनौतियां सिर्फ नौकरियों में ही नहीं हैं, बल्कि इस बात को लेकर भी हैं कि इनका दुरुपयोग कैसे रोका जाए।

#### एआई को काबू में रखना आना चाहिए

*वित्त मंत्री ने कहा, ''भारत एक ऐसा देश है, जो किसी भी आने वाली अच्छी चीज को समझ सकता है, लेकिन कोई भी अच्छाई पूरी तरह अच्छी नहीं होती। कोई भी अच्छाई बिना शर्त नहीं होती। हमें इसका इस तरह इस्तेमाल करना चाहिए कि यह आम आदमी के हित में हो।'' उन्होंने कहा कि एआई एक ऐसी चीज है, जिसे हमें अपने काबू में रखना आना चाहिए और इसे आम आदमी की भलाई के लिए काम करना चाहिए।*

#### एआई की कई नई भूमिका तैयार

रिपोर्ट के अनुसार, जहां एक ओर एआई कई नई भूमिकाएं तैयार करेगा, वहीं दूसरी ओर यह कई मौजूदा नौकरियों को भी विस्थापित भी करेगा। विशेष रूप से लिपिकीय और निम्न कौशल वाले क्षेत्रों में ऐसा होगा। उन्होंने एक संतुलित दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कहा कि आवश्यक निगरानी सुनिश्चित करते हुए नवाचार को बढ़ावा देना है। इससे बहुत अधिक नियमन को रोकने में मदद मिलती है। वित्त मंत्री ने कहा कि एआई तेजी से प्रगति कर रहा है और इसलिए हम सभी को सचेत रहना होगा कि हम नैतिकता से पीछे न हटें।




#### एआई से शहरी क्षेत्रों को बेहतर बनाने की योजना

सीतारमण ने कहा कि एआई मौजूदा शहरी क्षेत्रों को बेहतर बनाने और नए शहरी केंद्रों की योजना बनाने के लिए समाधान खोजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भारत के सभी जिलों में एआई-समर्थित प्रौद्योगिकी को अपनाने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, ''मैं चाहूंगी कि सभी जिले नवाचार और वृद्धि की कहानी बनकर उभरें।'

## मुनाफावसूली से शेयर बाजार में आई गिरावट

एजेंसी ▸▸ मुंबई




- संसेक्स 119 और निफ्टी 45 अंक टूटा
- आईटी और वाहन शेयरों में हुई मुनाफावसूली

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को भारी उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स 119 अंक के नुकसान में रहा और एनएसई निफ्टी में भी आठ कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले आईटी तथा वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गयी और यह 118.96 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,785.74 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 44.80 अंक की गिरावट के साथ 25,069.20 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, निवेशकों को इस सप्ताह होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक के नतीजों का इंतजार है। इससे वे बाजार से दूर रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, टाइटन, सन फार्मा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा और पावर ग्रिड प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, इटर्नल, अल्ट्राटेक सीमेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं।

## चांदी 300 रुपये बढ़कर नए शिखर पर, सोना रिकॉर्ड ऊंचाई से फिसला



**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमत 300 रुपये बढ़कर 1,32,300 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जबकि सोना अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से 500 रुपये घट गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला मानक सोना सोमवार को 500 रुपये गिरकर 1,13,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया, जिससे इसकी चार दिनों की बढ़त का सिलसिला टूट गया। शुक्रवार को यह 700 रुपये बढ़कर 1,13,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इसके साथ ही 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500 रुपये की गिरावट के साथ 1,12,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया।

## कश्मीर से आदर्श नगर दिल्ली के लिए पार्सल कार्गो ट्रेन को आज हरी झंडी दिखा कर रवाना किया



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने जम्मू मंडल के कश्मीर घाटी के बड़गाम रेलवे स्टेशन से आदर्श नगर दिल्ली के लिए 08 पार्सल वैन कोच रैपिड कार्गो ट्रेन (प्रत्येक कोच की भार क्षमता 23 टन) चलाने की घोषणा की थी। आज बड़गाम से इस कार्गो पार्सल ट्रेन को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा ने श्रीनगर रेलवे स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उद्घाटन समारोह में जम्मू-कश्मीर के कृषि मंत्री श्री जावीद अहमद डार, रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य डॉ. मनोज सिंह, जम्मू के मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक कुमार, जम्मू के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री उचित सिंघल, कश्मीर घाटी के रेलवे क्षेत्र के मुख्य प्रबंधक श्री साकिब यूसुफ, अन्य वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय व्यापारिक समुदाय के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। जम्मू-कश्मीर पुलिस ऑर्केस्ट्रा बैंड ने मुख्य अतिथि के स्वागत में देशभक्ति की धुनें बजाईं, जिससे उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ी और माहौल राष्ट्रीय भावना से भर गया। उद्घाटन समारोह के दौरान अपने संबोधन में, उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा ने कहा, हमें इस महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है, जो क्षेत्र के आर्थिक विकास में योगदान देगी।

## अब नहीं पड़ेगी एटीएम की जरूरत, फोन पर एक स्क्रैन से निकाल सकेंगे कैश



**नई दिल्ली।** अब स्मार्टफोन से कैश निकालना और आसान होने जा रहा है। देश में हर जगह इस्तेमाल होने वाला यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस), जो अभी तक पैसे भेजने, बिल चुकाने और ऑनलाइन खरीदारी के लिए इस्तेमाल होता है। अब कैश विड्रॉल के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकेगा। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) अब क्यूआर कोड स्कैन कर कैश निकालने की सुविधा भी शुरू करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए लाखों बिजनेस करेसपॉन्डेंट्स (बीसीएस), जैसे कि किराना दुकानदार या छोटे सर्विस प्वाइंट, क्यूआर कोड देंगे। ग्राहक अपने मोबाइल में किसी भी यूपीआई ऐप से कोड स्कैन करके नकद निकाल पाएंगे।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 84 BNS देखिए )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विक्रम पुत्र ओम प्रकाश निवासी म. नं. 1099, बर्तन मार्केट, सदर बाजार, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 927/2022 अन्तर्गत धारा 12/9/55 जी. एक्ट थाना सदर बाजार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विक्रम** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विक्रम** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 927/2022 अन्तर्गत धारा 12/9/55 जी. एक्ट थाना सदर बाजार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विक्रम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**गौरव गोयल**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–06
केन्द्रीय जिला, कमरा नं. 247
तीस हजारी न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/12125/N/2025 (Court Matter)**



**भारतीय रेल**

**''सार्वजनिक अधिसूचना''**

रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्दवारा सूचना दी जाती है कि उत्तर रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25 के.वी., 50 हर्टज, ए.सी. शिरोपरी कर्षण तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद विद्युतीकृत किया जाएगा। उस तारीख और उसी तारीख से शिरोपरी कर्षण तारों को हर समय विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उक्त शिरोपरी कर्षण तारों के पास न तो पहुंचेगा और न ही काम करेगा।

| खंड | टी के एम (दिनांक) |
|---|---|
| दिल्ली मंडल, उत्तरी रेलवे के शकूरबस्ती यार्ड में अतिरिक्त ट्रेन संचालन सुविधाओं के विकास हेतु विद्युतीकरण कार्य के अंतर्गत 25 केवी एसी सिंगल फेज ओएचई (OHE) का ऊर्जीकृतकरण किया गया (जिसमें कॉमन लूप लाइन संख्या 1, 2, 3 और लोको लाइन का विद्युतीकरण शामिल है)। यह कार्य लोकेशन संख्या 9/30A (चेनज 9/787.00) से लोकेशन संख्या 11/4A (चेनज 11/149.50) तक, टर्नआउट्स (Turnouts) और क्रॉस ओवर्स (Cross Overs) सहित किया गया है। | 3.913 (16.09.2025) |

**No. Dy CPM/Elect/GSU/NDLS/01**

उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/विद्युत,
गति शक्ति इकाई, नई दिल्ली

**2822/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## देश में बेरोजगारी दर लगातार दूसरे महीने घटी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर में लगातार दूसरे महीने कमी आई है। अगस्त में यह घटकर 5.1 प्रतिशत रही। सोमवार को जारी एक सरकारी सर्वेक्षण में यह कहा गया। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण जुलाई में बेरोजगारी दर 5.2 प्रतिशत रही थी। मई और जून दोनों में यह 5.6 प्रतिशत थी। मई 2025 में जारी पहले पीएलएफएस बुलेटिन के अनुसार, अप्रैल में बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत थी। कुल मिलाकर बेरोजगारी दर (15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए) लगातार दूसरे महीने घटकर अगस्त 2025 में 5.1 प्रतिशत रही।

वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्र किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत रही। पुरुषों की बेरोजगारी दर अगस्त में पांच महीनों में सबसे कम पांच प्रतिशत रही। अप्रैल में यह 5.2 प्रतिशत, मई और जून में 5.6 प्रतिशत और जुलाई में 5.3 प्रतिशत थी।

*श्रमिक जनसंख्या अनुपात में हुआ सुधार : महिलाओं में श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में लगातार दो महीनों से वृद्धि देखी गई है और यह अगस्त में बढ़कर 32 प्रतिशत हो गया जो जून में 30.2 था। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में डब्ल्यूपीआर में वृद्धि से समग्र श्रमिक जनसंख्या अनुपात में सुधार हुआ है और यह बढ़कर अगस्त में 52.2 प्रतिशत हो गया जबकि जून 2025 में यह 51.2 प्रतिशत था।*


**दि महम सह. चीनी मिल्स लि., महम (रोहतक)**

**ई-निविदा सूचना**

मूल निर्माताओं / वितरकों / प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों को निम्नलिखित जॉब्स/सामग्री के लिए ई-टेंडरिंग द्वारा उनकी दरें जमा करवाना आवश्यक है - 1) ऑक्सीजन गैस, 2) आयरन एवं स्टील, 3) लाइम एवं सल्फर शिफ्टिंग वर्क, 4) यूजीआर, रिजर्वेयर और सर्विस टैंक्स का क्लीनिंग और वॉशिंग कार्य। विस्तृत निविदा प्रपत्र उपरोक्त मदों के अनुसार ई-टेंडरिंग पोर्टल- http://etenders.hry.nic.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदा ई-टेंडरिंग पोर्टल http://etenders.hry.nic.in के माध्यम से 24.09.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे या इससे पूर्व ऑनलाइन पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं 24.09.2025 को पूर्वा. 9.30 बजे खोली जाएंगी तथा नेगोसिएशन 24.09.2025 को पूर्वा. 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। सामग्री की खरीद/बिक्री और जॉब वर्क सरकारी नीति के अनुरूप किए जाएंगे। मिल प्रबंधन बिना कोई कारण बताए किसी/सभी निविदा/निविदाओं, मद/मदों को स्वीकार/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ता/- प्रबंध निदेशक

संवाद-1039/11/100/2026/38708/सी/88/7 दि. 15.09.25



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पंकज त्यागी, परियोजना प्रभारी, सुप्रीम इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया लिमिटेड, डीयूएसआईबी, मलस्वा डेयरी, पुलिस स्टेशन रोड, मलस्वा, दिल्ली, गुरुद्वारा के सामने, जेजे कॉलोनी के पास, जहागीरपुरी, दिल्ली** ने **Case Reg. No. 261/2017, U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज त्यागी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज त्यागी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **Case Reg. No. 261/2017, U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **पंकज त्यागी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री रीतिका जैन**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
उत्तर-पश्चिम, कोर्ट नंबर 105
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/12246/OD/2025(Court Matter)**



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 268 दिनांक 12.09.2025 धारा 140 (3) बी.एन.एस. & 84 J.J ACT थाना शहर सोनीपत जिला सोनीपत।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम- शिवानी।
पिता का नाम- हरिसिंह।
पता-गली नं. 3 देव नगर जिला सोनीपत।
उम्र- 15 वर्ष।
कद- 4'5" फुट।
हुलिया- रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें, पतला शरीर है।
पहनावा- लाल रंग का टोप काले रंग की जीन्स व पैरों में काले के सैन्डल पहने हुए।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.09.2025 को शिवानी पुत्री हरिसिंह वासी गली नं. 3 देव नगर जिला सोनीपत हरियाणा। बिना किसी को कुछ बताए घर से कहीं चली गयी है। अब तक घर वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना शहर सोनीपत नं.- 7419410532
अनुसंधान कर्ता सत्यनारायण मो. नं.-9812079417
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/3908/2026/38742/88/7 दि. 15.09.25


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।


**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मैट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज


## शब्द पहेली - 5990



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

**शब्द पहेली-5989 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | य | ह | ज | नी | ■ | फि | स | ल | ना | ■ |
| अ | ■ | क | हा | र | ■ | त | न | य | ■ | बु |
| ह | क | ■ | न | व | ■ | र | म | ■ | फ | न |
| म | म | ता | ■ | ता | क | त | ■ | चा | त | क |
| क | र | त | ब | ■ | म | ■ | त | ल | वा | र |
| ■ | ■ | ■ | ल | ह | र | दा | र | ■ | ■ | ■ |
| ला | व | ज | मा | ■ | बं | ■ | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | ■ | म | द | द | ■ | म | ग | न |
| वा | न | ■ | क | न | ■ | ह | म | ■ | न | म |
| ब | ■ | त | म | स | ■ | ली | ट | र | ■ | त |
| ■ | मे | ह | रा | ब | ■ | ज | र | ब | फ्त | ■ |



## खबर संक्षेप



### स्पष्ट होती है अक्षर की रणनीतिः सूर्यकुमार

**दुबई।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एशिया कप मैच में पाकिस्तान के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद हरफनमौला अक्षर पटेल की जमकर तारीफ की। उन्होंने बाएं हाथ के इस स्पिनर की बाएं हाथ के बल्लेबाजों से निपटने के लिए अभ्यास के दौरान किए गए अतिरिक्त प्रयास और बल्लेबाजी के प्रति उनकी स्पष्टता की भी सराहना की। अक्षर ने कुलदीप यादव (18 रन देकर तीन विकेट) के साथ मिलकर भारत को सात विकेट से जीत हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट लिए, जिनमें खतरनाक फखर जमां का विकेट भी शामिल है, जिनका बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड रहा है। सूर्यकुमार ने मैच के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि वह (अक्षर) काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं। वह काफी लंबे समय से भारतीय टीम का हिस्सा हैं। इसलिए वह अपना काम अच्छी तरह जानते हैं। उनकी रणनीति पूरी तरह से स्पष्ट होती है।'

### सिमंस बैंक ओपनः शीर्ष 20 में रेहान थॉमस



**फ्रेंक्लिन (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर रेहान थॉमस सिमंस बैंक ओपन में अच्छे प्रदर्शन के साथ संयुक्त 20वें स्थान पर रहे। दुबई में पले बढे 24 वर्ष के रेहान ने 11 अंडर पार स्कोर किया । इस प्रदर्शन से उन्हें 17000 से अधिक अमेरिकी डॉलर और महत्वूपर्ण अंक मिले। जाक बाउचोउ ने 23 अंडर पार 257 के स्कोर के साथ खिताब जीता।

### 9 दिसंबर से एफआईएच प्रो लीग का नया सत्र




**लुसाने।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग का 2025- 26 सत्र 9 दिसंबर से अर्जेंटीना और आयरलैंड में शुरू होगा, जिसमें दस मेजबान देशों में रिकॉर्ड 144 मैच खेले जाएंगे। लीग के सातवें सत्र में दो नई टीमें आयरलैंड महिला टीम और पाकिस्तान पुरुष टीम होगी जिन्हें एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2024 . 25 से प्रमोट किया गया है। पुरुष और महिला लीग की विजेता टीम सीधे 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। सत्र के पहले मैच में जर्मनी का सामना बेल्जियम पुरुष टीम से आयरलैंड में होगा जबकि पुरुष वर्ग की चैंपियन नीदरलैंड टीम पदार्पण करने वाली पाकिस्तानी टीम से खेलेगी।

### एएसआईपी सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष बने बत्रा

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ के पूर्व अध्यक्ष नरिंदर बत्रा को खेल उद्योग पेशेवरों के संघ (एएसआईपी) के सलाहकार बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है, जिसमें विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता



लंबी कूद की खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज भी शामिल है। एआईपीएल के प्रबंधन बोर्ड ने बैठक में सलाहकार बोर्ड के गठन को मंजूरी दी। सलाहकार बोर्ड भारतीय खेलों के इकोसिस्टम से जुड़े हर पेशेवर को एकजुट करने के एएसआईपी के मिशन के लिये रणनीतियां बनाएगा। एआईपीएस के अनुसार सलाहकार बोर्ड उच्च स्तरीय रणनीतिक रोडमैप और अग्रणी नीतियां तैयार करेगा, हितधारकों को जोड़ने पर सलाह देगा और वाणिज्यिक विकास पर मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इसके अलावा नई पहल, अनुसंधान पहलों और क्रॉस-सेक्टर साझेदारियों के लिए एक साउंडिंग बोर्ड के रूप में कार्य करेगा।

# बांग्लादेश का अफगानिस्तान के खिलाफ करो या मरो वाला मुकाबला आज

एजेंसी ▸▸ अबुधाबी

बल्लेबाजों के खराब फॉर्म से जूझ रहे बांग्लादेश को मंगलवार को एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी के करो या मरो वाले मुकाबले में स्पिन की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। लिटन दास की अगुवाई वाली टीम ने हांगकांग पर शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, लेकिन श्रीलंका से करारी हार के साथ उसकी लय टूट गई, जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गया। अफगानिस्तान (4.700) नेट रन रेट के आधार पर आगे है। श्रीलंका (2.595) ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर है, इसलिए बांग्लादेश (-0.650) को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए अपना अंतिम मैच हर हाल में जीतना होगा।

### अफगानिस्तान की टीम आत्मविश्वास से भरी

अफगानिस्तान ने इस टूर्नामेंट से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया था और उसकी टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। उसके पास उपयोगी बल्लेबाज हैं और उसका गेंदबाजी आक्रमण किसी भी टीम के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने की क्षमता रखता है। ऐसे में बांग्लादेश के लिए उससे पार पाना आसान नहीं होगा।

**एशिया कप :** बांग्लादेश को करना पड़ेगा अफगानिस्तान के स्पिनरों की चुनौती का सामना



### श्रीलंका के खिलाफ बांग्लादेश का शीर्ष क्रम विफल

बांग्लादेश की सबसे बड़ी चिंता उसकी बल्लेबाजी है। श्रीलंका के खिलाफ उसका शीर्ष क्रम बुरी तरह विफल रहा, जिसके बाद जैकर अली और शमीम हुसैन ने छठे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। एक बार फिर सभी की निगाहें कप्तान लिटन दास पर होंगी, जिन्होंने हांगकांग के खिलाफ अर्धशतक जड़ा था।अब उनका सामना अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान, अनुभवी मोहम्मद नबी, बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद और एएम गजनफर के मजबूत स्पिन आक्रमण से होगा, जो यहां की परिस्थितियों को देखते हुए किसी भी टीम के लिए सबसे अच्छा संयोजन होगा।

### संभावित टीमें

**बांग्लादेशः** लिटन दास (कप्तान, विकेटकीपर), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदयोय, जेकर अली, शमीम हुसैन, नुरुल हसन, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, मोहम्मद सैफुद्दीन।
**अफगानिस्तानः** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, दरविश रसूली, सेदिकुल्लाह अटल, अजमतुल्लाह उमरजई, करीम जनत, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, शराफुद्दीन अशरफ, मोहम्मद इशाक, मुजीब उर रहमान, अल्लाह गजनफर, नूर अहमद, फरीद मलिक, नवीन-उल-हक, फजलहक फारुकी।

### सारांश प्लेयर ऑफ द सीरीज और यश राठौड़ प्लेयर ऑफ द मैच बने

# सेंट्रल जोन ने जीता दलीप ट्रॉफी का खिताब पाटीदार ने 10 साल बाद टीम को बनाया विजेता

**सेंट्रल जोन ने फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराया**

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

सेंट्रल जोन ने फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराकर दलीप ट्रॉफी 2025 का खिताब जीत लिया। रजत पाटीदार और उनकी टीम को बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले गए मुकाबले के पांचवें दिन दो घंटे से भी कम समय में मैच अपने नाम कर लिया। सेंट्रल जोन ने पहले दिन से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और साउथ जोन को पहली पारी में महज 149 रनों पर ढेर कर दिया। सारांश जैन को प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। जबकि यश राठौड़ प्लेयर ऑफ द मैच बने। साउथ जोन को हराकर 11 साल के अंतराल के बाद दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन बनने का गौरव सेंट्रल जोन ने हासिल किया।



सेंट्रल जोन ने दलीप ट्रॉफी में अपना सातवां खिताब जीता

सेंट्रल जोन के सामने 65 रन का मामूली लक्ष्य था लेकिन साउथ जोन के गेंदबाजों ने उनके बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। लक्ष्य बहुत बड़ा नहीं था और ऐसे में सेंट्रल जोन को उसे हासिल करने में बहुत ज्यादा परेशानी नहीं हुई। अक्षय वाडकर (नाबाद 19 रन, 52 गेंद) और पहली पारी के शतकवीर यश राठौड़ (नाबाद 13 रन, 16 गेंद) तब क्रीज पर थे, जब मध्य क्षेत्र ने 20.3 ओवर में चार विकेट पर 66 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया और दलीप ट्रॉफी में अपना सातवां खिताब जीता।

### साउथ जोन के बॉलरों का रहा बोलबाला

बाएं हाथ के स्पिनर अंकित शर्मा ने दानिश मालेवार (05) को आउट किया। उनकी गेंद तेजी से घूमी और बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर मोहम्मद अजहरुद्दीन के पास पहुंची। बाद में उन्होंने सेंट्रल जोन के कप्तान रजत पाटीदार का विकेट भी लिया, जो जल्दबाजी में स्लॉग स्वीप खेलने के चक्कर में मिड-ऑन पर एमडी निधिश के हाथों कैच आउट हो गए। भारत ए टीम में शामिल किए गए तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने शुभम शर्मा और सारांश जैन (जिन्हें बाद में सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया) के विकेट चटकाए। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी राठौड़ और वाडकर ने इसके बाद सेंट्रल जोन को लक्ष्य तक पहुंचाया।

### पाटीदार का कप्तान के रूप में वर्ष का दूसरा खिताब

पाटीदार का कप्तान के रूप में यह इस वर्ष का दूसरा खिताब है। इससे पहले उन्होंने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत दिलाई थी और वह इससे काफी खुश हैं। उन्होंने मैच के बाद रजत ने कहा कि, हर कप्तान को ट्रॉफी जीतना पसंद होता है। हमारे खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में जबरदस्त जज्बा दिखाया और मैं इससे बहुत खुश हूं।

**क्रिकेट**

# सिराज के सिर सजा आईसीसी का अवॉर्ड, चुने गए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



एजेंसी ▸▸ दुबई

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के लिए अगस्त महीने का आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

आयरलैंड की महिला खिलाड़ी ओर्ला प्रेंडरगैस्ट को भी सिराज के साथ महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन किया, जिससे भारत ने यह मैच छह रन से जीत कर श्रृंखला बराबर कराई।

### रैंकिंग में भी हुआ फायदा

ओवल टेस्ट में मोहम्मद सिराज ने दोनों पारियों में कुल मिलाकर 46.3 ओवर गेंदबाजी की थी। बताते चलें कि सिराज एकमात्र भारतीय तेज गेंदबाज रहे, जो इंग्लैंड टूर पर सभी 5 टेस्ट मैचों में खेले थे। इस पूरी सीरीज में उन्होंने 185.3 ओवर गेंदबाजी की, जो सबसे ज्यादा रही। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 23 विकेट लेने के बाद सिराज को रैंकिंग में भी फायदा हुआ था। इस कमाल के प्रदर्शन के बाद वह टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में 15वें स्थान पर आ गए थे। दुनिया में नंबर 1 टेस्ट गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं।

### यूएई ने ओमान को हराकर सुपर चार में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी

**अबुधाबी।** खिताब के प्रबल दावेदार भारत ने सोमवार को यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की ओमान पर 42 रन की जीत के बाद एक मैच रहते एशिया कप के सुपर चार चरण के लिए क्वालीफाई कर लिया। भारत दो जीत से चार अंक के साथ वर्तमान में ग्रुप ए में शीर्ष पर है और 19 सितंबर को ओमान (दो मैचों में शून्य अंक) के खिलाफ खेलेगा। भारतीय टीम ओमान से हारने के बावजूद भी शीर्ष दो में रहेगी जिससे उसका सुपर चार के लिए क्वालीफाई करना तय है। ओमान से भारत का हारना असंभव है। पाकिस्तान और यूएई के बीच 17 सितंबर को होने वाले मैच से यह तय होगा कि भारत के अलावा ग्रुप ए से दूसरी टीम के रूप में सुपर चार में कौन जगह बनाता है।

**विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

# फाइनल की दौड़ से बाहर श्रीशंकर और पारुल



एजेंसी ▸▸ टोकियो

भारत के लंबी कूद के स्टार खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके और 14वें स्थान पर रहे।

तीसरी बार विश्व चैम्पियनशिप खेल रहे श्रीशंकर ग्रुप ए क्वालीफिकेशन दौर में तीन प्रयासों में सर्वश्रेष्ठ कूद 7.78 मीटर की ही लगा सके, जो पिछले तीन साल से अधिक समय में उनका सबसे खराब प्रदर्शन है। वह 37 प्रतियोगियों में 25वें स्थान पर रहे। स्वतः क्वालीफिकेशन का 8.15 मीटर का आंकड़ा छूने वाले या 12 सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगियों ने फाइनल में जगह बनाई। श्रीशंकर अमेरिका के यूजीन में 2022 में हुई विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर सातवें स्थान पर रहे थे। घुटने की चोट और सर्जरी के कारण वह पेरिस ओलंपिक समेत 2024 में अधिकांश टूर्नामेंटों से बाहर रहे थे। उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 8.41 मीटर है, जो उन्होंने 2023 में किया था।

### पारुल और अंकिता स्टीपलसचेस में नौवे ओर 11वें स्थान पर

राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी पारुल चौधरी और अंकिता ध्यानी महिलाओं की स्टीपलसचेस स्पर्धा में अपनी हीट में क्रमशः नौवे ओर 11वें स्थान पर रही। पारुल कुल 20वें और अंकिता 35वें स्थान पर रही। पारुल ने नौ मिनट 22.24 सेकंड का समय लिया जबकि उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड नौ मिनट 12.46 सेकंड का है। वह बुडापेस्ट में 2023 विश्व चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचकर दसवें स्थान पर रही थीं। अंकिता को चैपियनशिप में दूसरे देशों के कुछ एथलीटों के ऐन मौके पर नाम वापिस लेने के बाद जगह



मिली थी। उसने दस मिनट 03.22 सेकंड का समय लिया । पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी तेजस शिरसे आठ खिलाड़ियों की हीट में छठे स्थान पर रहकर फाइनल में नहीं पहुंच सके।

# लय कायम रखने उतरेंगे लक्ष्य और सात्विक-चिराग

एजेंसी ▸▸ शेनजेन (चीन)

हांगकांग ओपन के फाइनल तक पहुंचे लक्ष्य सेन और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में यह लय कायम रखने उतरेंगे। पिछले दो साल में पहले बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य का सामना यहां पहले दौर में फ्रांस के



टोमा जूनियर पोपोव से होगा। अलमोड़ा के 24 वर्ष के लक्ष्य पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद से कई टूर्नामेंटों में जल्दी बाहर होते आए हैं। उन्होंने हांगकांग ओपन में यह सिलसिला तोड़ा। उन्होंने कहा ,' मुझे अधिक आत्मविश्वास रखना होगा। पहले ही दिन से प्रक्रिया पर अडिग रहना होगा।'



**मलेशिया से पहले दौर में भारतीय जोड़ी का मुकाबलाः** आठवीं वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग इस सत्र में छह बार सेमीफाइनल में पहुंचे, विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य जीता और हांगकांग ओपन में उपविजेता रहे। एशियाई खेल चैंपियन जोड़ी हालांकि इस सत्र में खिताब नहीं जीत सकी है। उनका सामना पहले दौर में मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से होगा। पिछले 16 महीने में यह उनका पहला फाइनल था। सात्विक ने कहा,' हम जिस तरह से खेल रहे हैं, हम जीत सकते हैं।

**डेनमार्क की जूली से सिंधू की टक्करः** पिछले सप्ताह जापान के कोडाइ नराओका को हराने वाले आयुष शेट्टी का सामना चीनी ताइपै के छठी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन से होगा।

# भारतीय टीम के हाथ न मिलाने से बौखलाया पाक

**पाकिस्तान ने आईसीसी से की मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट की शिकायत**

**दुबई(एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2025 के मुकाबले में हाथ न मिलाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस मसले पर अब इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की शरण में पहुंच गया। पाकिस्तान की तरफ से मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट की शिकायत की गई है। पीसीबी ने आरोप लगाया कि मैच रेफरी ने आईसीसी की आचार संहिता तोड़ी है। उन्हें एशिया कप के बाकी मैचों से हटा दिया जाए। भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में टॉस के समय भी हाथ नहीं मिलाया और मैच समाप्ति के बाद भी ऐसा कुछ ही हुआ। इसके बाद नाराज होकर पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा पोस्ट मैच प्रजेंटेशन से दूर रहे।

### कौन है एंडी पायक्रॉफ्ट

पायक्रॉफ्ट जिम्बाब्वे के क्रिकेटर रहे हैं। उन्होंने 1983 से 1992 के बीच तीन टेस्ट और 20 वनडे मुकाबले खेले। बाद में वे जिम्बाब्वे ए टीम के कोच भी बने। 2009 में वह आईसीसी मैच रेफरी एलिट पैनल का हिस्सा बन गए थे।

### पाकिस्तानी टीम मैनेजमेंट ने दर्ज कराया विरोध

पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी जो संयोग से एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन भी हैं उन्होंने पायक्राफ्ट की शिकायत की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, पीसीबी ने आईसीसी के सामने मैच रेफरी की शिकायत की है, जिन्होंने आईसीसी आचार संहिता और खेल भावना को लेकर एमसीसी के नियम तोड़े। पीसीबी की मांग है कि एशिया कप से मैच रेफरी को फौरन हटा दिया जाए। इससे पहले पीसीबी की तरफ से एक बयान जारी किया गया था, जिसमें कहा था कि उनकी तरफ से मैच रेफरी को लेकर आधिकारिक शिकायत की गई है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद टोहाना | फतेहाबाद जिले में एमसी टोहाना के लीगेसी कचरे का एमसी भुना के एसडब्ल्यूएम प्लांट को हस्तांतरण + 4 कार्य (टोहाना)। | 08.09.2025 17.09.2025 | अनुमानित राशि रु. 148.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996614554 eo.tohana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38725/I/88/7 दि. 15.09.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में गांव जमाल में राजकीय पशु चिकित्सालय के पुनर्निर्माण हेतु डीएनआईटी (जीएसटी के बिना)। | 12.09.2025 24.09.2025 | 33.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 2 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह, हरियाणा में विद्युत, अग्निशमन सेवाओं समेत डीजल जनरेटर (डीजी) सैट्स के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु निविदा। | 16.09.2025 13.10.2025 | ईएमडी 4.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | न्यू ईस्माईला माइनर के विभिन्न आरडी पर क्षतिग्रस्त लाइनिंग पैच की मरम्मत + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 25.09.2025 | 14.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9464040970 xensampla@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज करनाल | गांव स्टाउंडी ब्लॉक मुनक, जिला करनाल में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण हेतु कच्चा लागत आकलन + 4 कार्य। | 13.09.2025 07.10.2025 | 197.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज करनाल | गांव भैणी खुर्द, ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में रिंकू पुत्र जीताराम के मकान से एमजीजीबीवाई कॉलोनी के अंत तक नाला के निर्माण हेतु आकलन, जैडपी + 4 कार्य। | 12.09.2025 23.09.2025 | 198.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव कुटैल, ब्लॉक घरौंडा, जिला करनाल (एचजीवीवाई) एचआरवाई में सामुदायिक केन्द्र (1-एकड़) का निर्माण + 2 कार्य। | 13.09.2025 26.09.2025 | 527.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज अम्बाला | एमपीएलएडी-गांव कोंकपुर, ब्लॉक अम्बाला-1 में डॉ. बीआर अम्बेडकर भवन के साथ लगते शैड का निर्माण + 1 कार्य। | 12.09.2025 18.09.2025 | 6.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज राजौंद | लोनिवि रोड से महिपाल पुत्र मान सिंह के मकान तक गली और ड्रेन की बड़ी मरम्मत। | 12.09.2025 17.09.2025 | 1.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/160/38731/I/88/7 दि. 15.09.25

नई दिल्ली में आयोजित 'सेव इंटरनेशनल 2025 वैल्यू समिट' में बोले केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री

# भारत का लक्ष्य वैश्विक ऑटोमोबाइल विनिर्माण में पहला स्थान हासिल करना हैः गडकरी

**कहा, भारत ने पहले ही हाइड्रोजन ट्रक लॉन्च कर दिए हैं और दस मार्गों पर पायलट परियोजनाएं चल रही हैं**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित 'सेव इंटरनेशनल 2025 वैल्यू समिट' में कहा कि भारत अब जापान को पीछे छोड़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाज़ार बन गया है और सरकार अगले पांच वर्षों में इसे पहले स्थान पर लाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख वैश्विक ऑटोमोबाइल ब्रांड अब भारत में मौजूद हैं, जिनका ध्यान केवल असेंबलिंग करने से हटकर भारत से पूरे विश्व में वाहन निर्यात पर केंद्रित हो गया है। गडकरी ने कहा कि भारत का दोपहिया क्षेत्र ही अपने उत्पादन का 50 प्रतिशत से अधिक निर्यात करता है, जो वैश्विक स्तर पर देश की बढ़ती वाहन उपस्थिति दर्ज कर रहा है।

गडकरी ने स्वच्छ परिवहन के मुद्दे पर इलेक्ट्रिक वाहनों, हाइड्रोजन ईंधन और वैकल्पिक ईंधनों में भारत की अग्रणी भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत ने पहले ही हाइड्रोजन ट्रक लॉन्च कर दिए हैं और दस मार्गों पर पायलट परियोजनाएं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य हरित परिवहन में वैश्विक नेतृत्व स्थापित करना है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग



मंत्री ने कहा कि टाटा मोटर्स, अशोक लीलैंड, रिलायंस और इंडियन ऑयल जैसी कंपनियों के सहयोग से, सरकार ने हाइड्रोजन बुनियादी ढांचे को तीव्रता से आगे बढ़ाने के लिए 600 करोड़ रुपये का अनुदान दिया है। उन्होंने आइसोब्यूटानॉल और बायो-बिटुमेन जैसे नए ईंधन विकल्पों की प्रगति का भी उल्लेख किया, जिनका अभी सक्रिय परीक्षण चल रहा है।

गडकरी ने कहा कि भारत के सड़क बुनियादी ढांचे में भी परिवर्तनकारी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि भारत में अब विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क मौजूद है। इससे यात्रा समय में काफ़ी कमी आई है। उदाहरण के लिए पानीपत से दिल्ली हवाई अड्डे तक पहुंचने में अब तीन घंटे की बजाय सिर्फ़ 35 मिनट लगते हैं। उन्होंने कहा कि चेन्नई-बेंगलुरु एक्सप्रेसवे और 23,000 करोड़ रुपये की लागत से बेंगलुरु रिंग रोड जैसी प्रमुख परियोजनाएं सड़क सम्पर्क को पुनः परिभाषित करेंगी और शहरी भीड़भाड़ को काफी कम कर देंगी। उन्होंने कहा कि हम कचरे को संपदा में बदल रहे हैं और इस सिलसिले में गाजीपुर लैंडफिल से 80 लाख टन से अधिक मात्रा में कचरे का इस्तेमाल सड़क निर्माण में किया गया है।

उन्होंने कहा कि इससे कूड़े के पहाड़ की ऊंचाई पहले ही सात मीटर कम हो गई है। श्री गडकरी ने चावल के भूसे से बने बायो-बिटुमेन के सफल परीक्षणों का उल्लेख किया, जिसने पेट्रोलियम-आधारित बिटुमेन से बेहतर परिणाम मिले है और पराली (फसल अवशेष) जलाने की घटनाएं सीमित करने में सहायता मिली है।

टैरिफ युद्ध के बीच मॉस्को का बयान

# भारत और रूस के संबंधों को तोड़ने के प्रयास होंगे 'विफल'


फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस से तेल खरीदने और यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने का आरोप लगाकर अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। इतना ही नहीं अमेरिका द्वारा जी7 देशों पर भी दबाव बनाया जा रहा है कि वे रूस से तेल खरीदने के लिए भारत के सामान पर भारी-भरकम टैरिफ लगाएं। इसे लेकर रूस ने बयान जारी किया है और कहा है कि भारत और रूस के संबंध समय की कसौटी पर खरे उतर चुके हैं और लगातार आगे बढ़ रहे हैं। रूस ने चेतावनी दी कि दोनों देशों को संबंधों को तोड़ने की हर कोशिश विफल होगी। रूसी विदेश मंत्रालय ने ट्रंप के टैरिफ दबाव के बावजूद भारत के अडिग रुख की तारीफ की। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत का यह रुख भारत-रूस की दोस्ती की उस भावना और परंपरा में निहित है, जो अंतरराष्ट्रीय मामलों में रणनीतिक स्वायतत्ता को प्रदर्शित करता है। मॉस्को ने कहा कि भारत-रूस की साझेदारी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की सर्वोच्चता को प्राथमिकता देती है।

वल्मीकि कॉर्पोरेशन घोटाला

# पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र पर फंड घोटाले का आरोप, सीबीआई ने 16 ठिकानों पर मारे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक में अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग से जुड़े बहुचर्चित वल्मीकि कॉर्पोरेशन घोटाले में सीबीआई ने आज, सोमवार को कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में 16 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई उस मामले से जुड़ी है जिसमें सरकारी धन को निजी खातों में ट्रांसफर कर घोटाले का आरोप है। भारी भ्रष्टाचार, खुलेआम सरकारी धन की लूट हुई, मामले में मुख्य आरोपी हैं तत्कालीन मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बी. नागेंद्र। मामले ने अब सियासी तूल पकड़ लिया है। बेंगलुरु से दिल्ली तक हंगामा बरपा है। सीबीआई ने नागेंद्र पर शिकंजा कस दिया है।



### न्यायालय की निगरानी में जांच

16 नवंबर, 2024 को भाजपा विधायक बसनगौड़ा आर. पाटिल ने कर्नाटक उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका (संख्या 31101/2024) दायर की थी। याचिका में सीबीआई से कोर्ट के समक्ष फाइनल रिपोर्ट पेश करने और जांच के दौरान अंतरिम रिपोर्ट जमा करने की मांग की गई। तब से कर्नाटक उच्च न्यायालय इस मामले की सीधे निगरानी कर रहा है। अब तक सीबीआई अदालत में चार स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर चुकी है।

### मामले की पृष्ठभूमि

यह मामला कर्नाटक महार्षि वल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड से जुड़ा है। ये राज्य सरकार का उपक्रम है। 03 जून, 2024 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के डीजीएम द्वारा लिखित शिकायत के आधार पर सीबीआई ने केस दर्ज किया था। आरोप है कि 21 फरवरी 2024 से 06 मई 2024 के बीच 84.63 करोड़ रुपये निगम के खाते से अवैध रूप से ट्रांसफर/निकाले गए। यह खाता यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एमजी रोड ब्रांच, बेंगलुरु में संचालित होता है।

### जांच में सामने आई नई गड़बड़ियाँ

सीबीआई की जांच में यह भी सामने आया कि घोटाला सिर्फ वल्मीकि कॉर्पोरेशन तक सीमित नहीं है। अन्य विभागों और संस्थानों से भी धन का दुरुपयोग हुआ। अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग का प्रशासनिक नियंत्रण उस समय के अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री बी. नागेंद्र के पास था। 2.17 करोड़ विभाग के खाते (बैंक ऑफ बड़ौदा, सिद्धैया रोड ब्रांच, बेंगलुरु) से फर्जी कंपनियों जैसे एम/एस एसकेआर इन्फ्रास्ट्रक्चर और एम/एस गोल्डन एस्टैब्लिशमेंट के जरिए एम/एस धनलक्ष्मी एंटरप्राइजेज में ट्रांसफर किए गए। यह कंपनी नागेंद्र के करीबी सहयोगी नेक्कांति नागराज की थी। इन पैसों में से करीब 1.20 करोड़ नागेंद्र के करीबी रिश्तेदारों-बहन, बहनोई और पर्सनल असिस्टेंट-के खातों में पहुँचाए गए। कर्नाटक जर्मन टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट 64 लाख रुपए का फंड इसके खाते (कैनरा बैंक, विल्सन गार्डन, बेंगलुरु) से निकाला गया। पैसा पहले एम/एस सद्गुरु एजुकेशन ट्रस्ट और एम/एस सद्गुरु सॉल्यूशंस के जरिए एम/एस स्किलपॉइंट ट्रेनिंग तक गया। वहाँ से रकम एम/एस स्टाइल मशीन और अंततः नागराज के भाई एन. रविकुमार और भतीजे एन. यशवंत चौधरी तक पहुँची।

### सीबीआई की ताज़ा कार्रवाई

सीबीआई ने 15 सितंबर, 2025 को कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में 16 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। इन छापों में कई दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड और बैंकिंग लेनदेन से जुड़े सबूत बरामद किए गए। अदालत की अनुमति से सीबीआई अब इन अतिरिक्त गड़बड़ियों की भी जांच कर रही है।

### राजनीतिक महत्व

वल्मीकि कॉर्पोरेशन का उद्देश्य अनुसूचित जनजातियों के लिए कल्याणकारी योजनाएँ चलाना और विकास कार्य करना है। लेकिन आरोप है कि इस निगम और संबद्ध विभागों से करोड़ों रुपये मंत्री और उनके सहयोगियों के निजी खातों में भेजे गए। यह घोटाला कर्नाटक की राजनीति में बड़ा मुद्दा बन चुका है, क्योंकि इसमें जनजातीय कल्याण के लिए आवंटित फंड के दुरुपयोग की बात सामने आई है। बहरहाल, वल्मीकि कॉर्पोरेशन घोटाले ने सरकारी फंड प्रबंधन और राजनीतिक जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला अब केवल एक वित्तीय अनियमितता नहीं रह गया है, बल्कि इसमें सत्ता के दुरुपयोग और कमजोर तबके के कल्याण के नाम पर धन की लूट का आरोप भी जुड़ गया है। उच्च न्यायालय की निगरानी में चल रही जांच से आने वाले दिनों में और बड़े खुलासों की संभावना है।

# हजारीबाग में नक्सलियों पर बड़ी कार्रवाई 1 करोड़ इनामी सहदेव सोरेन मारा गया

*गृह मंत्री अमित शाह ने सीआरपीएफ और राज्य पुलिस की सराहना की, बोले- "जल्द ही पूरा देश नक्सलवाद से मुक्त होगा"*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

झारखंड के हजारीबाग जिले में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल की कोबरा बटालियन और राज्य पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आज एक बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने 1 करोड़ के इनामी और भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय कमिटी के सदस्य सहदेव सोरेन उर्फ परवेश को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। इस अभियान में दो अन्य इनामी नक्सलियों को भी मार गिराया गया। रघुनाथ हेम्ब्रम उर्फ चंचल, बिहार-झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी सदस्यों सिर पर 25 लाख रुपए का इनाम था जबकि बीरसेन गांझू उर्फ रामखेलावन, जोनल कमेटी सदस्य पर इनाम 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था।



### गृहमंत्री अमित शाह की प्रतिक्रिया

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस सफलता पर सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा,"आज हजारीबाग में कोबरा बटालियन और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम को एंटी-नक्सल ऑपरेशन में बड़ी कामयाबी मिली है। करोड़पति इनामी सहदेव सोरेन समेत दो अन्य कुख्यात नक्सलियों को ढेर कर दिया गया है। इस ऑपरेशन के बाद उत्तरी झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हो गया है। जल्द ही पूरा देश नक्सलवाद की समस्या से मुक्त होगा।

### नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक कदम

गृह मंत्रालय के अनुसार, यह कार्रवाई नक्सल प्रभावित झारखंड और बिहार के सीमावर्ती इलाकों में नक्सली गतिविधियों पर निर्णायक प्रहार है। विशेषज्ञों का मानना है कि सहदेव सोरेन की मौत से संगठन को बड़ा झटका लगेगा क्योंकि वह केंद्रीय कमिटी का सक्रिय सदस्य था और नक्सली नेटवर्क को नए सिरे से खड़ा करने की रणनीति पर काम कर रहा था।

### नक्सलवाद पर लगाम

इस ऑपरेशन के साथ ही उत्तरी झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद पूरी तरह खत्म हो जाने का दावा किया जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियों को उम्मीद है कि यह कार्रवाई आने वाले महीनों में नक्सल प्रभावित अन्य इलाकों में भी मनोबल बढ़ाएगी।




# नेपाल में 3 मंत्रियों ने ली शपथ, 5 मार्च तक होंगे चुनाव

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में पीएम सुशीला कार्की ने सोमवार को मंत्रिमंडल का विस्तार किया। मंत्री के रूप में रामेश्वर खनाल, ओमप्रकाश अर्याल और कुलमान घीसिंग को शपथ दिलाई गई। पूर्व मुख्य न्यायाधीश और अंतरिम पीएम सुशीला कार्की के पास अगले साल 5 मार्च तक नए चुनाव कराने और पीएम के लिए पद खाली करने का समय है, जिसका चुनाव संसद द्वारा किया जाएगा।



खनाल वित्त मंत्री, अर्याल गृह मंत्री और कुलमान घीसिंग ऊर्जा मंत्री बने। अर्याल के पास कानून मंत्रालय की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी रहेगी। घीसिंग के पास भी ऊर्जा के अलावा भौतिक पूर्वाधार, यातायात व शहरी विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी है। खनाल आर्थिक सुधार सुझाव आयोग के अध्यक्ष रह चुके हैं। वह पूर्व सचिव भी रह चुके हैं।

अर्याल पेशे से वकील हैं। घीसिंग नेपाल विद्युत प्राधिकरण के पूर्व कार्यकारी निदेशक हैं। ओली सरकार में उन्हें बर्खास्त कर दिया गया था। उनका नाम पीएम पद को लेकर भी चर्चा में था।

*दुनियाभर के 40 से अधिक देशों की नौसेनाएं कर रही हैं इस युद्धाभ्यास में भागीदारी*

# सिंगापुर में शुरू हुआ एक्सपीआर-25 अभ्यास, चांगी पहुंचा निस्तार पोत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के कई भागों में जारी सैन्य संघर्षों, दक्षिण-चीन सागर में चीन की आक्रामकता और अमेरिकी टैरिफ की वजह से मची हुई आर्थिक उथल-पुथल के बीच सोमवार से सिंगापुर में बहुराष्ट्रीय अभ्यास पैसिफिक रीच-2025 (एक्सपीआर-25) की शुरुआत हो गई है। जिसमें भाग लेने के लिए भारतीय नौसेना का नवीनतम और स्वदेशी रूप से डिजाइन के साथ निर्मित डाइविंग सपोर्ट जहाज (डीएसवी) आईएनएस निस्तार सिंगापुर के चांगी नौसैन्य अड्डे पर पहुंच गया है।

नौसेना ने 15 सितंबर को जारी एक बयान में बताया कि बीते रविवार को बल के पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग की कमान और नियंत्रण में तैनात निस्तार



जहाज सिंगापुर पहुंचा है। जहां पर यह दो चरणों (बंदरगाह और समुद्री) में आयोजित किए जा रहे एक्सपीआर युद्धाभ्यास में भाग ले रहा है। इस वर्ष इस अभ्यास में कुल करीब दुनिया के 40 से अधिक देशों की नौसेनाएं भाग ले रही हैं। जिसमें किसी देश की युद्धाभ्यास में अपने नौसैन्य बेड़े के साथ प्रत्यक्ष भागीदारी है। जबकि कुछ पर्यवेक्षक के रूप में इसमें शामिल हो रहे हैं। अभ्यास सप्ताह भर तक चलेगा और इसके बंदरगाह चरण में पनडुब्बी बचाव प्रणालियों पर गहन चर्चा, विषय विशेषज्ञ आदान-प्रदान, चिकित्सा संगोष्ठी और भागीदार देशों के बीच क्रॉस डेक दौरे शामिल होंगे। जबकि समुद्री चरण में निस्तार और एसआरयू (ई) दक्षिण चीन सागर में भागीदार परिसंपत्तियों के साथ कई हस्तक्षेप और बचाव कार्यों में भाग लेंगे।

### 18 जुलाई 2025 को कमीशन हुआ निस्तार

निस्तार जहाज नौसेना में इसी साल 18 जुलाई को कमीशन किया गया था। जो जहाज निर्माण में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में देश की प्रगति का एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करता है। इसमें 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। अपने साइड स्कैन सोनार, कार्य, अवलोकन श्रेणी के आरओवी और विस्तृत गहरे समुद्र में गोताखोरी प्रणालियों के साथ निस्तार डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू व्हीकल के लिए मदरशिप की भूमिका निभाएगा। यह जहाज समुद्र में 650 मीटर की गहराई तक बचाव कार्यों में सक्षम हैं। जिसके साथ भारत उन देशों के विशिष्ट समूह में शामिल हो गया है। जो समर्पित पनडुब्बी बचाव प्रणाली संचालित करते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109